ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ... ▸10 | वन नेशन, वन इलेक्शन संविधान को खत्म... ▸02 | हिना को गूगल पर... ▸08






# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित
वर्ष : 2, अंक : 243
मूल्य ₹ 3 मात्र
पृष्ठ संख्या 12

धनबाद, शनिवार 14 दिसंबर 2024, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 14 संवत 2081


# ईडी, सीबीआई, आईटी पर लगाम लगाने की तैयारी में हेमंत सरकार

कौशल आनंद। रांची

- झारखंड में अबतक हुई ईडी की कार्रवाई और आरोपों की जांच होगी
- फैक्ट फाइडिंग कमेटी करेगी ईडी के आरोपों की जांच, एसओपी तैयार




प्रचंड बहुमत के साथ दोबारा सत्ता में आयी हेमंत सरकार ने अब एक नया बड़ा फैसला लिया है. हेमंत सोरेन सरकार अब ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स सहित अन्य केंद्रीय एजेंसियों पर लगाम लगाने की तैयारी में है. सरकार अब झारखंड में हुई ईडी की कारवाई और आरोपों की जांच कराएगी. फैक्ट फाइडिंग कमेटी अब इसकी जांच करेगी. इसे लेकर सरकार ने एसओपी तैयार कर लिया है. सरकार की ओर से मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने तैयार एसओपी जारी किया है. इसके अनुसार अब ईडी सहित सभी केंद्रीय एजेंसियों द्वारा किसी अधिकारी-कर्मी या किसी व्यक्ति पर कोई आरोप लगा कर सरकार से सूचनाएं मांगी जाएगी, तो उन आरोपों की विस्तृत जांच करायी जाएगी. राज्य सरकार ने इसके लिए मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय निगरानी विभाग के विशेष सचिव, अपर सचिव की अध्यक्षता में तथ्य जांच समिति गठित की है.

**समिति जांच कर परामर्श देगी :** जांच समिति प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पीएमएलए 2002 की धारा-662 एवं अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा लगायी गयी धाराओं के तहत मांगी गयी सूचना के वैधानिक पक्ष को समझने, मांगी गयी संदर्भित सूचना फांइडआउट करने तथा जिस पदाधिकारी, व्यक्ति के विषय में सूचना मांगी जा रही है, उनके द्वारा किस लॉ का वॉयलेशन किया गया है और इसमें किस प्रकार की विधिक, कानूनी कार्रवाई की जानी अपेक्षित है, इन बिंदुओं पर विचार कर उचित परामर्श देगी. मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा संगत प्रावधानों के अधीन दर्ज मामलों में यथोचित कार्रवाई करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का गठन किया है. कैबिनेट सचिव वंदना दादेल के हस्ताक्षर से इससे संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी गयी है.

### अब तक14 मामले मंत्रिमंडल सचिवालय के पास, अन्य विभागों से भी पत्र मिल रहे

प्रवर्तन निदेशालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा पीएमएलए, 2002 की धारा-66(2) के तहत कई मामलों में कार्रवाई की जा रही है. ये मामले विभिन्न विभागों/पदाधिकारियों से संबंधित हैं. पीएमएलए 2002 की धारा-66 (2) के तहत दर्ज मामलों (कुल-14) का विवरण पहले ही संबंधित विभाग को प्राप्त हो चुका है. इसके अतिरिक्त, विभिन्न विभागों/पदाधिकारियों द्वारा भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में दर्ज मामलों में कार्रवाई की जानकारी दी गई है. साथ ही, आयकर विभाग एवं अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा भी विभिन्न मामलों में कार्रवाई के संदर्भ में राज्य सरकार से सूचना की अपेक्षा की जाती है या आवश्यक कार्रवाई के लिए राज्य सरकार से अनुरोध किया जाता है.

### फैक्ट फाइडिंग कमेटी में होंगे ये सदस्य

- विशेष सचिव/अपर सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) अध्यक्ष
- **संबंधित प्रशासी विभाग द्वारा नामित पदाधिकारी जो संयुक्त सचिव स्तर का हो- सदस्य**
- विधि विभाग द्वारा नामित परामर्शी, विधि पदाधिकारी-सदस्य
- **एसीबी द्वारा नामित पुलिस पदाधिकारी जो पुलिस अधीक्षक के समकक्ष- सदस्य.**

## न्यूज इन ब्रीफ




### हाइब्रिड मॉडल पर ही होगी चैंपियंस ट्रॉफी, लगी मुहर

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 को 'हाइब्रिड मॉडल' पर कराने की मंजूरी दे दी है. अब ये टूर्नामेंट पाकिस्तान और दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) में कराया जाएगा. इसे लेकर बीसीसीआई और पीसीबी के बीच समझौता भी हुआ है. अब भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगी. जबकि टूर्नामेंट का बाकी हिस्सा पाकिस्तान में आयोजित होगा.

### 77 भारतीयों को सीरिया से बाहर निकाला गया

**नयी दिल्ली।** सीरिया में तख्तापलट के बाद वहां से भारतीयों को निकालना जारी है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बताया कि सीरिया से भारतीय को निकाला जा रहा है. 77 भारतीयों को सड़क मार्ग से सीरिया से बाहर निकाला गया है. कनाडा से सिखों के भारत आने वाले लोगों पर भारतीय वीजा के मामले में विदेश मंत्रालय का दो टूक बयान दिया है. रणधीर जायसवाल ने कहा कि किसे वीजा देना है या नहीं, यह भारत का संप्रभु अधिकार है.

### आज फिर दिल्ली कूच करेंगे किसान

**नयी दिल्ली।** अपनी मांगों के समर्थन में हरियाणा-पंजाब शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने शनिवार को फिर से दिल्ली कूच का ऐलान किया है. शंभू बॉर्डर पर किसान नेताओं ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया. किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि आंदोलन को चलते हुए 306 दिन हो गए. जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को 18 दिन हो गए हैं. शनिवार को शंभू बॉर्डर से 101 किसानों का जत्था दिल्ली की ओर दोपहर 12 बजे रवाना होगा.

### एक्टर मोहन बाबू की याचिका हुई खारिज

**चेन्नई।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री के कलाकार मोहन बाबू को पत्रकार से मारपीट करने के मामले में शुक्रवार को हाई कोर्ट ने मोहन बाबू की जमानत याचिका खारिज कर दी है. पत्रकार रंजीत पर हमले के मामले में मोहन बाबू ने जमानत के लिए हाई कोर्ट में लंच मोशन याचिका दायर की थी, लेकिन अदालत ने उसे खारिज कर दिया है. पुलिस ने मोहन बाबू के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 109 के तहत केस दर्ज की है. हमले के करीब दो दिन बाद भी पुलिस ने अभी तक मोहन बाबू को गिरफ्तार नहीं किया है.

**प्रयागराज :** पीएम ने दी 5500 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

# कुंभ में होगा एकता का महायज्ञ : नरेंद्र मोदी

एजेंसी। प्रयागराज

### प्रयागराज वह धरती है जहां धर्म, अर्थ, कम और मोक्ष सुलभ है



**167 विकास परियोजनाओं का किया गया लोकार्पण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 5500 करोड़ रुपये की 167 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया. इस दौरान प्रधानमंत्री पूरी तरह से कुंभ के रंग में रंगे दिखे. उन्होंने संबोधन में कई श्लोक के जरिए प्रयागराज और कुंभ की महिमा का बखान किया. प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ से एकता का संदेश निकलेगा, भाषा, जाति और क्षेत्र का कोई भेद नहीं होगा. यहां सब एक होंगे. प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर मुझे इस महाकुंभ का वर्णन करना हो तो मैं कहूंगा कि एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी. हमारा भारत पवित्र नदियों और तीर्थस्थलों का देश है. इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, उनका संगम, उनका समुच्चय, संयोग, प्रभाव प्रताप प्रयाग है.

श्लोक के साथ प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं सभी दैवीय शक्तियां प्रयाग में आ जाती हैं. प्रयागराज की प्रशंसा वेदों में भी किया गया है. उन्होंने प्रयाग के पवित्र स्थलों का जिक्र करते हुए गुणगान किया. यह वह धरती है जहां धर्म, अर्थ, कम और मोक्ष सुलभ है. मुझे आशीर्वाद है कि यहां बार-बार आने का सौभाग्य मिलता है. आज हमने लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन किया. अक्षय वट का पूजन किया. इन दोनों स्थलों पर कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है. यहां हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है. आप सबको इसके लिए बधाई देता हूं. प्रधानमंत्री ने कहा कि सैकड़ों साल की गुलामी का कालखंड रहा हो या कोई अन्य विपरीत परिस्थिति, आस्था का यह प्रवाह कभी नहीं रुका.

### विकास के साथ-साथ विरासत को भी समृद्ध बनाने पर फोकस

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ का इतना महत्व होने के बावजूद पहले की सरकारों में इस पर ध्यान नहीं दिया गया. श्रद्धालु कष्ट उठाते रहे लेकिन उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा. उनका सनातन भारतीय संस्कृति से लगाव नहीं था. आज की डबल इंजन की सरकार संस्कृति और सभ्यता को महत्व देने वाली हैं. इसलिए हजारों करोड़ की परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं. अयोध्या, वाराणसी, लखनऊ, रायबरेली से कनेक्टविटी को बेहतर किया गया है. हमारी सरकार ने विकास के साथ-साथ विरासत को भी समृद्ध बनाने पर फोकस किया है. आज देश के अलग-अलग हिस्सों में बौद्ध सर्किट, रामायण सर्किट जैसे अन्य सर्किट विकसित किए जा रहे हैं.

# सीएम हेमंत सोरेन ने कल्पना के साथ बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की



**देवघर।** झारखंड के मुख्यमंत्री बनने के बाद हेमंत सोरेन शुक्रवार को देवघर पहुंचे. उनके साथ उनकी पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन भी थीं. मुख्यमंत्री के पुश्तैनी पुरोहित झारखंडी पंडा ने विधि-विधानपूर्वक मंत्रोच्चार के साथ के साथ कामना लिंग की पूजा-अर्चना करायी. मुख्यमंत्री ने झारखंडवासियों के कल्याण की कामना की. वैदिकों की टोली ने मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी को षोडशोपचार विधि से पूजा करायी. मुख्यमंत्री और कल्पना सोरेन ने बाबा बैद्यनाथ के अलावा माता पार्वती समेत अन्य मंदिरों में भी माथा टेका. मुख्यमंत्री के साथ झामुमो के नेता अजय नारायण मिश्रा, सूरज मिश्रा, प्रकाश नरौने, कांग्रेस नेता रविंद्र मिश्रा उर्फ दद्दू, पंडा धर्मरक्षिणी सभा के महामंत्री निर्मल झा, अरूणानंद झा, चंद्रशेखर खवाड़े, संजय मिश्रा थे इससे पहले देवघर पहुंचने पर सारठ के विधायक उदय शंकर सिंह, संथालपरगना के आयुक्त लालचंद दादेल, संथालपरगना आईजी क्रांति कुमार, डीआईजी संजीव कुमार, उपायुक्त विशाल सागर और एसपी ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया.

पेज 5 भी देखें

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा में दिया पहला संबोधन

# आज संविधान के मूल्यों पर हमला हो रहा

एजेंसी। नयी दिल्ली



**बोलीं प्रियंका**

- संविधान ने हर नागरिक को समान अधिकार और अवसर प्रदान किए हैं
- सत्ता पक्ष ने संविधान के सिद्धांतों का पालन नहीं किया

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा में भारत के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर अपना पहला संबोधन दिया. इसमें उन्होंने संविधान के महत्व को उजागर किया और सत्ता पक्ष पर कड़े आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि संविधान ने हर नागरिक को समान अधिकार और अवसर प्रदान किए हैं, लेकिन आज कुछ घटनाएं इस विचारधारा के खिलाफ जा रही हैं. प्रियंका गांधी ने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के संभल और हाथरस की घटनाओं का उल्लेख किया और बताया कि उन्होंने वहां के शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की थी. एक घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, संभल के शोक संतप्त परिवारों के कुछ लोग हमसे मिलने आए थे. उनमें दो बच्चे भी थे- अदनान और उज़ैर, जिनमें से एक मेरे बेटे की उम्र का था और दूसरा छोटा था. उनके पिता, जो एक दर्जी थे, का सपना था कि वे अपने बच्चों को शिक्षित करें, और उनका एक बेटा डॉक्टर बने. लेकिन पुलिस ने उनके पिता को गोली मारकर हत्या कर दी. 17 वर्षीय अदनान ने मुझसे कहा कि वह बड़ा होकर डॉक्टर बनेगा और अपने पिता के सपने को साकार करेगा. यह सपना और आशा उसके दिल में भारत के संविधान द्वारा पैदा की गई थी.

प्रियंका गांधी ने आगे कहा कि आज संविधान के मूल्यों पर हमला हो रहा है और इसके प्रति सम्मान की भावना कमजोर हो गई है. उन्होंने अडानी के मुद्दे पर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष ने संविधान के सिद्धांतों का पालन नहीं किया है. उनके इस भाषण ने लोकसभा में गहरी छाप छोड़ी और भारतीय संविधान के महत्व को पुनः स्थापित करने का प्रयास किया.

### बीपीएससी अभ्यर्थी को पटना के डीएम ने जड़ा थप्पड़, हंगामा

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा खत्म होने के बाद से अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा किया. पटना के बापू धाम एग्जाम सेंटर पर परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों ने परीक्षा में धांधली और पेपर लीक का गंभीर आरोप लगाया है. हंगामे की जानकारी मिलते ही डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह परीक्षा सेंटर पहुंचे, जहां उन्होंने एक अभ्यर्थी को थप्पड़ जड़ दिया. दरअसल, पटना के बापू धाम एग्जाम सेंटर पर 11 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी बीपीएससी 70वीं प्रीलिम्स परीक्षा देने पहुंचे. परीक्षा खत्म होने के बाद अभ्यर्थियों ने हंगामा कर दिया. अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि पेपर की सील पहले से खुली हुई थी, पेपर आधे घंटे की देरी से मिला. वहीं कुछ अभ्यर्थियों ने पेपर लीक का भी आरोप लगाया.

मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन का नयी दिल्ली में हुआ शुभारंभ

# केंद्र-राज्य के बीच संवाद और मजबूत होगा

एजेंसी। नयी दिल्ली

चौथे मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन का शुक्रवार को नयी दिल्ली में शुभारंभ हुआ. इस सम्मेलन का उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच सहकारी संवाद को मजबूत करना, समग्र विकास और प्रगति की दिशा में समन्वय स्थापित करना है. झारखंड सरकार की ओर से मुख्य सचिव अलका तिवारी ने इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में भाग लिया. उनके साथ प्रधान सचिव योजना मस्त राम मीना, सचिव ग्रामीण विकास के श्रीनिवासन, और सचिव उद्योग विभाग जीतेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे.

**सम्मेलन का उद्देश्य और मुख्य एजेंडा :** इस सम्मेलन का आयोजन केंद्र और राज्यों के साझा विकास एजेंडा को तैयार करने और उसकी दिशा तय करने के लिए किया जाता है. कौशल आधारित रोजगार सृजन,समाज के बड़े हिस्से को विकास लाभ से जोड़ना,श्रेष्ठ कार्य प्रणालियों की स्थापना

**झारखंड का योगदान :** झारखंड के प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में राज्य की वर्तमान योजनाओं, उपलब्धियों, और विकास की प्राथमिकताओं को प्रस्तुत किया. झारखंड सरकार की टीम ने विशेष रूप से कौशल विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता के प्रोत्साहन, और उद्योग क्षेत्र में नवीन प्रयासों के बारे में चर्चा की.

**प्रधानमंत्री और नीति आयोग की सहभागिता :** सम्मेलन में प्रधानमंत्री, नीति आयोग के अधिकारी, केंद्रीय मंत्रालयों के प्रतिनिधि, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के शीर्ष अधिकारी, और विषय विशेषज्ञों ने विचार-विमर्श किया.

### झारखंड की योजनाओं और उपलब्धियों को रखा



**रांची।** चौथे मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन झारखंड सरकार की ओर से मुख्य सचिव अलका तिवारी ने भाग लिया. उनके साथ प्रधान सचिव योजना मस्त राम मीना, सचिव ग्रामीण विकास के श्रीनिवासन सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे. अलका तिवारी ने झारखंड के प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में राज्य की वर्तमान योजनाओं, उपलब्धियों, और विकास की प्राथमिकताओं को प्रस्तुत किया. झारखंड सरकार की टीम ने विशेष रूप से कौशल विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता के प्रोत्साहन, और उद्योग क्षेत्र में नवीन प्रयासों के बारे में चर्चा की.

# एक दिन में ही अल्लू अर्जुन गिरफ्तार हिरासत में गए, जमानत भी मिल गई

संवाददाता। हैदराबाद



### अल्लू अर्जुन पर क्या है आरोप?

अल्लू अर्जुन पर आरोप है कि 4 दिसंबर को वह संध्या थिएटर में अपनी फिल्म 'पुष्पा 2' के प्रीमियर पर बिना बताए पहुंच गए. इस कारण वहां भगदड़ मच गई. भारी भीड़ थिएटर में घुसने की कोशिश करने लगी. इसमें 39 वर्षीय महिला रेवती और उसका बेटा दब गए. दोनों बेहोश हो गए. पुलिस जब रेवती और उसके बेटे को अस्पताल ले गई, तो डॉक्टरों ने रेवती को मृत घोषित कर दिया. बेटे की हालत नाजुक है.

साउथ सुपर स्टार अल्लू अर्जुन के लिए शुक्रवार का दिन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा. पहले पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया. फिर दिनभर मामले की सुनवाई हुई. निचली अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया. फिर शाम होते-होते हाईकोर्ट से जमानत मिली. कुल मिलाकर हैदराबाद के संध्या थिएटर भगदड़ मामले में एक्टर को बड़ी राहत मिली है. मामले में तेलंगाना हाई कोर्ट ने अल्लू अर्जुन को जमानत दे दी है. इससे पहले पुलिस ने एक्टर को सुबह में ही गिरफ्तार किया था. इसके बाद उन्हें पूछताछ के लिए चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन लेकर चली गई थी. संध्या थिएटर भगदड़ मामले 32 साल की एक महिला की मौत हो गई थी. हाई कोर्ट की ओर से फैसला ऐसे समय में आया है जब भगदड़ मामले में निचली अदालत ने अल्लू अर्जुन को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था.

**गुड न्यूज** आईआरसीटीसी कराएगा सात ज्योतिर्लिंग के साथ शिर्डी के दर्शन

# झारखंड से पहली बार चलेगी भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन

संवाददाता। रांची



- **जनवरी से तीर्थ यात्रा की होगी शुरुआत**
- सात ज्योतिर्लिंग के साथ शिर्डी के दर्शन करायेगा

अगर आप भी ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने का सोच रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए है. इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने झारखंड से पहली बार भारत गौरव टूरिस्ट सर्किट स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना बनायी है. यह ट्रेन 5 जनवरी से झारसुगुडा से चलेगी, जो सात ज्योतिर्लिंग के साथ शिर्डी के दर्शन करवायेगी. इनमें भीमाशंकर, द्वारका, ग्रिशनेश्वर, महाकालेश्वर, नागेश्वर, ओंकारेश्वर, त्र्यंबकेश्वर, शिर्डी और सोमनाथ शामिल है. यह यात्रा 5 जनवरी से 17 जनवरी (12 रात/13 दिन) तक होगी. इच्छुक तीर्थयात्री यात्रा संबंधी विस्तृत जानकारी और बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी कार्यालय (रेलवे स्टेशन रांची, पार्सल कार्यालय के पास) जाकर या फिर 8595937711 नंबर पर कॉल करके प्राप्त कर सकते है. इच्छुक तीर्थयात्रियों को स्लिपर क्लास के लिए 24330 और 3 एसी के लिए 42655 रुपये देने होंगे. इसमें सभी टैक्स भी शामिल हैं. टिकट की बुकिंग आप आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctctourism.com के माध्यम से भी कर सकते हैं.

**12 रात/13 दिन की होगी तीर्थ यात्रा :** आईआरसीटीसी के अनुसार, भारत गौरव टूरिस्ट सर्किट स्पेशल ट्रेन नये साल की पांच तारीख (रविवार) को झारसुगुडा से खुलेगी और राउरकेला, रांची, मूरी, बोकारो स्टील सिटी, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, राजगीर, बिहारशरीफ, पटना, बक्सर, आरा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन होते हुए भीमाशंकर, द्वारका, ग्रिशनेश्वर, महाकालेश्वर, नागेश्वर, ओंकारेश्वर, त्र्यंबकेश्वर, शिर्डी , सोमनाथ के दर्शन कराते हुए 17 जनवरी को वापस लौटेगी. यह यात्रा 12 रात/13 दिन की होगी. इस यात्रा में तीर्थ यात्रियों को स्लीपर क्लास एवं 3 एसी से यात्रा, शाकाहारी भोजन, घूमने के लिए बस, रहने के लिए होटल की व्यवस्था, हर कोच में सिक्योरिटी गार्ड और टूर एस्कॉर्ट की सेवा उपलब्ध रहेगी. इसके अलावा यात्रियों के लिए बीमा की भी सुविधा रहेगी. बता दें कि देश के विभिन्न भागों से भारत सरकार द्वारा परिकल्पित देखो अपना देश और एक भारत श्रेष्ठ भारत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ है.

### उग्रवादी संगठन फिर सक्रिय, जनता आत्मरक्षा के लिए मजबूर : भाजपा

# झारखंड में फिर से जंगलराज की वापसी: डॉ. रविंद्र कुमार राय

- भाजपा सरकार ने की थी उग्रवाद पर सख्त कार्रवाई

विशेष संवाददाता। रांची




भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सांसद डॉ. रविंद्र कुमार राय ने हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है. उन्होंने कहा कि राज्य में उग्रवादी गतिविधियां फिर से सिर उठाने लगी हैं, जिससे जनता आत्मरक्षा के लिए शस्त्र उठाने पर मजबूर हो रही है.

डॉ. राय ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में उग्रवादी संगठनों पर सख्त कार्रवाई हुई थी. उग्रवादियों ने या तो आत्मसमर्पण किया था या सुरक्षाबलों की गोलियों का शिकार हुए थे. उन्होंने कहा कि उग्रवादियों के ठिकाने ध्वस्त किए गए थे, और वे झारखंड छोड़कर अन्यत्र भागने को मजबूर हो गए थे.

**उग्रवादियों की वसूली गतिविधियों में वृद्धि:** डॉ. राय ने कहा कि उग्रवादी बालू घाट, छोटे खनन क्षेत्रों, कोयला और पत्थर कारोबार से वसूली करने के लिए फिर से सक्रिय हो गए हैं. इससे आम जनता और व्यवसायियों में भय का माहौल है.उन्होंने हेमंत सरकार से मांग की कि राज्य में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए और कानून का राज स्थापित किया जाए. उन्होंने कहा कि इसे सरकार को अपनी प्राथमिकता सूची में रखना चाहिए.प्रेसवार्ता में भाजपा के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज भी उपस्थित थे.

#### वर्तमान सरकार पर साधा निशाना

डॉ. राय ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार के शासनकाल में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, चतरा और अन्य जिलों में हुई घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि राज्य एक बार फिर जंगलराज की ओर बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि ग्रामीण जनता को अपनी सुरक्षा के लिए रातभर जागना पड़ रहा है और उग्रवादियों से निपटने के लिए स्थानीय लोग संगठित होकर सेन्दरा (आत्मरक्षा अभियान) कर रहे हैं. उन्होंने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह पहली ऐसी सरकार है जिसने राज्य में 24 असुरक्षित सड़कों की सार्वजनिक घोषणा की है. यह न केवल सरकार की विफलता का प्रतीक है बल्कि यह जनता में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करता है.

## न्यूज अपडेट



### पूर्व पार्षद समेत कई लोग मिले राज्यपाल से

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को कई लोगों ने मुलाकात की. राज्यपाल से इंदु अग्रवाल, प्रधान महालेखाकार (अंकेक्षण), झारखंड मिले. उन्होंने उनके राज्य के विभिन्न लोक उपक्रमों के लंबित अंकेक्षण से अवगत कराया. कुमार विवेक, निदेशक, जीआर एंड डिजाईन के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राजभवन में भेंट की. इस अवसर पर राज्यपाल को 20-22 दिसंबर तक आड्रे हाउस में आयोजित होने वाले फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया. असीम कृष्ण दास, परियोजना निदेशक, भक्तिवेदांत विद्याभवन गुरुकुल, रांची के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज्यपाल को आगामी गीता महोत्सव कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज पूर्व नगर पार्षद विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने भेंट की.शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय से राज्य में शीघ्र नगर निकाय चुनाव कराने के लिए पहल करने का आग्रह किया.

### ओडिशा से फरार बाघिन चाकुलिया पहुंची

**रांची।** झारखंड के चाकुलिया वन क्षेत्र के चियाबांधी जंगल पहुंची जीनत बाघिन पिछले 19 दिन से ओडिशा के सिमलीपाल टाइगर रिजर्व से फरार है. झारखंड पहुंची जीनत ने गुरुवार को 14 घंटे बाद भैंसे का शिकार किया. बता दें कि वह 24 नवंबर को सिमलीपाल टाइगर रिजर्व से निकली थी और गुड़ाबांदा के रास्ते चाकुलिया नयाग्राम, राजाबासा होते हुए चियाबांधी पहुंची है. बुधवार को वन विभाग की टीम ने बाघिन को पकड़ने के लिए जंगल में भैंस को बांधकर छोड़ दिया था ताकि जब बाघिन उसका शिकार करें, तो उसे बेहोशी का इंजेक्शन लगाया जा सके.इस कड़ी में गुरुवार सुबह 4 बजे करीब 14 घंटे बाद बाघिन ने भैंस पर हमला किया. इस दौरान ओडिशा वन विभाग की टीम ने मौका देखकर बाघिन को बेहोश करने के लिए उस पर इंजेक्शन फायर किया, लेकिन निशाना सही नहीं लगने के कारण बाघिन वापस जंगल में भाग गई,

### ऋतु और नवीन कुमार हैट्रिक की तैयारी में

**रांची।** झारखंड एडवोकेट एसोसिएशन की चुनाव तिथि घोषित हो चुकी है. 23 जनवरी को हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की नयी कमेटी का चुनाव हाईकोर्ट के अधिवक्ता मतदान के जरिये करेंगे. कुल 16 पदों के लिए चुनाव होने हैं, जसे लेकर अधिवक्ताओं में अभी से ही लॉबिंग शुरू हो गई है. वर्तमान में ऋतु कुमार हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष हैं और नवीन कुमार महासचिव. इन दोनों के समक्ष अपनी कुर्सी बचाना बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि दोनों ही पदों पर ये दोनों दुबारा चुनाव जीत कर आए हैं और इस बार हैट्रिक की तैयारी में हैं. हालांकि हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन का चुनाव इस बार काफी दिलचस्प होने की उम्मीद है.क्योंकि अधिवक्ताओं के ज्वलंत मुद्दों और चार वर्षों के काम का आकलन कर अधिवक्ता इस बार वोटिंग करेंगे. इनके खिलाफ कौन कौन चुनावी मैदान में होगा, यह अभी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हुआ है.

### लोक अदालत आज, 10 लाख निबटाए जाएंगे

**रांची।** नालसा (नेशनल लीगल सर्विस अथारिटी) के कलेंडर और झालसा (झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार) के कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को राज्य भर की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी. लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन के लिए हाईकोर्ट समेत जिला अदालतों में कई बेंचों का गठन किया गया है. शनिवार को झालसा के अध्यक्ष और झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एवं अन्य जजों की मौजूदगी में जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद करेंगे. लोक अदालत में राज्य भर के दस लाख मामले निष्पादित करने का लक्ष्य रखा गया है. जिसमें प्री लिटीगेशन और कोर्ट में लंबित मामले शामिल हैं. लोक अदालत में निष्पादन के लिए जिन मामलों को सूचीबद्ध किया गया है. उसमें करीब एक लाख ऐसे मामले हैं, जो अलग अलग अदालतों में पेंडिंग है.

### कल्याण कोष में जमा 10 करोड़ की राशि बंटेगी

**रांची।** कल्याण कोष की बैठक प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद तिग्गा की अध्यक्षता मे झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के सभागार में संपन्न हुई, जिसमें सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा, बीआरपी/सीआरपी संघ एवं कस्तूरबा बालिका विद्यालय संघ के प्रतिनिधि शामिल हुए. इसमें राज्य के लेखापाल ओपी मिश्रा, ममता लकड़ा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे .बैठक में बैक आंफ बड़ौदा ,इंडियन बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एलआईसी बैंक के प्रतिनिधियों ने शामिल होकर सहायक अध्यापक व अन्य कर्मी को बैंक में खाता खोलने पर दी जानेवाली सुविधा की जानकारी दी गई. हालांकि सामान्य मृत्यु पर लाभ नहीं मिलने पर किसी विशेष बैंक मे सैलरी एकाउंट खोलने पर सहमति नहीं दी गई,

### छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले हों गिरफ्तार

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा कोतवाली थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर विद्यालय जाती छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले व्यक्ति की अविलंब गिरफ्तारी व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की गयी. कार्यकर्ताओं ने बताया कि परिषद ऐसे विषयों में काफी चिंतित व गंभीर है. परिषद की केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं प्रदेश सह मंत्री दिशा दिया ने बताया कि छह दिसंबर की सुबह सात बजे के आसपास अपर बाजार स्थित बनारसी मिष्ठान्न गली में स्कूली बच्चियों से एक युवक अभद्रता से पेश आया और छेडखानी की . पूरे घटना की सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया के माध्यम से रांची के आम जनमानस तक पहुंचा है. इस घटना के बाद छात्राएं एवं उनके अभिभावक सुरक्षा को लेकर चिंतित, भयभीत व आक्रोशित है. घटना की जांच करते हुए असामाजिक एवं अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति की गिरफ्तारी कर कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि समाज में ऐसे मनचलों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत हो.

### युकां का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला

**रांची।** युवा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला. उन्होंने नई सरकार के लिए शुभकामनाएं दी. युवा कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री से मांग किया कि झारखंड के युवाओं को रोजगार और बेहतर शिक्षा सुविधा मुहैया कराए, जिससे कि राज्य के युवाओं को अन्य प्रदेशों में नहीं जाना पड़े. प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रोहित सिन्हा ने कहा. मौके पर सौरभ अग्रवाल, कुलदीप कुमार रवि, गौरव सिंह, नूर मोहम्मद मौजूद थे.

### इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता 17 से

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता 17 दिसंबर से बीएस कॉलेज लोहरदगा के तत्वाधान में आयोजित की जाएगी. 20 दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के सभी मैच नॉकआउट चरण में खेले जाएंगे. प्रतियोगिता में भाग ले रही टीम के लिए प्रत्येक मैच में अंपायरिंग शुल्क 500 तथा बाल फीस 400 तय किया गया है. भाग लेने वाले कॉलेज के सभी खिलाड़ियों को एडमिशन स्लिप परिचय पत्र मार्कशीट इंटरमीडिएट मैट्रिक सर्टिफिकेट लाना अनिवार्य होगा.

### पीएलएफआई से तंग आकर शुरू किया सेंदरा

**रांची/चाईबासा।** नक्सली संगठन पीएलएफआई के आतंक से तंग आकर चाईबासा जिले में 100 गांव के ग्रामीणों ने सेंदरा अभियान शुरू कर दिया है. इसमें अब तक 3 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. इसमें एरिया कमांडर मेटा टाइगर भी शामिल है. ग्रामीणों के इस कड़े रुख से नक्सली संगठन पीएलएफआई सकते में आ गया है. जिन उग्रवादियों को संगठन पहले अपना सदस्य मानता था, उनकी मौत के बाद अब उन्हें चोर गिरोह का हिस्सा बताया जा रहा है.

### 'सभी क्षेत्रीय दल संसद के दोनों सदनों और सड़क पर उतर कर इसका विरोध करें'

# वन नेशन, वन इलेक्शन संविधान को खत्म करने की साजिश : सुप्रियो

- प्रधानमंत्री का राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ बैठक पर कसा तंज
- अब मोदी जी सीधे यूपीएससी अफसरों से बात करेंगे, सीएम से नहीं

विशेष संवाददाता। रांची




झामुमो ने केंद्रीय कैबिनेट से पारित वन नेशन, वन इलेक्शन प्रस्ताव पर कड़ा प्रहार किया है. झामुमो के महासचिव व प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह राज्यों, राज्यों की संघीय ढांचा, क्षेत्रीय दलों और बाबा साहेब के संविधान को खत्म करने की गहरी साजिश है. झारखंड सहित कई ऐसे राज्य हैं जहां पर क्षेत्रीय दल राष्ट्रीय दलों को रोकने का काम करते हैं. जिसमें झामुमो, टीएमसी, बीजेडी, राजद, जदयू, लोजपा सहित दक्षिणी के राज्यों के कई राजनीतिक दल हैं. केंद्र सरकार के इस निर्णय से देश में अधिनायकवादी और तानाशाही कायम हो जाएगा. इसलिए देश के तमाम क्षेत्रीय दल इसके खिलाफ गोलबंद हों और सदन से लेकर सड़क इसका विरोध करें. चाहे वह दल एनडीए ही क्यों न हो.

यह बातें उन्होंने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही.

इस गंभीर विषय पर राज्यों के सीएम के साथ बैठक होनी चाहिए

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा राज्यों के साथ आपसी समन्वय बनाने के लिए राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ बैठक पर प्रहार किया. तंज कसते हुए कहा कि अब मोदी जी सीधे यूपीएससी के अफसरों से बात करेंगे, क्योंकि यह अफसर केद्र के अधीन आते हैं. वे मुख्यमंत्री से नहीं अब सीधे आईएएस से बात करके काम करेंगे. ऐसे गंभीर विषय पर सीधे राज्यों मुख्यमंत्री के साथ बैठक होनी चाहिए.

#### संशोधन संविधान की मूल भावना के खिलाफ

सुप्रियो ने कहा कि संविधान की धारा 20 और आर्टिकल 368 यह कहता है कि संविधान में अगर जरूरी हुआ तो कोई आवश्यक संशोधन दोनों सदन के दो तिहाई बहुमत और तीन चौथाई राज्यों के सहमति से होगा. मगर इस संसोधन में तो 50 प्रतिशत भी समर्थन होने की सूरत नजर नहीं आ रही है. तो क्या वास्तव में यह देश अधिनायकवाद और तानाशाही की ओर बढ़ रहा है. संविधान का पार्ट 6 और आर्टिकल 168 से 212 के तहत राज्यों का गठन और इसकी आवधारणा की व्यख्या करता है. कुछ पर कानून बनाने का अधिकार केंद्र को है तो कुछ पर राज्यों को. कुछ पर दोनो को. इसके तहत राज्यों में भी द्विसदन की परिकल्पना है. 333 यह कहता है कि कम से कम राज्यों की विधानसभा सदस्यो की संख्या 60 होनी चाहिए और मंत्रीमंडल की संख्या कम से कम 12 हो. कई राज्यो में अब दो सदन होने जा रहे हैं. राज्यों के दूसरे सदन भी स्थाई होता है, हर दो साल में एक तिहाई सदस्य रिक्त होते हैं और पुन: चुन कर आते हैं. ऐसी परिस्थिति में सभी राज्यों में एक साथ चुनाव कैसे संभव है.

#### क्या आप जबरन समय से छह, एक और दो साल पहले चुनाव करा देंगे

सुप्रियो ने कहा कि अगर आप 2029 में लोकसभा के साथ विधानसभा का चुनाव कराते हैं तो उस समय कई ऐसे राज्य होंगे जहां का कार्यकाल, छह महीने, एक साल और यहां तक कि दो साल तक बचा होगा. तो क्या आप इतने पहले चुनाव करा देंगे. क्या यह संघीय ढांचे को खत्म करने जैसा नहीं है. क्या यह संविधान के संघीय ढांचे की परिभाषा की हत्या नहीं है. हाल के दिनों में देखें तो भाजपा ने शिव सेना, एनसीपी आदि दलों को तोड़ा, उसके बाद उसे खत्म की साजिशें रचीं. भाजपा और आरएसएस की रणनीति पूरी तरह से क्षेत्रीय दलों को समाप्त करने की है. क्योंकि यही क्षेत्रीय दल भाजपा के लिए चुनौती बनी हुई है

#### आरएसएस के इशारे पर चल रही है साजिश

उन्होंने कहा कि जब हमारे देश संविधान गढ़ा जा रहा था तो एक बात बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर ने आशंका जताई थी कि ऐसा न हो कि सामाजिक लोकतंत्र एक दिन अधिनायकवादी और तानाशाही न बन जाए. आज हम देश आजादी का 75वां वर्ष मना रहे हैं और अब देश इसी दिशा में बढ़ता दिख रहा है. 2025 में राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ का 100 वां वर्ष मनने जा रहा है. यह सब इसके ही दिशा-निर्देश में हो रहा है. देश में लोकतंत्र और संविधान की मूल भावना को पूरी तरह से खत्म करने की साजिश चल रही है.

#### 15 तक पैसा नहीं आया तो घबराएं नहीं, 18 से 20 तक आ जाएगा

**रांची।** झामुमो महासचिव व प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अगर किसी मंईयां योजना के लाभुक का 15 दिसंबर तक पैसा नहीं आए तो घबराने की जरूरत नहीं है. दरअसल सरकार ने एक हजार रुपये को 2500 रुपये कर दिया है. ऐसा बैंकिंग सिस्टम के कारण ऐसा हो रहा है. चूंकि पहले का बैंकिंग सिस्टम में एक हजार रुपये दर्ज हो चुका था. अब नए सिस्टम के तहत उसे 2500 रुपये में सिस्टम बनाया जा रहा है. इसलिए कुछ देरी हो रही है. इसको लेकर किसी भी तरह की अफवाह में नहीं आना है. उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अगर सरकार यह प्रशासन पूर्व में मंईयां योजना में निबंधित लाभुक की जांच करा रहा है तो इसमें दिक्कत क्या है. अगर गलत लाभुक जो इसकी पात्रता नहीं रखते हैं, इसका लाभ उठा रहे हैं तो इसकी जांच करने या उसे हटा देने की प्रक्रिया में किसी क्या आपत्ति है.

## चैंबर सदस्यों ने निदेशक से एयरपोर्ट पर पार्किंग की समस्या शीघ्र दूर करने का आग्रह किया

- जल्द एयरपोर्ट पर पुरानी पार्किंग व्यवस्था होगी लागू : निदेशक

संवाददाता। रांची



फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल एयरपोर्ट डायरेक्टर आरआर मौर्या से शुक्रवार को मिले. चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने एयरपोर्ट पर पार्किंग की लगातार मिल रही शिकायतों के निराकरण का आग्रह किया, जिसपर एयरपोर्ट डायरेक्टर ने जल्द ही एयरपोर्ट पर पार्किंग की पुरानी व्यवस्था लागू करने की बात कही. यात्रियों की सुविधा के लिये सीविल एवीयेशन उप समिति के चेयरमेन दिनेश प्रसाद साहू व श्रवण राजगढिया ने संयुक्त रूप से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से कुछ प्रमुख शहरों जयपुर, गोवा, रायपुर, बनारस, बागडोगरा, गुवाहाटी और सूरत के लिए फ्लाइट सेवा शुरू करने का आग्रह किया, चैंबर के सुझाव पर एयरपोर्ट डायरेक्टर ने सभी एयरलाइंस आपरेटर्स से वार्ता करने का आश्वासन दिया.

**फ्लाइटों के रद्द होने का खतरा टलेगा : चैंबर**

विंटर सीजन में घने कुहासे के कारण अक्सर फ्लाइटों के रद्द होने अथवा डायवर्ट होने से यात्रियों को होनेवाली परेशानी पर प्रतिनिधिमंडल ने चिंता जताई और सुझाया कि अत्याधुनिक उपकरणों को लगाकर विंटर में भी आवागमन सामान्य रखा जाय. चैंबर के आग्रह पर एयरपोर्ट निदेशक ने कहा कि कई सारे उपकरण हमारे पास उपलब्ध हैं किंतु भूमि की अनुपलब्धता के कारण उनका इंस्टॉलेशन नहीं हो पा रहा है, जैसे ही भूमि एयरपोर्ट को हस्तांतरित की जायेगी एक माह के अंदर ही सारे उपकरण लगाकर इस समस्या का समाधान कर दिया जायेगा. प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, विकास विजयवर्गीय आदि शामिल रहे.

## अधिकारी हफ्ते में दो दिन करेंगे फील्ड विजिट

संवाददाता। रांची




- फील्ड विजिट अनिवार्यः अधिकारी सप्ताह में दो दिन योजनाओं की स्थिति का जायजा लेने के लिए क्षेत्र का दौरा करेंगे.
- ग्रामीण हाट-बाजार का विकासः जर्जर हाट-बाजारों को सुधारने के लिए राशि खर्च की जाएगी.
- योजना कैलेंडर जारीः ब्लॉक स्तर पर योजनाओं की जानकारी के लिए कैलेंडर तैयार होगा ताकि लाभार्थियों तक सही जानकारी पहुंचे.

झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन फील्ड विजिट करने का निर्देश दिया है. यह कदम योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने और उन्हें बेहतर बनाने के लिए उठाया गया है. मंत्री ने कहा कि बंद कमरों में बैठने के बजाय अधिकारियों को ग्रामीण इलाकों में जाकर समस्याओं का समाधान करना चाहिए. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों से सुझावों को खुले दिल से अपनाने और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देने पर जोर दिया. विभागीय बैठक में बजट और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी चर्चा की गई.

**केंद्र सरकार की योजनाओं की समीक्षाः** केंद्र की योजनाओं को पहले विभागीय समीक्षा के बाद ही लागू किया जाएगा.

**पशु बाजार का विस्तारः** ग्रामीण इलाकों में पशु खरीद-बिक्री के लिए विशेष बाजार स्थापित किए जाएंगे.

**कोल्ड स्टोरेज पर ध्यानः** नए कोल्ड स्टोरेज बनाने के बजाय पुराने स्टोरेज को सक्रिय किया जाएगा.ग्रामीण स्तर पर बाजारों का विकास कर किसानों के उत्पाद को बढ़ावा दिया जाने की बात समीक्षा बैठक में किया. साथ ही मेधा डेयरी के प्रमोशन को प्राथमिकता दी जाएगी.आलू की खेती के लिए स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट पर उद्योग विभाग के साथ मिलकर काम होगा.किसानों को खरीफ और रबी फसलों में संतुलन बनाने की दिशा में प्रोत्साहित किया जाएगा. पर विशेष जोरे देने की बात कही.

### अभिनंदन — कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव और उप नेता राजेश कच्छप का सम्मान समारोह

# कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया

संवाददाता ।रांची



कांग्रेस भवन में विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और उप नेता राजेश कच्छप का अभिनंदन किया गया. इस अवसर पर नेताद्वय ने पदभार ग्रहण किया और कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के अपने संकल्प को दोहराया. प्रदीप यादव ने कहा कि कांग्रेस के विचारों को समाज के हर वर्ग में पहुंचाना और संगठन को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी. यादव ने विधायकों और नेताओं के साथ मिलकर एक रोडमैप तैयार करने की बात कही और विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस को मजबूती देने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे. उन्होंने कहा कि ईमानदारी और परिश्रम से सफलता निश्चित है.

**राजेश कच्छप ने समन्वय पर दिया जोर :** उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि उन्हें सरकार और संगठन के बीच समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है. सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने और कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान को बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि प्रदीप यादव के नेतृत्व में संसदीय कार्य प्रणाली और संगठन को मजबूत करने में हरसंभव सहयोग करेंगे.

**सम्मान समारोह में कई प्रमुख नेता रहे मौजूद :** सम्मान समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे. इस मौके पर मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, राजीव रंजन प्रसाद, किशोर आलोक कुमार दुबे, विनय सिन्हा दीपू, सोनाल शांति सहित मौजूद रहे.

#### कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ाने का निर्णय

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रदीप यादव और राजेश कच्छप जैसे अनुभवी नेताओं को जिम्मेदारी सौंपकर कांग्रेस नेतृत्व ने संगठन और सरकार के बीच समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया है. उन्होंने कहा, कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान को प्राथमिकता देना कांग्रेस की परंपरा है और यह निर्णय उसी दिशा में एक सकारात्मक कदम है.

### प्रथम चरण में कचहरी चौक का होगा पुनर्विकास

# राजधानी के सौंदर्यीकरण और विकास का रोड मैप तैयार करें : नगर विकास सचिव

विशेष संवाददाता। रांची



राजधानी रांची के सौंदर्यीकरण और विकास को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग ने व्यापक योजना तैयार करने का निर्देश दिया है. शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई बैठक में प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि रांची को उसकी गरिमा के अनुरूप विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है. बैठक में जुडको के परियोजना निदेशक (तकनीकी) गोपाल जी, महाप्रबंधक विनय कुमार, परियोजना प्रबंधक शितांशु वैभव, उप परियोजना प्रबंधक प्रत्युष आनंद और सुशांत सिन्हा ने भाग लिया.

**प्रथम चरण में कचहरी क्षेत्र का होगा विकासः** बैठक में जुडको द्वारा कचहरी चौक और उपायुक्त कार्यालय क्षेत्र के पुनर्विकास की योजना का प्रेजेंटेशन दिया गया. प्रधान सचिव ने कहा कि शहर के इस हृदयस्थल को बेहतर यातायात सुविधा, चौड़ी सड़कों, फुटपाथ निर्माण, ड्रेनेज प्रणाली और आधुनिक लाइटिंग के माध्यम से आकर्षक बनाया जाएगा. उपायुक्त कार्यालय से शारदा बाबू लेन, लाइन टैंक तालाब और अन्य संपर्क पथों को भी समेकित विकास योजना में शामिल किया गया है.

**जनसुविधाओं और पर्यावरण का रखा जाएगा ध्यानः** प्रधान सचिव ने निर्देश दिया कि कचहरी क्षेत्र में जनसुविधाओं जैसे वाकिंग मार्केट, पार्क, वृक्षारोपण और आधुनिक लाइटिंग का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए. बैठक में अलबर्ट एक्का चौक, लालपुर चौक, डंगराटोली चौक, बरियातू चौक, रिम्स चौक, सुजाता चौक, शहीद चौक और करमटोली जैसे प्रमुख चौक-चौराहों के विकास और सौंदर्यीकरण की योजना भी तैयार करने के निर्देश दिए गए. इन्हें जोन में बांटकर प्राथमिकता के आधार पर काम किया जाएगा.प्रधान सचिव ने कहा कि खाली सरकारी जमीन और पुराने भवनों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उनकी उपयोगिता का अध्ययन किया जाए.




# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, शनिवार 14 दिसंबर 2024, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 13 संवत 2081




पेज 07

## ब्रीफ खबरें

### जमीन विवाद को लेकर मामला दर्ज

चिरकुंडा। चिरकुंडा थाना अंतर्गत नीचे बाजार में दो पड़ोसियों के बीच जमीन विवाद को लेकर झड़प हुई, जिसको लेकर दोनों तरफ से चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज किया गया. चिरकुंडा नीचे बाजार निवासी तौफीक खान ने जमीन विवाद को लेकर रौनक, रुखसाना, जुबेदा, जफराना, रूकसार व कुतुबुद्दीन के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज की है. वहीं दूसरी तरफ रूकसार ने तौफीक खान, वसीम, अल्ताफ, शमसाद, ताजामुद्दीन, लक्खु, मिस्टर व अल्ताफ के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज की है. पुलिस दोनों के शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है.

### चिरकुंडा के नेहरू रोड से मोटरसाइकिल चोरी

चिरकुंडा। चिरकुंडा के नेहरू रोड स्थित रोलिंग मील के पास स्थित निवासी दिनेश कुमार वर्मा के घर के सामने लगे उनके मोटरसाइकिल को चोरों ने शुक्रवार की सुबह चोरी कर ली. वर्मा ने चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत कर पुलिस से मोटरसाइकिल खोजने की गुहार लगाई है. वर्मा ने कहा है कि वे सुबह मोटरसाइकिल को घर के सामने लगाए थे, जब बाहर आए तो देखा कि उनका मोटरसाइकिल गायब है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

### सफाई कर्मियों का हड़ताल 9वें दिन भी जारी

**चिरकुंडा.** चिरकुंडा नगर परिषद के सफाई कर्मी नवंबर माह के मानदेय भुगतान की मांग को लेकर शुक्रवार को 9वें दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे. विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मुख्य सड़क चिरकुंडा जीटी रोड, नेहरू रोड व चिरकुंडा-पंचेत रोड में साफ सफाई व नाला की साफ सफाई तो करा रही है लेकिन वार्ड स्तर पर अभी तक नाली की साफ सफाई नहीं होने के कारण क्षेत्र के नागरिकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है. नाला जाम हो जाने के कारण वार्ड के सड़कों पर नाली का पानी आ जाने के कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है व दुर्गंध का भी लोगों को सामना करना पड़ रहा है. नागरिकों ने विभाग के पदाधिकारी से सफाई कर्मी लगवा कर वार्ड स्तर पर नाली की साफ सफाई करवाने की मांग की है. इस संबंध में विभाग के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत 10 सफाई कर्मियों से मुख्य सड़क में साफ सफाई व नाला की साफ सफाई कराई जा रही है.

### करकेंद से बाइक चोरी

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के करकेन्द स्थित पारबाद पुल के समीप से शुक्रवार दोपहर को कुसुण्डा 7 नम्बर बस्ती निवासी मनोज कुमार पासवान का मोटरसाइकिल चोरी हो गयी. भुक्तभोगी ने बताया की कुसुण्डा से अपने मोटरसाइकिल जेएच 10ई/7275 से करकेन्द स्टेशन जाने के क्रम में शौच लग गया. करकेन्द स्थित पारबाद पुल के समीप मोटरसाइकिल खड़ा कर शौच करने चला गया. वापस आया तो देखा की मोटरसाइकिल गायब थी. मामले की सूचना पुटकी पुलिस को दी है.

## पिकनिक मनाने के दौरान दो भाई नदी में डूबे, मौत से तोपचांची में मातम

संवाददाता। तोपचांची

धनवार के हदहदवा नदी तट पर पिकनिक मनाने आए तोपचांची मदैयडीह निवासी गिरधारी साव के दो मासूम बेटों की मौत नदी के गहरे पानी में डूबने से हो गई. घटना शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे की है. दोनो बच्चों की मौत ने परिवार में भी कोहराम मचा दिया.बच्चों के माता-पिता घटना के बाद असहज हो गये हैं. घटनास्थल पर पहुंचे घोडथंबा ओपी प्रभारी शंभू ईश्वर प्रसाद को भी सगे दोनों बेटों के पिता गिरधारी साहू से बात कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को पूरा करने में काफी देर रुकना पड़ा.



तब जाकर पोस्टमार्टम में भेजने की प्रक्रिया को पूरी की जा सकी. जानकारी के अनुसार 12 वर्षीय विशाल कुमार और 7 वर्षीय विक्रम अपने पिता गिरधारी साहू सहित पूरे परिवार के साथ अपने घर धनबाद से गिरिडीह के धनवार के घोड़थंबा ओपी के हदहदवा नदी पहुंचा था. पूरा परिवार नदी तट पर पिकनिक मनाने में मशगूल था. इसी बीच दोनों मासूम विक्रम और विशाल कब नदी नहाने घुसे और नहाने के क्रम में गहरे पानी में चले गए. इसकी भनक तक किसी को नहीं लगा. लेकिन जब दोनों बच्चों ने बचाव के लिए चिल्लाना शुरू किया. तो पिता समेत पूरा परिवार दोनों को नदी से बाहर निकालने के लिए दौड़े, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी. घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों के साथ पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर बच्चों के शव को नदी से निकालने में जुट गयी. काफी मेहनत के बाद दोनों के शव को बाहर निकाला गया. जानकारी के अनुसार घटनास्थल कोडरमा और गिरिडीह जिला का सीमावर्ती इलाका है.

## धनबाद में आज से चलेगी शीतलहरी



### मौसम विभाग ने जारी कर दी चेतावनी

संवाददाता। धनबाद

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी कर दी है. झारखंड के 3 जिलों में कहीं-कहीं शीतलहर चलेगी. सुबह में कोहरा छाया रहेगा. बोकारो, धनबाद, रामगढ़ में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है. मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अगले 2 दिन में झारखंड में कई जगहों पर न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है.

### सुबह से रहेगा कोहरा

मौसम केंद्र के कार्यकारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में अगले 5 दिन तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है. उन्होंने कहा कि शनिवार को सुबह हल्का कोहरा छाया रहेगा. इसके बाद आसमान साफ रहेगा.

### धनबाद का न्यूनतम पारा 11 डिग्री सेंटीग्रेड रहने का अनुमान

राजधानी रांची में शनिवार को सुबह में कोहरा या धुंध छाया रहेगा. बाद में आसमान साफ रहेगा. अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रह सकता है. वहीं धनबाद में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री और अधिकतम 25 तक रहने का अनुमान है.

### झारखंड का सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री डाल्टेनगंज में

उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड का मौसम शुष्क रहा. उच्चतम तापमान 29 डिग्री सेंटीग्रेड रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 7.9 डग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया. सबसे अधिक उच्चतम तापमान चाईबासा में और सबसे कम न्यूनतम तापमान डाल्टेनगंज में दर्ज किया गया. यहां अभी आगे भी यही हालात रहने वाले हैं.

### पाण्डेडीह बस्ती में ठंड लगने से एक की मौत

**तेतुलमारी।** न्यू पाण्डेडीह बस्ती निवासी 42 वर्षीय राजेश पाण्डेय को ठंड लगने से शुक्रवार को उनकी मौत हो गई .परिजनों ने उसे कतरास के लिलौरी स्थान मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया. उसके परिजनो का कहना था कि वह राजेश शुक्रवार की रात एक शादी समारोह में गया था, सुबह घर आया तब उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई, वह कांपने लगा. उन्हें उठाकर इलाज के लिए कतरास के एक नर्सिंग ले गया. लेकिन चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया. ठंड लगने से उसकी मौत हो हुई है. उसे दो पुत्र के अलावा एक पुत्री है. घटना के बाद उसके परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है. वह एक मात्र कमाउ सदस्य थे. पूजा पाठ कर जीवन यापन कर रहे थे.

# छड़-सीमेंट कारोबारी को मारी गोली, हालत नाजुक

### खास बातें

- दुकान पर बैठे थे चेतन, अपाची बाइक पर सवार शूटरों ने मारी गोली
- एक गोली हाथ से होकर पेट में गई,दूसरी गोली पेट में लगी

संवाददाता। धनबाद

बरवाअड्डा थाना अंतर्गत कुरमीडीह मोड़ स्थित छड़ सीमेंट की दुकान में घुस कर अपराधी ने दुकान संचालक कुरमीडीह निवासी 58 वर्षीय चेतन साव को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. चेतन के दांये हाथ में लगी गोली हाथ पार करते हुए उनकी पेट में जा घुसी है. आनन फानन में परिजनों ने घायल चेतन साव को असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया. जहां से डाक्टरों ने उसके गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया. परिजनों ने घायल चेतन को एसजीएस अस्पताल धनबाद में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार चेतन साव अपने आवास स्तिथ दुकान में अपने भतीजे एवं अन्य के साथ बैठे हुए थे. तभी लगभग 5 बजकर 54 मीनट पर एक सफेद रंग का अपाची बाइक सवार दो अपराधी आये और दुकान के समीप पहुंच कर एक अपराधी पैदल दुकान के काउंटर तक आये और एकदम सामने से चेतन पर तीन फायरिंग कर दी और बाइक में सवार होकर भाग निकले. दुकान में बैठे लोग अपराधी के पीछे भागे तब तक अपराधी दौड़ते हुए बाइक में सवार होकर कुरमीडीह मेन रोड की ओर भाग निकले. एक गोली चेतन के दाएं हाथ को आर पार करते हुए पेट में घुसी. वहीं दूसरी गोली चेतन के पेट में लगी और तीसरी गोली मिसफायर हो गई. घटना की सूचना पर बरवाअड्डा पुलिस डीएसपी हेडक्वार्टर वन शंकर कामती, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, इंस्पेक्टर सरस्वती मिंज धनबाद इंस्पेक्टर आरएन ठाकुर घटनास्थल मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली. पुलिस घटना की छानबीन कर रही है.

## प्रिंस खान ने ली घटना की जिम्मेवारी कहा देना होगा छोटे सरकार टैक्स





अस्पताल पहुंचे सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो और भाजपा नेत्री तारा देवी, साथ में बलदेव महतो. गोलीकांड घटना पर सिंदरी विधायक श्री महतो ने एसएसपी से बात की. अभिलंब अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग.

इधर प्रिंस खान के गुर्गे मेजर ने इस गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है. सोशल मीडिया पर लेटर वायरल कर मेजर ने कहा है कि इस घटना की जिम्मेदारी लेते हैं. छोटे सरकार को मैनेज करना होगा. किसी मुकेश का नाम लेते हुए लिखा है कि तेरा भी यही हाल होगा. कुर्मीडीह में जितना भी जमीन कारोबारी हैं, सबका खोपड़ी खोल देंगे. इसके साथ ही प्रवीण पांडे को बहुत जल्द ठोकेंगे. लोहा, कोयला, टेंडर, डीआरएम, बिल्डर को छोटे सरकार टैक्स यानि सीएसटी देना होगा.

### प्रिंस के खौफ के साए में धनबाद के डाक्टर

# पुलिस नहीं अब सीएम से गुहार

धनबाद में एक बार फिर प्रिंस खान का खौफ दहशत का पर्याय बन रहा है. फहीम खान के भाई शानू खान पर फायरिंग और फिर कारोबारी चेतन साव को गोली मारी गई है. तेतुलमारी में दहशत फैलाने की नीयत से फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था. हाल में घटित तीनों वारदातों में प्रिंस खान ने आडियो जारी कर जिम्मेवारी ली है. सिर्फ इतना ही नहीं धनबाद के करीब दस डाक्टरों से भी रंगदारी मांगी गई है. दहशत में रह रहे डाक्टरों ने इस मामले की सीधे शिकायत मुख्यमंत्री से की है. इन डाक्टरों के लिए आइएमए का प्रतिनिधिमंडल धनबाद विधायक राज सिन्हा के साथ सीएम से मिलने रांची गया था. यहां बता दें कि प्रिंस खान की एक बार फिर दहशत कायम हो रही है. कुछ दिनों तक प्रिंस खान और उसके गुर्गे शांत रहे थे. लेकिन अब फिर से इनकी सक्रियता धनबाद के कारोबारियों को परेशान कर रही है. कुर्मीडीह में छड़-सीमेंट कारोबारी को गोली मारने के मामले में प्रिंस ने पुलिस-प्रशासन को सीधा चैलेंज कर कहा है कि उसे टैक्स



देना होगा, नहीं देने वाले को गोली खाने के लिए तैयार रहना होगा. यहां के कारोबारी और डाक्टरों को पुलिस पर भरोसा नहीं रहा है. इससे पूर्व भी कई बार डाक्टरों पर इस तरह के संकट आए थे. तब आइएमए ने कमान संभाल कर पुलिस-प्रशासन को मजबूर कर दिया था कि वे इनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी लें. अब वही हालात एक बार सामने हैं, देखना है कि धनबाद पुलिस अब कैसे हालात को संभालेगी.

## बहुत जल्द ही निरसा को अनुमंडल क्षेत्र का दर्जा मिल जाएगा : अरूप चटर्जी

### विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र, मिला आश्वासन

राजकुमार महतो

निरसा : विधायक अरूप चटर्जी ने गुरुवार को झारखंड राज्य के छठे विधानसभा के प्रथम सत्र काल के चौथे कार्य दिवस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर हमसबों के बहुप्रतीक्षित मांग निरसा को अविलंब ₹अनुमंडल₹ बनाए जाने सम्बंधी विषयों पर एक अनुस्मारक आवेदन पत्र दिया. जिस मुख्यमंत्री ने आवश्यक पहल के साथ त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिए. बताते चलें कि विधायक अरूप चटर्जी द्वारा राज्य सरकार से निरसा को तीन प्रखंडों में विभक्त कराने के सार्थक प्रयास के कारण ही निरसा, केलियासोल, एगारकुण्ड प्रखंड बना. तीनों प्रखंड के



अलावा चिरकुण्डा नगर परिषद क्षेत्र को लेकर यहां के सघन अबादी, औद्योगिक क्षेत्र, ग्रैंड कार्ड रेलवे लाइन, NH-2 के साथ-साथ यह पश्चिम बंगाल का सीमांचल क्षेत्र होने के कारण इन क्षेत्रों में आए दिन उत्पन्न विधि-व्यवस्था की समस्याएं पर रोकथाम के लिए ही निरसा को अनुमंडल और पुलिस अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार के पास रखा गया था. जिसमें से तो विगत लगभग 7/8 वर्षो में निरसा पुलिस अनुमंडल बन चुका है लेकिन पिछले लगभग 11 वर्षों से निरसा को अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव लंबित ही है. विधायक चटर्जी ने बताया कि निरसा को अनुमंडल बनाने की दिशा में 21 जुलाई 2014 को तत्कालीन उपायुक्त धनबाद प्रशांत कुमार की अध्यक्षता ने एक बैठक हुई थी. बैठक ने सारी कागजी प्रक्रिया पूरी अनुमंडल का प्रस्ताव सरकार के पास भेज दी गयी थी, लेकिन मामला अधर में लटका रहा. अब सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया है कि बहुत जल्द कागजी प्रकिया पूरी कर निरसा को अनुमंडल क्षेत्र का दर्जा दे दिया जाएगा.

### दोस्त ने डिक्की से उड़ा दी थी बेटी की शादी की रकम

**मधुबन :** भुक्तभोगी गजलीटांड़ निवासी सह बीसीसीएल कर्मी प्राण भुईया के साथ आये मित्र ने ही मित्र से छल करके मोटरसाइकिल की डिक्की से पैसा निकलवाया था.पुलिस की कड़ी पूछताछ में उसने अपनी-गलती स्वीकार कर तीन लाख की रकम वापस कर दिया. ज्ञात हो कि गुरुवार को सिनीडीह स्थित एसबीआई की बिलबेरा शाखा से बीसीसीएलकर्मी प्राण भुइयां ने अपनी बेटी की शादी के लिए तीन लाख रुपये की निकासी कर रकम को बाइक की डिक्की में रखकर बगल के दुकान में चाय पी रहा था. इसी दौरान डिक्की से रकम गायब कर दिया गया था. दोस्त दुश्मन निकाला : मधुबन पुलिस की कड़ाई से पूछताछ में भुक्तभोगी कर्मी का दोस्त अशोक तिवारी ने चोरी की रकम में संलिप्तता स्वीकार की है.

## धनबाद से हो रही थी कर्नाटक में साइबर ठगी, तीन गिरफ्तार

### खास बातें

- सहयोगी नगर में किराए पर अपार्टमेंट लेकर गिरोह करता था ठगी

संवाददाता। धनबाद

**धनबाद।** अगर आप लोन ले रहे हैं तो सतर्कतता जरूर बरतें. क्योंकि आप जो लोन लेने जा रहे हैं उसपर साइबर ठगों की भी कड़ी निगाह है. धनबाद सायबर पुलिस ने तीन ऐसे सायबर अपराधी को पकड़ा है जोकि विभिन्न कम्पनियों से ऑनलाइन लोन दिलाने के लिए प्रोसेसिंग फीस एवं अन्य तरह के चार्ज बताकर लोगों से पैसे की ठगी करते थे.

### कनार्टक के दो ठगों को भाषा एक्सपर्ट के तौर पर करता था इस्तेमाल

धनबाद से गिरफ्तार तीन सायबर अपराधी सोनू पासवान, वसंत और भरत जोकि धनबाद के एक किराये के फ्लैट में रहकर ऑनलाइन ठगी कर रहे थे. अपराधियों में वसंत और भरत दोनों सगे भाई हैं और बेंगलौर के निवासी हैं जोकि कन्नड़ और अंग्रेजी भाषा में लोगों को बातचीत में झांसे में लेते थे. ये लोग मुख्य रूप से कनार्टक के लोगों को अपना शिकार बनाते थे. इन दोनों को महीने के पगार पर धनसार निवासी सोनू पासवान महीने के पगार में रख कर ठगी करवा रहा था. सोनू मूल रूप से बिहार का रहने वाला है. सोनू ने सहयोगी नगर सेक्टर तीन सृ करूणा इन्क्लेव अपार्टमेंट के एक फ्लैट में किराया पर लिया था. जहां पुलिस ने प्रतिबिंब ऐप के माध्यम से लोकेशन हासिल कर गिरफ्तारी की. साइबर डीएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि इनके सरगना का मास्टर माइंड धनबाद के धंसार का रहनेवाला छोटू है जोकि स्थानीय भाषा में बातचीत करने के लिए विभिन्न राज्यों के साइबर क्रिमनल को भाड़ा के मकान में आश्रय मासिक वेतन पर रखकर साइबर अपराध का गिरोह चलाता है. इस छापेमारी में धनबाद साइबर टीम सक्रिय रही.



# प्रदूषण की मार से दामोदर हो रही बीमार

### खास बातें

- लाखों की आबादी की प्यास बुझाने का एकमात्र सहारा

रनजीत कुमार सिंह। धनबाद

कोयलांचल में आउट सोर्सिंग के द्वारा किये जा रहे ओबी डंप के प्रदूषण से भौंरा का जहाजटांड़ दामोदर घाट और सुदामडीह सूर्य मंदिर घाट पूरी तरह प्रदषित हो रहा है. जिससे आने वाले दिनों में झरिया सहित आस - पास के क्षेत्रो में जल संकट गहरा सकता है. दामोदर नदी ही झरिया और आसपास के लाखों की आबादी की प्यास बुझाने का एकमात्र सहारा है. कोलियरी क्षेत्र होने के कारण इस इलाके में बोरिंग करने की इजाजत नहीं है और कम गहराई में कुंए से पानी नहीं निकलता है. ऐसे में नदी का पानी ही यहां एकमात्र सहारा है. अगर जल्द बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रण नहीं किया गया तो वो दिन भी दूर नहीं जब झरिया व आसपास की जनता पीने के पानी के लिए तरस जाएगी. यही नहीं इस इलाके में प्रदूषण का यह आलम है कि यहां के पेड़ पौधों के पत्ते भी काले हो चुके हैं. इनके उपर ओबी की काली मिट्टी की परत दर परत जम गई है. जिसके कारण यहां की हरियाली भी खत्म होने के कगार पर है. ऐसे में आप सोच सकते हैं कि यहां के मानव जीवन पर इस प्रदूषण का कितना नकारात्मक असर पड़ेगा. कोयले की कमाई में अंधे हो चुके तंत्र की मौन सहमति पर नदी की कब्र खोदने का काम भौंरा मोहलबनी से लेकर जहाजटांड़ और सुदामडीह सूर्य धाम घाट के पास हो रहा है. नदी के किनारे ओबी का पहाड़ भौंरा में एटीदेव प्रभा 4 ए पैच का है. जो धीरे- धीरे नदी में समा रहा है. इससे नदी की गहराई तो कम हो रही है. नदी की मछली समेत अन्य जलीय जीव का भी नामोनिशान मिट रहा है.आस-पास में बसे इंसान भी इस बढ़ते प्रदूषण से त्राहिमाम कर रहे हैं. इसके लिए यहाँ की आबादी जैसे सुदामडीह , भौरा , जहाजटांड़ , पाथरडीह , झरिया आदि क्षेत्रों के लोग कई बार अपनी आवाज उठा चुके हैं. बीसीसीएल के वरीय अधिकारी से लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम को भी लिखित आवेदन दिये .बावजूद इसके आज भी समस्या जस कि तस है. दामोदर नदी बचाओ मुहिम के प्रेरणा स्रोत रहे विधायक सरजू राय भी नदी में प्रदूषण फैलाने की लड़ाई पर कमर कर चुके थे लेकिन उनके मुहिम को यह आउटसोर्सिंग कंपनियां भी अब खुली चुनोती दे रही है.

### कौन करेगा नदी की हिफाजत

बता दें कि दामोदर नदी भारत की एक प्रमुख नदी है जो झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों से होकर गुजरती है .यह नदी झारखंड की बड़ी नदियों में शुमार है. यह नदी लगभग 592 किलोमीटर लंबी है और इसका जलगाह क्षेत्र लगभग 24,000 वर्ग किलोमीटर है. लेकिन अब इस दामोदर नदी का अस्तित्व कोयलांचल में चल रहे आउट सोर्सिंग के ओबी डंप के कारण खतरे में है .आउट सोर्सिंग के ओबी डंप से निकलने वाले कचरे और प्रदूषक तत्व दामोदर नदी में मिल रहे हैं जिससे नदी का जल पूरी तरह प्रदूषित हो रहा है. इससे आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है.





इस संबंध में समाज सेवी संजय सिंह ने बताया कि आउट सोर्सिंग के ओबी डंप से दामोदर नदी का जल दूषित होता जा रहा है .जब की पूर्व मंत्री सरयू राय का भी चासनाला दामोदर घाट पर हर साल आना होता है .परंतु इसकी रोक थाम के लिए कोई पहल नहीं किया जा रहा है .अगर इस पर संज्ञान ले कर जल्द कोई करवाई नहीं की गई तो स्थानीय लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे.

**समाज सेवी संजय सिंह**



बीसीसीएल आउट सोर्सिंग के कारण दामोदर नदी का पानी दूषित होता जा रहा है .जब की कई बार बातचीत के माध्यम से पहल करने की बात हुई लेकिन प्रबंधन कुंभकर्णी को नींद में सोई है . उन्होंने कहा कि इस पर त्वरित कार्यवाई नहीं की जाती है तो मजबूरन आंदोलन करने को बाध्य होंगे.

**कांग्रेस नेता बमभोली सिंह**

## तनाव जश्रसं-युवा बेरोजगार मंच के समर्थक दूसरे दिन भी आमने- सामने

### दो वाहनों का अज्ञात लोगों ने धनसार चानक के पास शीशा तोड़ा , ड्रोन कैमरे से सारी गतिविधियों पर नजर

**खास बातें**

- पीओ से वार्ता के बाद धरना हुआ समाप्त



**संवाददाता । झरिया**

विश्वकर्मा परियोजना में जश्रसं समर्थक व युवा बेरोजगार मंच के समर्थक दूसरे दिन भी आमने सामने हो गए, इस कारण मौके पर टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई. तनावपूर्ण स्थिति की नजाकत को समझते हुए पुलिस व सीआईएसएफ पूरी तैयारी के साथ मुश्तैद रही. सीआईएसएफ ड्रोन कैमरा से सारे गतिविधियों पर नजर रख रही थी. वहीं कांटाघर आ रहे दो वाहनों का शीशा अज्ञात लोगों ने धनसार चानक के पास रोक कर शीशा तोड़ दिया. जिससे जश्रसं के मजदूरों का आक्रोश भड़क गया. इधर युवा बेरोजगार मंच के लोग पानी और प्रदूषण के मुद्दे पर परियोजना के कांटाघर के सामने धरना पर बैठ गए. इनलोगों को साथ देने के लिए आशिनी सिंह भी विश्वकर्मा परियोजना पहुंच पूर्व पार्षद मेनका सिंह के साथ धरना पर बैठ गई. इधर जश्रसं के मजदूर भी एक जुट होकर प्रबंधन व दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की. धरना के तीन घंटे बाद धनसार कोलियरी पीओ संजय कुमार पहुंचे. उन्होंने धरना पर बैठे आशिनी सिंह से वार्ता की. वार्ता में पीओ संजय कुमार ने तालाब में पानी लाने का विकल्प ढुंढने व प्रदूषण रोकने के लिए चार टैंकर से पानी छिड़काव करने का आश्वासन दिया. वहीं आशिनी सिंह ने कहा कि अगर पंद्रह दिन में समस्या का समाधान नहीं किया तो एक बार फिर चक्का जाम किया जाएगा. साथ ही इसके बाद आंदोलन कर रहे मंच के लोग धरना समाप्त कर वापस लौट गए. बता दें कि शुक्रवार की सुबह ही कांटाघर में कई खाली ट्रक का वजन करा परियोजना मे लोडिंग कराया जा रहा था. हालांकि बाद में आकर मंच के लोगों ने वजन कार्य रोक धरना पर बैठ गए. इधर जश्रसं का नेतृत्व कर रहे सुमन हांसदा ने कहा कि हमलोगों ने अपनी जमीन बीसीसीएल को देकर यहां ट्रक लोडिंग का कार्य शुरू कराया गया. जहां हम लाहेबेड़ा के आदिवासी ग्रामीण ट्रक लोडिंग का कार्य करते है. लेकिन गुड्डू सिंह 150 रूपए रंगदारी के लिए पानी प्रदूषण का बहाना बनाकर लोडिंग कार्य को बंद कराना चाह रहा है।जिसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा. मालूम हो कि इन दोनों गुटों के बीच गुरुवार को मारपीट की भी घटना घटी थी. धरना पर बैठे मंच की ओर से रामचंद्र विश्वकर्मा, शिवशंकर सिंह,किशु सिंह,अजय कुमार,जितेंद्र सहित अन्य थे।वहीं जश्रसं की ओर से देशराज चौहान, पप्पू पासवान, राजेश मरांडी सहित अन्य थे.शुक्रवार को आंदोलन कर रहे मंच के लोग गुरुवार को भाजपा के बैनर तले आंदोलन कर रहे थे।कांटाघर व डीस्पैच के समीप भाजपा का झंडा गाड़कर आंदोलन कर रहे थे।जहां रागिनी व राज सिंहा समर्थक के बीच झड़प व मारपीट हुई। विधायक राज सिंहा द्वारा अपना पल्ला झाड़ने के बाद दूसरे दिन इनके समर्थक युवा बेरोजगार मंच के बैनर तले आंदोलन किया। पूर्व मे भी मंच के पक्ष मे राज सिंहा आ चुके है।

एरिया से पांच सदस्यीय टीम आकर तालाब का निरीक्षण किया हैं ।निरीक्षण करने के उपरांत रिपोर्ट महाप्रबंधक को सौपा जाएगा।उनके आदेश के बाद ही जो निदान होगा किया जाएगा । संजय कुमार परियोजना पदाधिकारी धनसार । जश्रसं के राजेश मरांडी ने दो वाहन का शीशा तोड़ने की शिकायत किया है।घटनास्थल की जांच किया जा रहा है।अगर शीशा तोड़ने की घटना धनसार थाना क्षेत्र मे है तो कारवाई की जाएगी।मनोज कुमार पांडे, प्रभारी, धनसार थाना

## ट्रक में छिपाई शराब की 7000 बोतलें जब्त

### चालक गिरफ्तार, वाहन जांच के दौरान पुलिस को मिली कामयाबी

**संवाददाता । गोविंदपुर**



वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गोविंदपुर थाना की पुलिस ने गुरुवार रात गोविंदपुर थाना के समीप जीटी रोड पर एक ट्रक अवैध शराब जप्त किया. नगर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-1 शंकर कामती ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि शराब तस्करी के खिलाफ धनबाद पुलिस की यह बहुत बड़ी उपलब्धि है. डीएसपी ने कहा कि जीटी रोड होकर शराब समेत और प्रतिबंध वस्तुओं की तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा.वरीय पुलिस अधीक्षक से सूचना मिलने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली के नेतृत्व में गोविंदपुर थाना के सामने गुरुवार रात सघन चेकिंग अभियान शुरू किया गया. इस दौरान निरसा की ओर से आ रही टाटा ट्रक संख्या बीआर 01 जी 1552 को पुलिस ने संदेह के आधार पर पकड़ा. इसमें 295 पेटी अवैध शराब रखकर ऊपर और नीचे 12 बोरी मूड़ी एवं 81 सफेद बोरी कुरकुरे जैसे खाद्य पदार्थ रख दिया गया था, ताकि जांच में किसी को भी पता चले कि इस ट्रक पर कुरकुरे एवं मूड़ी लदा हुआ है. पुलिस को देखकर चालक बलवीर सिंह भागने की कोशिश करने लगा. इस बीच पुलिस दल ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया. चालक बलवीर सिंह ने पुलिस को कोई कागज नहीं दिखाया. पुलिस ने उसे कागज प्रस्तुत करने का मौका दिया, परंतु कोई कागज दिखने में वह असमर्थ रहा. इसके बाद पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया और ट्रक को थाना में लगा दिया. ट्रक पर इंपिरियल ब्लू ओन्ली फॉर सेल इन पंजाब लिखा हुआ अवैध शराब जप्त किया. इसमें 375 एमएल का इंपिरियल ब्लू लिखा हुआ विदेशी शराब 225 पेटी, 750 एमएल का इंपिरियल ब्लू लिखा हुआ 46 पेटी तथा 180 एमएल का इंपिरियल ब्लू लिखा हुआ विदेशी शराब 24 पेटी कुल 295 पेटी में टोटल 7000 बोतल शराब है. इसके अलावा 12 बोरा मूढ़ी , कुरकुरे जैसे खाद्य पदार्थ 82 सफेद बोरी तथा काला रंग का वीवो कंपनी का एंड्राइड मोबाइल पुलिस ने जप्त किया. नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस संबंध में गोविंदपुर थाना कांड संख्या 315/ 2024 दिनांक 12. 12.2024 धारा 274, 275, 293, 303(2) 317 (2) बीएनएस 2023 एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत कांड अंकित किया गया है. छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक दिनेश प्रसाद मेहता, बिरजू राम, शैलेंद्र कुमार , गुरु दयाल सबर, मैथ्यू एक्का, तुफैल खान एवं गौरव कुमार शामिल थे.

## धरना पर बैठे रैयत को सीओ ने धमकाया, कहा भेज देंगे जेल

### जब तक रैयतों के मसले हल नहीं होंगे तब तक धरना चलता रहेगा : जगत महतो



**खास बातें**

- अंचल कार्यालय के समक्ष शांति पूर्वक तरीके से धरना प्रदर्शन जारी रहेगा

**संवाददाता । बरोरा**

बरोरा । ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले बाघमारा अंचल के विभिन्न क्षेत्रों के रैयतों का धरना शुक्रवार को भी जारी रहा. रैयत अरबिन्द सिन्हा ने बताया कि धरना के दूसरे दिन शुक्रवार को धरना शुरू होने के बाद दोपहर 1 बजे के लगभग सीओ बाल किशोर महतो ने धरना दे रहे लोगों में से 2 लोगों को अपने कक्ष में बुलाया. तब रैयत अरबिन्द सिन्हा एवं कमल महतो सीओ के कक्ष में गए. रैयत अरबिन्द सिन्हा ने बताया कि बाघमारा सीओ ने जमीन संबंधित मामले को लेकर कहा कि कुछ दिन से नेट बन्द है जिस कारण काम नहीं हो रहा है. इस पर रैयतों ने कहा कि मामला कुछ दिन का नहीं बल्कि 8-10 महीना और साल भर का है.कर्मचारी के आईडी में 5 महीना से आवेदन पड़ा है लेकिन उसको बढ़ाया नही जा रहा है. कोर्ट का आदेश है लेकिन अंचल द्वारा इसका पालन नहीं कराया जा रहा है. जिसके कारण जमीन को दूसरे पक्ष कब्जा कर रहे हैं. दूसरे पक्ष का कागजात देखे बिना अमीन बिना मापी किये वापस लौट जा रहा है. इस पर सीओ ने कहा कि अंचल के और भी काम है. सब देखना होता है. आप लोग इस प्रकार धरना देकर काम को बाधित कर रहे हैं. रैयत पत्रकार सह आरटीआई कार्यकर्ता अरबिन्द सिन्हा ने बताया कि सीओ ने सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में अरबिन्द सिन्हा पर केस करने और जेल भेजने की धमकी दी. मामले को लेकर ग्राम स्वराज के जगत महतो ने बताया कि अंचल अधिकारी से बात हुई है. उन्होंने कहा कि सभी मांगो पर कार्रवाई की जाएगी लेकिन महीनों और वर्षों से लंबित मामलों पर कार्रवाई कब की जाएगी. इसको लेकर कुछ नहीं कहा. जगत ने बताया कि जब तक सभी रैयतों के मसले हल नहीं हो जाएंगे. तब तक हर मंगलवार एवं शुक्रवार को अंचल कार्यालय के समक्ष शांति पूर्वक तरीके से धरना प्रदर्शन जारी रहेगा. आज के धरना प्रदर्शन में ग्राम स्वराज के जगत महतो, रैयत पत्रकार सह आरटीआई कार्यकर्ता अरबिन्द सिन्हा, रैयत मुसीब अख्तर खान, सुमित्रा देवी, विशाल कुमार महतो, तीता कुमारी उर्फ लक्ष्मी देवी, कैलाश रजवार, कमल महतो, दिलीप कु महतो, सलिक मिस्त्री, रूपेश रवानी, राजा राम महतो आदि बैठे थे.

## ईस्ट सेंट्रल इम्प्लाइज यूनियन को मान्यता मिलने पर खुशी का माहौल

**झरिया ।** पूर्व मध्य रेलवे ने मान्यता प्राप्त यूनियन को ले कर पिछले चार, पांच, छः दिसंबर को हुए चुनाव में परिणाम आने के बाद ईस्ट सेंट्रल इम्प्लाइज यूनियन को मान्यता मिलने पर यूनियन कर्मियों में काफी खुशी का माहौल है। जीत के इस खुशी के अवसर यूनियन के नेताओं और समर्थकों ने शुक्रवार को पाथरडीह शाखा की ओर से गाजे बाजे और आतिश बाजी करते हुए विजय जुलूस निकाली . एक दूसरे को अबीर गुलाल के लगा खुशी का इजहार किया. विजय जुलूस पथरडीह आरआर बिल्डिंग सीवाईएम कार्यालय कैरेज एंड वैगन विभाग फ्रंट डिपो डीसीएम कार्यालय होते हुए आई ओ डब्लू कार्यालय पहुंच कर समाप्त हो गई. मौके पर सुनील कुमार सिंह,राजेश कुमार, बी आर सिंह, एसके कुमार, आशुतोष कुमार,सोनू कुमार पासवान,एच के सिंह,पी प्रसाद,बी एस प्रसाद,आदि मौजूद थे.

## बकाया को लेकर हड़ताल करेंगे असंगठित मजदूर

**खास बातें**

- झमाडा जलसंयत्र केंद्र जामाडोबा के मजदूरों की थाने में शिकायत के बाद वार्ता

**संवाददाता । झरिया**

झमाडा जलसंयत्र केंद्र जामाडोबा में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत कार्यरत असंगठित मजदूरों द्वारा बकाया वेतन की मांग को लेकर शुक्रवार से हड़ताल किए जाने की चेतवानी तथा आंदोलन को लेकर जोरापोखर थाना में दी गई लिखित शिकायत के बाद झमाडा के अधिकारी हरकत में आकर मजदूरों से वार्ता किया। वार्ता में कनीय अभियंता आशुतोष राणा द्वारा दस दिनों के अंदर वेतन भुगतान कराने का मजदूरों को दिए गए आश्वासन के बाद शुक्रवार की शाम से हड़ताल करने की मजदूरों की आंदोलन को स्थगित कर दिया गया है. झमाडा के कनीय अभियन्ता आशुतोष राणा ने मजदूरों के साथ वार्ता कर दस दिन के अन्दर वेतन भुगतान कराने का आश्वासन दिया है. मजदूरों का नेतृत्व कर रहे अमलेश कुमार ने बताया कि कनीय अभियंता द्वारा बकाया वेतन का अविलंब भुगतान कराने का दिए गए आश्वासन के उपरांत हड़ताल को दस दिनों तक स्थगित कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि अगर दस दिनों के भीतर वेतन भुगतान नहीं किया जाएगा तो मजदूर उग्र आन्दोलन को बाध्य होगा.

## हनुमान मंदिर निर्माण कार्य का विवाद गहराया, दो समुदाय के बीच आक्रोश

**संवाददाता । झरिया**



बीसीसीएल न्यू कॉलोनी डिगवाडीह नंबर 10 ट्रांसफार्मर घर के निकट हनुमान मंदिर निर्माण कार्य का विवाद गहरा गया है. इसको लेकर दो समुदाय के बीच आक्रोश व्याप्त है.एक समुदाय के लोगों ने जोरापोखर थाना में लिखित शिकायत की है. मंदिर स्थल के निकट लोगों ने प्रदर्शन भी किया तथा जय श्री राम के नारे लगाए. नेतृत्वकर्ता उर्मिला देवी ने बताया कि जिस जगह पर मंदिर निर्माण का कार्य किया जा रहा है, वहां पहले कॉलोनी के लोग अपने घर का कूड़ा कचड़ा फेंकते थे. जिससे काफी बदबू फैलता था. आस-पड़ोस के रहने वाले सभी लोगों ने उक्त स्थल पर सफाई करवा कर शुभ मुहूर्त देखते हुए मंदिर का निर्माण एक पखवाड़ा से शुरू कर दिया है. बगल में रहने वाले दूसरे समुदाय के मो. आलम ने जान बूझकर मंदिर के तरफ खिड़की खोलने का कार्य शुरू कर दिया. मना करने के बाबजूद भी झगड़ा लड़ाई करने को उतारू हो गया है. जिसकी शिकायत जोरापोखर थाना में किया गया है. जोरापोखर पुलिस मामले की जाँच कर रही है. प्रदर्शनकारियों में सूरज कुमार मंडल,राहुल कुमार तांती,संदीप रावत,आयुष यादव,सूरज साव,नरेश प्रसाद,रंजीत पासवान आदि थे.विश्व हिन्दू परिषद के धनबाद महानगर सह मंत्री लल्लू झा ने कहा कि मंदिर के तरफ दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा खिड़की व दरवाजा खोलना बिल्कुल गलत है. उसपर अविलम्ब पुलिस को रोक लगानी चाहिए ताकि आगे चलकर कोई विवाद न हो. ऐसा नही होने पर परिषद आंदोलन को लेकर बाध्य हो जाएगा.

## दहेज हत्या में तीन आरोपी दोषी करार सजा 21 को

**संवाददाता । धनबाद**

धनबाद : दहेज के लिए विवाहिता को जलाकर मार देने के एक मामले में अदालत ने अपना फैसला सुनाया । धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायधीश पारस कुमार सिन्हा की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी झरिया निवासी मो एहसान अली(पति), मुसायदा खातुन(सास) एवं सहाबुद्दीन (ससुर) को दोषी करार दिया है ।अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 21दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी मृत्तका जहाना प्रवीण के पिता अब्बास प्यादा के शिकायत पर झरिया थाने मे 12 अक्टूबर 19 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक मृत्तका की शादी एहसान के साथ वर्ष 2017 मे हुई थी। आरोप था की शादी के एक माह बाद से आरोपीयों ने एक लाख रुपए एवं मोटरसाइकिल की मांग को लेकर मृत्तका को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था । 10 नवंबर 19 को मृतका के साथ आरोपियों ने मारपीट की थी जिसकी शिकायत मृतका ने अपने पिता को फोन कर दिया था । आरोप था कि 12 नवंबर 19 को आरोपियों ने मृतका को जला कर मार दिया। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 9 जनवरी 20 को आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था । 17 दिसंबर 21 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान अभियोजन ने कुल दस गवाहों का परीक्षण कराया था।

## जंगली जानवर से घायल लोगों को मिलेगा मुआवाजा : दीपक कुमार



**संवाददाता । गोमो**

गोमो। वन विभाग तोपचांची के पदाधिकारी दीपक कुमार रवानी गुरुवार की रात अपने टीम के साथ पाकेर बेडा गांव पहुंच कर लकड़बग्घा के हमले से घायल व्यक्तियों से मिले और हमलावर जानवर की रुप रेखा के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली तथा घायलों को मुआवजा राशि दिलाने के लिए फार्म उपलब्ध कराया.

उन्होंने बताया कि पाकेर बेडा गांव में चार लोगों को जंगली जानवर ने काट कर घायल किया है . जिसमें दो महिला और दो पुरुष हैं. पोचरी बस्ती में भी कई लोगों को काटने की सूचना मिली है, उसकी पडताल की जा रही है. जिस उंचाई पर जानवर ने लोगों को काटा है, उससे सियार होने का अनुमान लगता है. जबकि ग्रामीणों का कहना है कि सियार नहीं लकड़बग्घा का हमला है.

**ग्रामीणों ने एक जंगली जानवर को मार कर फेंका :** ग्रामीणों ने बताया कि जंगली जानवर पिछले सप्ताह से गावों में घूस रहा है. इसके पूर्व बगल के गांव पोचरी बस्ती में लगभग 11 लोगों को काट कर घायल किया है. उसके बाद पाकेर बेडा गांव की ओर आ पहुंचा है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग द्वारा संज्ञान में नहीं लेने पर जानवर द्वारा काटने के क्रम में लोगों ने एक जानवर को मार फेंका है. मामला कानूनी उलझन होने के कारण इसकी पुष्टी करने से लोग बच रहे हैं.

## स्मार्ट क्लास रूम का विधायक, जिप अध्यक्ष ने किया उद्‌घाटन

**महुदा।** बाघमारा अंचल के मध्य विद्यालय राधानगर में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह एवं पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश कुमार पटवारी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को नोटबुक एवं बैग वितरित किया. साथ ही सीएसआर के तहत कोल इंडिया द्वारा प्रदत आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास रूम का उद्‌घाटन किया. कार्यक्रम के लिए उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष ने बच्चों का क्लास भी लिया, साथ ही शिक्षकों को भी कुछ सुझाव दिया. विधायक शत्रुघ्न महतो ने शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की बात विधानसभा में उठाने का आश्वासन दिया. मौके पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के मोहम्मद शमसुद्दीन, वासुदेव खवास , रामानुज सिंह, तरूण पान आदि मौजूद थे.

## रामाकुंडा में रेलवे परियोजना कार्य को ग्रामीणों ने रोका

### कहा पहले मुआवजा भुगतान करें फिर काम करें

**संवाददाता । गोमो**

धनबाद रेल मंडल के रामाकुंडा हॉल्ट के समीप शुक्रवार को रेलवे फ्लाईओवर परियोजना का कार्य को भूमि रैयत ग्रामीणों ने विरोध कर रोका और कहा कि पहले भूमि का मुआवजा राशि भुगतान करें फिर आगे जमीन पर काम करें. परियोजना के कंपनी द्वारा माथाडीह मौजा में पोकलेन के जरिए मिट्टी कटाई और भराई का काम शुरू किया गया था. रामाकुंडा ग्राम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अमृत रजक उप प्रमुख हेम लाल महतो की अगुआई में भूमि रैयत ग्रामीणों ने स्थल पर पहुंचकर विरोध कर कार्य को बंद करवा दिया तथा कंपनी के मैनेजर को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जब तक मुआवजा राशि भुगतान नहीं होता है, तब तक स्थल पर किसी तरह कोई कार्य नहीं होगा. भूमि रैयत ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे परियोजना के कार्यरत कंपनी मैनेजर को हिदायत देने के बाद भी अपने हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं. रात के अंधेरे में भूमि पर जेसीबी पोकलेन लगाकर कार्य करवाने लगता है. जबकि उक्त भूमि पर रेलवे के द्वारा कम्पनी को एनओसी नहीं दी गई है. कार्यरत कंपनी गलत हरकत के कारण मजबूरन हम लोगों को विरोध आंदोलन पर उतरना पड़ रहा है. वही कम्पनी के साईड इंचार्ज संजय विद्यार्थी ने कहा कि मुआवजा राशि सभी भूमि रैयत को मिल चुका है. केवल सन्तोष महतो को मुआवजा राशि का भुगतना नहीं हुआ है. रेलवे पदाधिकारियों के आश्वासन के बाद सन्तोष महतो द्वारा हामी भरने के बाद काम चालू किया गया है.

जब काम चालू किए तो विरोध कर रहा है. मौके पर उपस्थित भूमि रैयत सूरज कुम्हार, बुधन कुम्हार, मंटू कुम्हार, मनोज कुम्हार, चिंता मनी महतो, सन्तोष महतो, मनोज महतो मिथुन कुम्हार,हिरा लाल महतो, मनोज महतो आदि अनेक लोग शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक

**पुटकी।** बीसीसीएल के डब्लूजे एरिया मुनीडीह में द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक क्षेत्रीय जीएम अरिंदम मुस्तफी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जीएम कार्यालय में हुई. बैठक में प्रबंधन पक्ष से बीसीसीएल आईएसओ एवं सुरक्षा प्रबंद्धकीय पदाधिकारी तथा दूसरे पक्ष के सेफ्टी बोर्ड मेम्बर ( मुख्यालय ) शामिल थे. बैठक में प्रोजेक्टर के माध्यम से उत्पादन एवं सुरक्षा को लेकर विस्तार रूप से बताया गया. इसके पश्चात समिति के सदस्यों ने नॉडल इंचार्ज सह यूनियन प्रतिनिधि आरपी सिंह ( कोइमपं ) के नेतृत्व में क्षेत्रीय अस्पताल मुनीडीह का निरीक्षण किया. मौके पर सिंह ने जल्द यहां टेक्नीशियन उपलब्ध कराने पर जोर दिया.

### रेल परियोजना के कार्यों का विरोध

**तोपचांची ।** शुक्रवार को तोपचांची प्रखंड के रामाकुण्डा पंचायत में रेल परियोजना के तहत चल रहे कार्यों को मुआवजा नहीं देने और अन्य मांगों को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया है. ग्रामीणों ने बताया कि रेल परियोजना के तहत रामाकुण्डा पंचायत के आईबीएच हाल्ट के समीप कार्य किया जा रहा है, लेकिन कार्य अधिकतर उन भूमि में किया जा रहा है. जिसमें रैयतों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है.ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक द्वारा लगातार मनमानी तरीके से काम किया जा रहा है. रैयतों के जमीन से बिना सूचना के तालाब के नाम पर जमीन से मिट्टी की कटाई की जा रही है. ग्रामीणों ने कहा कि जब ग्रामीणों को उचित न्याय नहीं मिल जाता है तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा.

### फरार प्रेमी युगल बिहार में पकड़ाया

**झरिया ।** सुदामाडीह थाना अंतर्गत सुदामाडीह रिवर से फरार प्रेमी युगल जोड़ी को बिहार से दबोचा गया है. जानकारी के अनुसार सुदामाडीह पुलिस ने नाबालिक युवती के पिता के ब्यान पर मामला दर्ज कर प्रेमी के साथ फरार युगल को मुंगेर बिहार से पकड़ कर थाना लाई है. जिसमें पुलिस ने प्रेमी युवक बिनोद कुमार ऊर्फ बिनोद कुशवाहा ऊर्फ लालू को धनबाद जेल भेज दिया है. जबकि नाबालिग का धनबाद न्यालय मे पुलिस ने 164 के तहत बयान कराया गया. पूर्व पाषर्द का भांजा बिनोद कुमार ऊर्फ लालू का पिछले एक वर्ष से एक नाबालिक के साथ प्रेम- प्रसंग चल रहा था. मौका पाकर प्रेमी युवक ने घर जाने के बहाने नाबालिग लड़की को लेकर मुंगेर बिहार चला गया था.

### रिसोर्स सेंटर ने जाना दिव्यांग विशाल का हाल

झरिया । भौंरा गोरखूंटी में एक अनाथ दिव्यांग 20 वर्षीय विशाल कुमार राय की सूचना पर झरिया रिसोर्स सेंटर के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह और स्पेशल एजुकेटर अखलाक अहमद मौके पर पहुंच कर पूरी जानकारी ली. बस्ती के लोगों के आग्रह पर धनबाद स्थित मिशनरी ऑफ चैरिटी अनाथालय से संपर्क स्थापित कर वहां रखने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है. विशाल पूरी तरह दिव्यांग है और अपना दैनिक क्रिया करने में असमर्थ है. दो वर्ष पहले पिता महावीर राय एवं माता सुनीता राय का देहांत हो जाने पर अपने मौसी के पास रह रहा था किंतु दुर्भाग्यवश 15 दिन पहले उसकी मौसी की भी मृत्यु हो गई. अब कोई अपना नहीं रहा. आस पास के लोगों ने डॉ मनोज सिंह को खबर दी. झरिया रिसोर्स सेंटर के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह ने कहा कि दिव्यांग विशाल रॉय को मिशनरी ऑफ चैरिटी धनबाद के अनाथालय में रखने की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है । सुदामडीह थाना में आवेदन किया गया है । संभवतः शनिवार को अनाथालय में रखा जाएगा ।

### भाजपा के वरीय कार्यकर्ता कैलाश राय की मौत

गोमो। गोमो के हरिहरपुर गांव निवासी भाजपा के समर्पित वरीय कार्यकर्ता 56 वर्षीय कैलाश राय का शुक्रवार शाम को निधन हो गया. उनके निधन पर भाजपा नेता दिलीप गोस्वामी, शंकर पांडे , पप्पू बरनवाल, सुनील मंडल, कविता बरनवाल, मुक्तेश्वर गोस्वामी, राजू तिवारी सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया. नेताओं ने बताया कि कैलाश राय का बाइक से दुर्घटना होने बाद बीमार चल रहे थे. चलने फिरने में लाचार हो गए थे. शुक्रवार शाम को उनका निधन हो गया.

▼ ब्रीफ खबरें

### 17 दिसंबर को जन आक्रोश रैली

**डुमरी।** नरसंहार के विरुद्ध 17 दिसंबर को क्षेत्र की सामाजिक कार्यकर्ता बबिता जायसवाल अपने दर्जनों समर्थकों के साथ रांगामाटी रेलवे गेट से इसरी बाज़ार होते हुए वनांचल चौक डुमरी तक जन आक्रोश रैली निकालेगी. इस बाबत उन्होंने एसडीएम को आवेदन दिया है. इधर श्रीमती जायसवाल ने कहा कि हिन्दुओं एवं हिन्दू मंदिरों के साथ बांग्लादेश में जो बर्बरता हो रहा है. उसपर केन्द्र सरकार को कड़े कदम उठाते हुए बांग्लादेश से सारे व्यापारिक रिश्ते समाप्त कर देना चाहिए.

### स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी केंद्रों का बीडीओ ने लिया जायजा

**कसमार (बोकारो)।** कसमार के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी ने शुक्रवार को कसमार प्रखण्ड के खैराचातर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विधि व्यवस्था एवं प्रतिदिन के कार्यों की विस्तृत जानकारी उपस्थित एएनएम व स्वास्थ्य कर्मियों से ली. उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश देते हुए बताया कि खैराचातर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हर रोज सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, इसलिए मरीजों की चिकित्सा सेवा में किसी तरह की गड़बड़ी व कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

### डुमरी में युवा कांग्रेस प्रखंड कमिटी की बैठक

**डुमरी (गिरिडीह)।** युवा कांग्रेस प्रखंड कमिटी डुमरी की एक बैठक शुक्रवार को जामतारा पंचायत सचिवालय सभागार में हुई. अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष कपिल ठाकुर ने किया. बैठक में संगठनात्मक मजबूती व संगठन का विस्तार पंचायत स्तर पर करने पर विचार विमर्श किया गया.
वहीं हेमंत सरकार द्वारा पेश किये गए बजट को प्रदेशवासियों के हित में बताया. वक्ताओं ने कहा कि हेमंत सरकार समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखती है और यही कारण है कि झारखंड की जनता ने पूर्ण बहुमत से आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार बनायी. इस दौरान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया.

### ईएसएल वेदांता का उत्क्रमित उच्च विद्यालय में पौधरोपण

**बोकारो।** चास प्रखण्ड के मधुनियां पंचायत में वृहस्पतिवार को इलेक्ट्रो स्टील वेदांता सीएसआर विभाग के द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय मधुनियां में स्मार्ट बायो टॉयलेट, शुद्ध पेयजल मशीन, पौधरोपण एवं छात्राओं के बीच स्कूली बैग का वितरण किया गया. इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रतिमा दास, ईएसएल सीएसआर जीएम प्रदीप द्विवेदी, बीएसयूएस अधिकारीगण, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मधुनियां के प्राध्यापक सुरेश झा, मधुनिया पंचायत के मुखिया प्रदीप कुमार एवं स्कूल के छात्र, छात्राएं आदि उपस्थित थे.

### महिला समिति ने किया कंबल वितरण

**बोकारो।** महिला समिति बोकारो की कार्यकारिणी दल बीएसएल के सीएसआर विभाग के सहयोग से बोकारो के समीप स्थित ग्राम गोड़ाबाली में कंबल का वितरण किया. समिति की अध्यक्ष अनिता तिवारी ने ग्रामवासियों को स्वच्छता का महत्व बताया तथा दैनिक जीवन में इसका पालन कैसे हो समझाते हुए समिति द्वारा उत्पादित साबुन के अलावा युवतियों में सैनिटरी नैपकिंस का भी वितरण किया.

## ठीका मजदूरों, फुटपाथ दुकानदारों, विस्थापितों की समस्याओं के समाधान की मांग

# स्ट्रीट वेंडर एक्ट को करें लागू : कुमार अमित

**खास बातें**

- स्पोर्ट्स कोटा के तहत खिलाड़ियों को नौकरी दें
- स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार मेला लगाएं

संवाददाता। बोकारो



बोकारो स्टील प्लांट के ठेका मज़दूरों, बेरोजगार युवाओं, फुटपाथ दुकानदारों, विस्थापितों सहित अन्य जनसमस्याओं को लेकर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने बीएसएल के अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद से प्रशासनिक भवन में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा. कुमार अमित ने राजन प्रसाद से बोकारो में ट्रांसपोर्ट नगर के लिए गैर विवादित भूमि उपलब्ध कराने, ठेका मजदूरों को मेडिकल के नाम पर छंटनी न करने, राउरकेला स्टील प्लांट के तर्ज़ पर स्थानीय सभी इच्छुक छात्रों को अप्रेंटिस की ट्रेनिंग कराने, चतुर्थ श्रेणी के पदों के विस्थापित एवं स्थानीय युवाओं के लिए पूर्व की भांति आरक्षित करने, शेष उत्तरी विस्थापित गांवों को पंचायत का दर्जा दिलाने हेतु पहल करने, झुग्गी झोपड़ी एवं खटाल वासियों को उचित दर पर बिजली और पानी का कनेक्शन देने, फुटपाथ दुकानदारों को लाइसेंस पर गुमटी आवंटित कर भारत सरकार के स्ट्रीट वेंडर एक्ट के तहत स्थायीकरण करने एवं उसमें विस्थापितों को प्राथमिकता देने, अप्रेंटिस की ट्रेनिंग कर चुके विस्थापित युवाओं को नियोजन देने, स्पोर्ट्स कोटा के तहत पूर्व की भांति खिलाड़ियों को नौकरी देने, विभिन्न सेक्टरों में बंद पड़े स्वास्थ केन्द्रों को आउटसोर्सिंग के तहत प्राइवेट अस्पतालों को देने, स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए प्लांट के आउटसोर्सिंग कम्पनियों के द्वारा रोजगार मेला लागने, प्लांट का उत्पादन बढ़ाने के लिए विस्तारीकरण करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की एवं उनसे समाधान की दिशा में पहल करने का आग्रह किया. कुमार अमित ने प्रबंधन से अतिक्रमण मुक्त अभियान के आड़ में गरीब दुकानदारों और लोगों को परेशान न करते हुए बोकारो को अशांत न करने का विशेष आग्रह भी किया है. अधिशासी निदेशक ने कुमार अमित के इन विषयों पर गम्भीरता पूर्वक विचार कर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया. इस अवसर पर नगर सेवा के मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार एवं युवा भाजपा नेता करण गोराईं, लालबाबू, चंद्रप्रकाश आदि भी उपस्थित थे.

# लैंपस में धान खरीद होगी 15 से , तैयारी पूरी : डीएसओ

**खास बातें**

- धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल

संवाददाता। बोकारो



उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालको शुक्रवार को चास प्रखंड स्थित राधानगर पंचायत एवं पिंड्राजोरा में धान अधिप्राप्ति के संबंध में किसानों से बातचीत की. किसानों को धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही बेचने को लेकर जागरूक किया. साथ ही बिचौलियों के माध्यम से दूसरे राज्यों में धान नहीं बेचने की बात कही. उन्होंने बताया कि सरकार ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रुपये प्रति क्विंटल (समर्थन मूल्य 2300 व बोनस 100 रुपये) निर्धारित किया है.

**धान अधिप्राप्ति के लिए सभी तैयारी पूरी :** डीएसओ ने बताया कि जिला प्रशासन ने धान अधिप्राप्ति के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली है. किसान धान को 15 दिसंबर, 2024 से नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र व लैंपस में बेच सकते हैं. उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वह कम मूल्य पर पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों को धान नहीं बेचें. अगर किसी प्रकार की परेशानी हो रही है, तो इसका निराकरण जिला प्रशासन या अंचल कार्यालय में करायें.

**धान अधिप्राप्ति से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें :** इस साल धान की खरीद 2,400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी. धान बेचने के लिए, किसानों को अपना निबंधन कराना होगा. इसके लिए आधार कार्ड, ज़मीन का रसीद और बैंक पासबुक जैसी जरूरी जानकारी देकर अंचल कार्यालय में निबंधन फॉर्म जमा करना होगा. रैयत किसान अधिकतम 250 क्विंटल और गैर-रैयत किसान अधिकतम 100 क्विंटल धान बेच सकते हैं. धान बेचने के लिए किसान अपने पसंद के किसी भी अधिप्राप्ति केंद्र पर जा सकते हैं. धान की राशि का भुगतान किसानों के बैंक खाते में सीधे किया जाएगा.
इस दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे.

### बाइक चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार

**गोड्डा।** दो पहिया वाहनों की चोरी कर उसको बेचने का कारोबार करने के दो अलग-अलग मामलों मामले में गोड्डा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन चोर को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया. इनके पास से चोरी के दो बाइक को भी बरामद कर लिया गया. घटना की जानकारी देते हुए एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि नगर थाना प्रभारी दिनेश महली के नेतृत्व में स्थानीय नहर चौक पर पुलिस दल वाहनों की चेकिंग कर रहा था. इसी क्रम में होंडा साइन बाइक पर सवार होकर दो युवक आए और पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़कर भागने का प्रयास कर ही रहे थे. जवानों ने खदेड़ कर बाइक सवार दोनों युवकों को पकड़ लिया. पूछताछ में इन युवकों ने बताया कि बाइक चोरी की है. जिसे कुछ दिन ही पहले गंगटा मोहल्ले स्थित खाद गोदाम से चोरी कर लिया था. चोरी की बाइक को सलटाने के लिए ग्राहक की तलाश में बाजार की ओर जा रहे थे कि इसी क्रम में वाहन चेकिंग दल के हत्थे चढ़ गया. पकड़ाए गए दोनों युवकों की पहचान मो नसीरुद्दीन एवं मो ग्राम गोड्डा बाजार के रूप में हुई है. बाइक चोरी की एक अन्य घटना में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर से बुलेट मोटरसाइकल की चोरी कर लिया गया था. इस गाड़ी को बेचने के लिए ग्राम कुराबा ले जाया गया था. इसी बीच मुफ्फसिल थाना प्रभारी कृष्णा साह के नेतृत्व में पुलिस ने मौके पर पहुंच कर एक आरोपी गुलशन कुमार पंजीयारा को गिरफ्तार कर लिया.

## आद्रा मंडल में साप्ताहिक रोलिंग ब्लॉक के कारण ट्रेनों का विनियमन

संवाददाता। बोकारो



आद्रा मंडल में 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक इंजीनियरिंग, ट्रेक्शन और सिग्नल विभाग द्वारा साप्ताहिक रोलिंग ब्लॉक के कारण ट्रेनों का विनियमन नियोजित किया गया है. इसके परिणामस्वरूप कई ट्रेनों का रद्दीकरण और शॉर्ट-टर्मिनेशन/शॉर्ट-ओरिजिनेशन किया गया है. 08644/08643 (आसनसोल-आद्रा-आसनसोल मेमू 16 दिसंबर और 21 दिसंबर को रद्द एवं 08679/08680(आद्रा-मिदनापुर-आद्रा) मेमू 20 दिसंबर और 22 दिसंबर को रद्द रहेंगी. वहीं शॉर्ट-टर्मिनेशन/शॉर्ट-ओरिजिनेशन ट्रेनों में 08174/08652 (टाटा-आसनसोल- टाटा) मेमू 16 दिसंबर, 17 दिसंबर, 19 दिसंबर और 21 दिसंबर को आद्रा पर शॉर्ट-टर्मिनेट/शॉर्ट-ओरिजिनटेड होगी. इस दौरान ट्रेन की परिसेवा आद्रा-आसनसोल -आद्रा के मध्य रद्द एवं 03593/03594 (आसनसोल-पुरूलिया-आसनसोल) मेमू 17 दिसंबर, 19 दिसंबर और 22 दिसंबर को आद्रा पर शॉर्ट-टर्मिनेट/शॉर्ट-ओरिजिनटेड होगी. इस दौरान ट्रेन की परिसेवा आद्रा- पुरुलिया -आद्रा के मध्य रद्द रहेगी. ज्ञात हो कि 18601/18602 (टाटा - हटिया-टाटा) एक्सप्रेस एवं 18035/18036 (खड़गपुर - हटिया - खड़गपुर) एक्सप्रेस 16 दिसंबर से 26 दिसंबर तक आरओबी कार्य हेतु रांची मंडल के द्वारा पहले ही रद्द कर दी गई है.

# सीएम ने पत्नी के साथ बैद्यनाथ धाम मंदिर में की पूजा-अर्चना

## एयरपोर्ट परिसर में मुख्यमंत्री को दिया गॉर्ड ऑफ ऑनर

संवाददाता। देवघर



प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया. तीर्थ पुरोहितों के जरिये पूरे विधि-विधान से बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर के गर्भ गृह में शिवलिंग की पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने बाबा भोलेनाथ से झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की प्रार्थना की. इससे पूर्व देवघर एयरपोर्ट आगमन पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन का विधायक, सारठ उदय शंकर सिंह, संथाल परगना कमिश्नर लालचंद दादेल, संथाल परगना आईजी क्रांति कुमार, डीआईजी संजीव कुमार, उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर, पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग के जरिये स्वागत और अभिवादन किया गया. इस मौके पर जिला प्रशासन देवघर द्वारा एयरपोर्ट परिसर में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया.

### सीएम के कार्यक्रम स्थल का जिला प्रशासन ने लिया जायजा

**साहिबगंज।** बरहेट प्रखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर सिद्धो कान्हु के जन्म स्थली भोगनाडीह में तैयारी जोर शोर से चल रही है. वहीं तैयारी को लेकर कार्यक्रम स्थल जायजा लेने शुक्रवार के देर शाम साहिबगंज उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास भोगनाडीह पहुंचे एवं कार्यक्रम स्थल का विधि व्यवस्था का जायजा लिया. इस मौके पर बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल, पुलिस निरीक्षक नूनू देव राय, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह मौजूद थे.

### रासायनिक अर्थिंग परियोजना का उद्घाटन

**बोकारो।** बीएसएल टाउनशिप के लिए रासायनिक अर्थिंग परियोजना का उद्घाटन अधिशासी निदेशक-प्रभारी (मानव संसाधन) राजन प्रसाद के द्वारा किया गया. इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवा) कुंदन कुमार, नगर सेवा विभाग के महा प्रबंधक-प्रभारी (विद्युत) राजुल हरकरनी, महा प्रबंधक (विद्युत) ए एन सिंह, उप महाप्रबंधक डी के सिंह, वरीय प्रबंधक आशुतोष कुमार, परियोजना डिवीज़न के उप महाप्रबंधक आरएल मीणा, वरीय प्रबंधक अभिषेक आदित्य तथा अन्य अधिशासी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे. बोकारो स्टील सिटी में लगभग 250 से अधिक विद्युत सब स्टेशन हैं, जहां पर 2000 रासायनिक अर्थिंग स्थापित की जाएंगी. बीएसएल में पहली बार उन्नत प्रकार की रासायनिक अर्थिंग प्रतिस्थापित किया जा रहा है. रासायनिक अर्थिंग प्रणाली, विद्युत लाइन और उपकरण के अर्थिंग का बहुत ही प्रभावी तरीका है क्योंकि यह चालकता को बढ़ाता है और विद्युत प्रणालियों के लिए लंबे समय तक चलने वाली सुरक्षा प्रदान करता है.

### जेएलकेएम के कसमार प्रखंड अध्यक्ष को मातृ शोक

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के मुरहुलसुदी निवासी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के कसमार प्रखंड अध्यक्ष प्रशांत महतो की मां तथा सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक गुरु प्रसाद महतो की पत्नी उर्मिला देवी (उम्र 66 वर्ष) का शुक्रवार को निधन हो गया. बताया गया कि वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी. रांची और बोकारो की चिकित्सकों से उनका इलाज चल रहा था. इसी क्रम में शुक्रवार की सुबह उन्होंने अपने घर पर अंतिम सांस ली. दोपहर को उनका अंतिम संस्कार गांव के सामने स्थित श्मशान में किया गया. उनके निधन से जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं, समर्थकों, शिक्षकों व ग्रामीणों के बीच शोक व्याप्त है. जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो, गोमिया की पार्टी प्रत्याशी रही पूजा महतो के अलावा डॉ बसंती हेंब्रम, केंद्रीय सचिव भुवनेश्वर महतो, प्रखंड सचिव सौरभ जायसवाल, मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार महतो, उप मुखिया प्रतिनिधि नरेश महतो आदि ने शोक जताया है.

### अबुआ आवास निर्माण को जबरन रोकने पर विधवा ने एसपी को लिखा पत्र

**बोकारो।** चंद्रपुरा प्रखंड के सिजुआ पंचायत के अबुआ आवास के लाभुक विधवा गुलपी देवी ने पुलिस अधीक्षक बोकारो को पत्र देकर सिजुआ गांव के कुछ ग्रामीणों पर अबुआ आवास निर्माण को जबरन रोकने का आरोप लगाया है. सिजुआ गांव की विधवा महिला गुलपी देवी ने अपने ही गांव के लक्ष्मण महतो, रामचंद्र महतो, बालेश्वर महतो, मोहन महतो, हीरालाल महतो, लाल मोहन महतो के ऊपर अबुआ आवास के निर्माण में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया है. गांव के रहने वाले उसके अपने सगे रिश्तेदार निर्माणाधीन अबुआ आवास को रोकते हुए उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की . इस विवाद को लेकर ग्रामीणों के द्वारा पंचायती भी आयोजित की गई.

### सीसीएल कथारा महाप्रबंधक से जेएलकेएम नेत्री ने की मुलाकात

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार से शुक्रवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की नेत्री पूजा महतो मुलाकात करने महाप्रबंधक कार्यालय पहुंची. जिस मुलाकात के दौरान विस्थापितों व बेरोजगारों के समस्या को कथारा महाप्रबंधक के समक्ष रखी. जहां पूजा महतो के साथ कथारा, बोडिया बस्ती, खेतको, असनापानी आदि गांवों के कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल थे. पूजा महतो ने महाप्रबंधक को कहा कि कोयला खदानों में आउटसोर्सिंग कंपनी कार्य कर रही है , जहां स्थानीय लोगों को अच्छे कामों को तो छोड़िये ड्राइवर की नौकरी भी नहीं दी जा रही है. जो काफ़ी निंदनीय व चिंतनीय विषय है. वहीं आउटसोर्सिंग कंपनी में 75% स्थानीय लोगों को रोजगार देने का प्रावधान है, इसकी घोषणा राज्य सरकार ने किया है.

### जेनरल कोच लगाना विकास के दृष्टिकोण से सराहनीय : शिवेश

**डुमरी (गिरिडीह)।** रेल मंत्री द्वारा संसद में दिये गये बयान जिसमें यह बताया कि रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों में 12 हजार जेनरल कोच लगाने की बात कही है. जिनका स्वागत करते हुए क्षेत्र के समाजसेवी व व्यवसायी शिवेश भगत ने कहा कि अभी रेलवे ने बंदे भारत ट्रेन देश के विभिन्न हिस्सों में चला रही है, जो विकास के दृष्टिकोण से सराहनीय कदम है. बंदे भारत में यात्रा का किराया बहुत अधिक रखा गया है, जो सुविधा की दृष्टि और सम्पन्न जनता की दृष्टि से जायज हो सकता है किंतु फिर भी ये महंगा साबित हो रहा है. रेलवे को साधारण ट्रेनों में सफाई और सुविधाओं को बढ़ाना चाहिए . अधिकांश ट्रेनों में जेनरल डिब्बे एक या दो ही होते हैं, जिससे आमजन को भेड़-बकरियों की तरह यात्रा करना पड़ता है. जिस कारण मजबूरन रेल यात्री स्लीपर डिब्बे में घुस जाते हैं.

### 15 दिसंबर को लगेगा मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर

**गावां (गिरिडीह)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से मेगा विधिक सशक्तीकरण शिविर का आयोजन 15 दिसंबर को गावां प्रखंड मुख्यालय में किया जाएगा. इसको लेकर प्रखंड सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में बीडीओ महेंद्र रविदास ने बताया कि इसमें पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास अभिकरण, समाज कल्याण विभाग, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, आपूर्ति विभाग, परिवहन विभाग, निर्वाचन विभाग, कल्याण शाखा सामाजिक सुरक्षा, कृषि विभाग, गव्य व पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, शिक्षा विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, श्रम एवं नियोजन विभाग, जिला कौशल विकास शाखा, बैंक के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे.

### बोकारो इस्पात नगर में सीसीटीवी लगवाए प्रबंधन : हरि ओम

**संवाददाता। बोकारो** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने निदेशक प्रभारी, बोकारो इस्पात संयंत्र को पत्र लिखकर पुरे नगर में सीसीटीवी कैमरा लगवाने का मांग किया है. अपने पत्र में यूनियन ने लिखा है कि एक तरफ एक निजी कंपनी सेल तथा बोकारो इस्पात संयंत्र को ग्रेट प्लेस टू वर्क की उपाधी से विभूषित कर रही है तो दूसरी तरफ बोकारो इस्पात नगर के विभिन्न सेक्टरो में निवासरत कर्मचारी तथा उनके परिवारजन चोरों, उच्चकों के आतंक से त्रस्त है. पुलिस प्रशासन के साथ-साथ नगर सेवा का सुरक्षा विभाग भी चोरों, उच्चकों के कारनामों के सामने लाचार है.

## चिन्मय विद्यालय बोकारो में मना 48वां वार्षिक खेल महोत्सव

# खेल जीवन ही जीवन का दर्शन है : कुंदन कुमार

**खास बातें**

- वायु हाउस 296 अंक के साथ अव्वल

संवाददाता। बोकारो



चिन्मय विद्यालय के क्रीडांगण में 48वां वार्षिक खेल समारोह पूरे उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ . जिसमें सभी हाउस के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और इन सभी का उत्साह बढ़ाने के लिए अभिभावकों की भारी भीड़ जमा थी. छात्रों में खेल-भावना व खेलकूद के प्रति प्रतिबद्धता के उद्देश्य से कुल 118 विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया. विद्यार्थी शिक्षक एवं अभिभावकों ने 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, सैक रेस, टॉफी रेस , बैग रेस , थ्री लेग रेस , स्पून एंड मार्वल रेस, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट व टग ऑफ वॉर आदि खेलों में हिस्सा लिया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुंदन कुमार, सीजीएम नगर प्रशासन, सेल, बोकारो आवासीय आचार्या स्वामिनी सम्युक्तानंद, अध्यक्ष बिस्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आर.एन मल्लिक, पूर्व कोषाध्यक्ष अनुप शर्मा, प्राचार्य सूरज शर्मा, बिपुल कुमार सिंह, प्राचार्य रेनबो पब्लिक स्कूल, रंजीत कुमार, प्राचार्य, आदर्श पब्लिक स्कूल उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार थे. सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया. कार्यक्रम का आरंभ गीता पाठ से हुआ. मुख्य अतिथि कुंदन कुमार, सीजीएम नगर प्रशासन, सेल, बोकारो ने मशाल जला कर किया. मुख्य अतिथि कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साह बढाते हुए कहा कि खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियां व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत आवश्यक भूमिका निभाते हैं और हमें भारत के विश्व गुरु बनने के लिए खेलकूद को निरंतर बढ़ावा देना चाहिए. खेल जीवन ही जीवन का दर्शन है, यह हमें लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए एकाग्रचित हो हमेशा अभिप्रेरित करता रहता है. हमेशा जीतने की जिज्ञासा बनाए रखता है. बाल-खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए एवं सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने खेलकूद का महत्व बताया एवं अभिभावकों को समझाया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल कूद अत्यंत महत्वपूर्ण है. खेलकूद द्वारा हम अनुशासन, टीमवर्क एवं समर्पण जैसे गुणों को आत्मसात करते हैं. जिससे हमारी एकाग्रचित्तता बढ़ती है और पढाई में भी मन लगा रहता है. चिन्मय विजन प्रोग्राम के अंतर्गत शारीरिक विकास, कक्षागत एवं कक्षेतर गतिविधियों का एक प्रमुख स्तंभ है. प्राचार्य ने विश्व प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय धावक उसेन बोल्ट कि प्रशंसा करते हुए उनके जीवन से संबद्धित कई रोचक बातें बता कर बच्चों का हौसला बढाया. उक्त वार्षिक क्रीड़ा उत्सव में मार्च पास्ट, योग प्रदर्शनी, ऐरोबिक डान्स, ड्रिल और बालक एवं बालिका वर्ग के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. जिसमें कक्षा प्री-नर्सरी से ले कर 11वीं तक के छात्र-छात्राओं ने पूरे उमंग एवं जोश से भाग लिया. 11वीं के कुणाल प्रताप, अंजली गुप्ता, 9वीं के सौरव सिंह, 8वीं के अनुष्का, 7वीं के शिवांश सिंह एवं 6ठीं के अहाना राज ने शानदार प्रर्दशन कर कई पदक अपनी झोली में हासिल किया. खेल में ओवरऑल चैंपियन हाउस- वायु हाउस 296 अंक के साथ अव्वल रहा.

# साइबेरियन पक्षियों के आने से खंडोली गुलजार

संवाददाता। गिरिडीह



गिरिडीह के पर्यटन स्थल खंडोली में साइबेरियन पक्षियों का शरद ऋतु के आगमन शुरू हो गया है. हाल में बड़ी संख्या में साइबेरियन पक्षियों के पहुंचने से झील का माहोल गुलजार है. यहां पहुंचने वाले पर्यटकों के लिए ये पक्षी आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं. खंडोली में साइबेरियन पक्षियों का आगमन हर साल अक्टूबर-नवंबर में होता है, जब ये पक्षी अपने प्रवास के दौरान भारत आते हैं. यहां का माहौल साइबेरियन पक्षियों के कारण बहुत ही आकर्षक और रोमांचक हो गया है. प्रवासी मेहमानों के आने से खंडोली का आकर्षण और बढ जाता है. हजारों मील की दूरी तय कर आने वाले मेहमान परिंदों से खंडोली जलाशय प्रवासी पक्षियों से गुलजार रहता है. ठंड के पूरे मौसम ये प्रवासी पक्षी यहां अपना आशियाना बनाते हैं और जलाशय में अटखेलियां करते रहते हैं. विदेशी मेहमान परिंदों की अटखेलियां भी पर्यटकों को खूब लुभाती है. जो अत्यधिक ठंड पड़ने वाले साइबेरियन देशों से हजारों मील का सफर तय कर भारत के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंचते हैं. शरद ऋतु के निकल जाने के बाद ये मेहमान परिंदे वापस अपने वतन को लौट जाते हैं. दिसंबर से फरवरी माह तक इन परिंदों की किलकारियां खंडोली जलाशय में गूंजती है. जानकारों के मुताबिक गिरिडीह के खंडोली में साइबेरियन पक्षियों के आगमन के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को देखा जा सकता है. इनमें से साइबेरियन क्रेन, डक, साइबेरियन गूज और साइबेरियन स्वान प्रमुख प्रजातियां हैं. एक ओर जहां खंडोली का प्राकृतिक सौंदर्य साइबेरियन पक्षियों के आगमन के दौरान और भी अधिक आकर्षक हो जाता है. दूसरी ओर यहां के हरे-भरे जंगल, झीलें और पहाड़ियां पक्षियों के लिए एक आदर्श प्रवास प्रदान करती है. अक्सर यह देखा गया है कि अक्टूबर-नवम्बर माह में हर साल साईबेरियन आते हैं और फरवरी के अंतिम सप्ताह तक प्रवास करते हैं. यहां तीन महीने पर्यटकों का भी पीक आवर रहता है. इस दौरान खंडोली जलाशय में नौका बिहार करते सैलानियों में परिंदों के साथ सेल्फी लेने की होड़ रहती है.

### टाउन हॉल में ट्राइबल समुदाय के बच्चों को जोड़ने के लिए आउटरिच कार्यक्रम

# निफ्ट से जुड़कर बच्चे करियर सवारें : डीसी



**खास बातें**

- निफ्ट में नामांकन प्रक्रिया शुरू
- 6 जनवरी तक भरा जायेगा फार्म
- प्रवेश परीक्षा 9 फरवरी को

**संवाददाता। धनबाद**

फैशन और डिजाइन की शिक्षा के लिए भारत की अग्रणी संस्था राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) में एडमिशन परिक्रिया शुरू हो चुकी है. ट्राइबल समुदाय के बच्चों को जोड़ने के लिए रांची के बाद धनबाद में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया. टाउन हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को फैशन, प्रौद्योगिकी, डिजाइन और फैशन प्रबंधन की विविध और गतिशील दुनियां से परिचित कराया गया. संभावित करियर की जानकारी दी गयी. छात्रवृत्ति और प्रवेश प्रक्रिया के बारे में बताया गया. वित्तीय सहायता, प्लेसमेंट के बारे में विस्तार से बताया गया. साथ ही पूर्व छात्रों ने अनुभव और करियर के बारे में बताया. छात्रों के लिए डिजाइन कार्यशाला भी हुई. कार्यक्रम में धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा उपस्थित हुईं. इस दौरान उन्होंने बच्चों को अपने करियर सवांरने के लिए निफ्ट से जुड़ने की अपील की. निफ्ट की महानिदेशक तनु कश्यप ने बताया कि निफ्ट के साथ एक समस्या है कि ट्राइबल या अन्य दूसरे समुदाय के जो सीटें हैं, वह खाली रह जाती है. पिछले वर्ष करीब 65 प्रतिशत सीटें खाली रह गई. यह आउटरीच कार्यक्रम उसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए है कि हम उन समुदाय को जागरूक कर सकें. निफ्ट का उद्देश्य समाज के हर तबके को शिक्षा के माध्यम से सशक्त करना है. निफ्ट 19 राज्यों में है, जिनमें 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है. ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 6 जनवरी 2025 है. लगभग 5000 नये छात्रों को निफ्ट के विभिन्न कोर्स में एडमिशन का अवसर मिल सकता है.

## नए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरुस्त करें : डीसी

**धनबाद।** वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा, 2025 के लिए परीक्षा केन्द्रों तथा मूल्यांकन केन्द्रों के चयन से संबंधित परीक्षा केन्द्र चयन समिति की बैठक शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में किया गया. बैठक के दौरान उपायुक्त ने उपर्युक्त विषय के संबंध में बताया कि वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा, 2025 फरवरी माह के द्वितीय सप्ताह से प्रारम्भ होने की सम्भावना है. परीक्षा के आयोजन के लिए पूर्व के वर्षों की भाँति जिलों में परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण ससमय किया जाना आवश्यक है. उन्होंने बताया कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी परीक्षा का संचालन जिला प्रशासन की देख-रेख में ही किया जाना है. परीक्षा केन्द्र का निर्धारण परीक्षा संचालन की प्रक्रिया का सबसे प्रथम और महत्वपूर्ण कार्य है, क्योंकि सही स्थान पर परीक्षा केन्द्र बनाने एवं प्रत्येक केन्द्र के साथ सुव्यवस्थित ढंग से विद्यालय/महाविद्यालयों को सम्बद्ध करने से ही परीक्षा संबंधित बहुत सी समस्याओं का समाधान हो जाता है.

**बीसीसीएल BCCL — बीसीसीएल की खबरें**

# सुरक्षा समिति सदस्यों को मिला प्रशिक्षण

**संवाददाता। धनबाद**

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के मानव संसाधन विकास विभाग, कल्याण भवन, जगजीवन नगर में दिनांक 11 से 13 दिसंबर 2024 तक सुरक्षा समिति के सदस्यों के लिए 3 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस प्रशिक्षण में बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों एवं कोलियरियों से फोरमैन, सुपरवाइजर, ओवरमैन, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, ऑपरेटर आदि सहित कुल 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया. प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को सुरक्षा मानकों, मशीनरी संचालन में सावधानियों, विद्युत सुरक्षा, जोखिम मूल्यांकन, व्यावसायिक स्वास्थ्य, और सुरक्षा निरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान करना था. यह कार्यक्रम सुरक्षा समिति को सशक्त बनाने और सुरक्षित उत्पादन एवं मशीनरी संचालन में सुधार के लक्ष्य को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया. इस अवसर पर महानिदेशक खदान सुरक्षा (डीजीएमएस) के अधिकारियों द्वारा विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए. डीजीएमएस के रोपेश मेहता, डीडीएमएस (इलेक्ट्रिकल), एवं पी. बालकृष्ण डीएमएस (मैकेनिकल) ने अपने व्याख्यानों में सुरक्षा प्रबंधन और औद्योगिक सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की. उनके अनुभवों और मार्गदर्शन ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया. कार्यक्रम का समन्वयन आर. एन. विश्वकर्मा, मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन विकास), द्वारा किया गया. डीजीएमएस के अधिकारियों ने बीसीसीएल द्वारा इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन को सराहा और इसे खनन उद्योग में सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया. यह कार्यक्रम न केवल सुरक्षा समिति को प्रोत्साहित करने का एक माध्यम बना, बल्कि बीसीसीएल की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया कि वह अपने कर्मचारियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सतत प्रयासरत है.



### कोल इंडिया की 42 खदानें हो चुकी बंद

**धनबाद।** कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषांगिक कंपनियों की बीते पांच में 42 खदानें बंद हो चुकी हैं. इनमें 30 अंडरग्राउंड और 12 ओपनकास्ट कोयला है. वेस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड की सबसे अधिक 18 खदानें बंद हुई हैं. बंद हुई इन खदानों को एमडीओ के माध्यम से निजी कंपनियों को सौंपने का काम किया जा रहा है.

**कंपनीवार बंद हुईं खदानों की सूची :** एनईसी : लेडो ओपनकास्ट, टिकाक ओपनकास्ट, टिपोंग अंडरग्राउंड, तिरप ओपनकास्ट, एसईसीएल : विश्रामपुर ओपनकास्ट, महामाया अंडरग्राउंड, महान ओपनकास्ट, पवन अंडरग्राउंड, सुराकछार 3 एवं 4 अंडरग्राउंड, सुराकछार अंडरग्राउंड मुख्य खान, जमुना अंडरग्राउंड आरओ (1 एवं 2), कपिलधारा अंडरग्राउंड, न्यू अमलाई अंडरग्राउंड, पिनौरा अंडरग्राउंड, सीसीएल,पिपरवार ओपनकास्ट,सरुवेरा अंडरग्राउंड, उरीमारी अंडरग्राउंड, ईसीएल, गोपीनाथपुर ओपनकास्ट एवं अंडरग्राउंड,चिनकुरी, अंडरग्राउंड,जेमेहरी अंडरग्राउंड,कालीपहाड़ी अंडरग्राउंड,एस एस इंक्लाइन अंडरग्राउंड,सोडेपुर (आर) अंडरग्राउंड, एमसीए..ओरिएंट कोलियरी, खान सं. 3 अंडरग्राउंड.

### कोयला कर्मचारियों को मिला 20.1 फीसदी वीडीए

**धनबाद।** कोयला कर्मचारियों वीडीए में बढ़ोतरी की गई है. इसमें बीसीसीएल के 33 हजार कोयला कर्मी शामिल है.कर्मियों के वेतन में आठ सौ से लेकर तीन रुपये तक की बढ़ोतरी होगी. यह महंगाई भत्ता में वृद्धि के कारण होने जा रहा है. कोयला कर्मियों के वीडीए दिसंबर से फरवरी की तिमाही के लिए करीब दो फीसद बढ़ाया गया है. अब कुल बीडीए 20.1 प्रतिशत हो गया है. कोल इंडिया के महाप्रबंधक (श्रमशक्ति एवं औद्योगिक संबंध) गौतम बनर्जी ने इसकी अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी है.

**ब्रीफ खबरें**

### डब्लूजे एरिया मुनीडीह में द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक

**पुटकी।** बीसीसीएल के डब्लूजे एरिया मुनीडीह में द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक क्षेत्रीय जीएम अरिंदम मुस्तफी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जीएम कार्यालय में हुई. बैठक में प्रबंधन पक्ष से बीसीसीएल आईएसओ एवं सुरक्षा प्रबंद्धकीय पदाधिकारी तथा दूसरे पक्ष के सेफ्टी बोर्ड मेम्बर ( मुख्यालय ) शामिल थे. बैठक में प्रोजेक्टर के माध्यम से उत्पादन एवं सुरक्षा को लेकर विस्तार रूप से बताया गया. इसके पश्चात समिति के सदस्यों ने नॉडल इंचार्ज सह यूनियन प्रतिनिधि आरपी सिंह ( कोइमपं ) के नेतृत्व में क्षेत्रीय अस्पताल मुनीडीह का निरीक्षण किया. मौके पर सिंह ने जल्द यहां टेक्नीशियन उपलब्ध कराने पर जोर दिया. अन्य सदस्यों में मुख्यालय से आये वरीय प्रबंधक किशोर यादव ( खनन ), मुख्य प्रबंधक देवाशीष धर ( वि एवं या ), सहायक प्रबंधक नरेश राय ( सर्वे ) ( तीनों आइएसओ ), एपीएम आशीष कुमार मिश्रा, एजीएम दीपक कुमार मौजूद थे.

## हीरापुर में नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**संवाददाता। धनबाद**

नया बाजार फ्लाईओवर को मरम्मत के लिए एक महीने से ज्यादा समय तक बंद रखे जाने के बाद आमलोगों को आवागमन में परेशानी से बचाने के लिए हीरापुर में नगर निगम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. नया बाजार फ्लाईओवर को बंद किये जाने के पूर्व जिला प्रशासन और नगर निगम पूरी तरह से वैकल्पिक मार्ग के लिए अभियान शुरू कर दी है. आज इसी को लेकर नगर निगम की ओर से हीरापुर के साथ कई इलाकों में सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया. वहीं कुछ दुकानदारों ने खुद ही अतिक्रमण हटा लिया. निगम के अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि लगातार अभियान चला कर रोड पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा. कुछ दिनों के बाद बैंक मोड़ फ्लाई ओवर का मरम्मत कार्य होना है, इसलिए हीरापुर से लेकर बरमसिया, मनईटांड, जोड़ाफाटक, न्यू स्टेशन रोड तक फुटपाथ पर लगे अवैध तरीके से अतिक्रमण को मुक्त किया जा रहा है ताकि यातायात सुचारू रूप से संपन्न हो सके.

# बिजली और पानी की मांग को लेकर सड़क पर बैठे ग्रामीण

**संवाददाता। झरिया**

मंगलवार को जीनागोरा सेठ कोठी में स्थित 1000 केबी ट्रांसफर के किमती पाट्र्स की चोरी हो जाने से सेठकोठी, जयरामपुर, जीनागोरा, गुड़गुडिया के लगभग 15 हजार आबादी को पानी और बिजली की सप्लाई तीन दिनों से बंद है. क्षेत्र की जनता पानी, बिजली के लिए त्राहिमाम कर रही है और बीसीसीएल प्रबंधन को कुम्भकरणी नींद से जगाने के लिए क्षेत्र की जनता ने आजसू नेता बीरेंद्र निषाद के नेतृत्व में शुक्रवार को साउथ तीसरा खटाल के पास रेलवे लाइन के समीप रोड पर बैठ गए. रोड जाम होने से जीनागोरा कांटा और रेलवे साइडिंग जाने वाली गाड़ियों की लंबी कतार लग गई. रोड जाम की सूचना मिलने पर लोदना क्षेत्र के एजीएम परवेज आलम, अलकडीहा ओपी के एएसआई आरके सिंह आंदोलन स्थल पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से वार्ता कर जाम हटाया. एजीएम ने आश्वासन दिया कि कल ट्रांसफार्मर लग जाएगा और रविवार से पानी, बिजली की आपूर्ति निर्बाध रूप से होने लगेगा. श्री निषाद ने कहा कि यदि पानी बिजली की आपूर्ति रविवार को नहीं हुई तो सोमवार को पुनः अनिश्चित कालीन धरना और रोड जाम किया जाएगा. मौके पर बीरेंद्र निषाद, बहादुर कुशवाहा, संजय प्रसाद, उमेश निषाद, पप्पू रजक, नन्हकू शर्मा, भोला निषाद, बन्टी साव, मोहन सिंह, राजेश निषाद, शंभू पासवान, मुन्नीलाल आदि उपस्थित थे.



## समाचार पत्र विक्रेता समिति का स्थापना दिवस आज



**संवाददाता। धनबाद**

समाचार पत्र विक्रेता समिति का स्थापना दिवस शनिवार को मनाया जाएगा. इसे लेकर शुक्रवार को बैठक कर स्थापना दिवस कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई. बैठक में वितरकों को हो रही परेशानियों पर भी चर्चा की गई. स्थापना दिवस के मौके पर शनिवार को सुबह चार बजे सभी वितरकों को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है. समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रंजीत मोदक ने कहा कि पूर्व में किए वादों को पूरा करने के लिए समिति अडिग हैं. सभी वितरकों को साईकल दी जाएगी. समिति के सचिव रजनी पटेल एवं कैलाश साव ने पूर्व में किए वादों का समर्थन किया. समिति के अध्यक्ष एवं संगठन सचिव ने वितरकों की समस्याओं के समाधान का वादा किया. बैठक में मुख्य रूप से मौजूद राष्ट्रीय वितरक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम रक्षा सिंह ने समिति के स्थापना दिवस की बधाई दी. मौके पर राम रक्षा सिंह, विजय कुशवाहा, भोला कुमार, प्रवीण मंडल, राम पूजन सिंह, प्रबोध मंडल, उत्तम मंडल, अमित कुमार राम, कांतिलाल घोषाल, सीमांत मंडल, रंजीत मोदक, अंकुर मंडल, तपन मंडल, सपन मोदक, तपन मोदक समेत अन्य वितरक मौजूद थे.



# ट्रक, ट्रैक्टर छोड़ अब टेम्पू से हो रही अवैध बालू तस्करी



**खास बातें**

- अहले सुबह हो जाती है शुरू बालू की तस्करी

**संवाददाता। बराकर**

कुल्टी क्षेत्र में बालू की अवैध तस्करी धड़ल्ले से जारी है, जहा तस्कर ट्रक, ट्रैक्टर, के बाद टेम्पो से बालू की चोरी कर बेचने का कार्य कर रहे है. कुलटी थाना के सकतोड़िया पुलिस फाड़ी अंतर्गत भागा बाँध 9 नंबर, रोकता, बोलडीह, और हांथी नाल दामोदर नद घाट इन दिनों अवैध बालू तस्करी का सबसे बड़ा अड्डा बन गया है. जहां से बालू तस्कर बिना किसी प्रमिशन के बिना किसी रोक टोक के अवैध रूप से बालू तस्करी के धंधे को अंजाम दे रहे हैं. जहा इस बार यह बालू तस्कर बालू तस्करी के लिये किसी ट्रक या फिर किसी ट्रेक्टर का सहारा नही ले रहे. इस बार इन इलाकों मे बालू तस्करी करने वाले बालू माफिया टेम्पू के जरिये डिसरगढ़ के इन दामोदर नदी घाटों से अवैध रूप से बालू की तस्करी कर रहे हैं ,और इन बालुओं की खपत कुल्टी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों मे करवा रहे हैं. ऐसे मे सकतोड़िया फाड़ी ने गुप्त सुचना के आधार पर बालू माफियाओं के खिलाफ कारवाई करते हुए शुक्रवार को अवैध बालू लदे एक ट्रेक्टर को पकड़ा है, जो ट्रेक्टर डिसरगढ़ दामोदर नदी घाट से बालू लोड कर तस्करी करने के फिराक मे था. तभी सकतोड़िया पुलिस फाड़ी ने अवैध बालू लदे ट्रेक्टर को धर दबोचा वहीं ट्रेक्टर चालक भागने मे सफल रहा. सूत्रों की अगर माने तो इलाके मे सक्रिय बालू तस्कर अहले सुबह करीब तीन साढ़े तीन बजे से लेकर सुबह सात बजे तक अवैध रूप से डिसरगढ़ के इन दामोदर नदी घाटों से बेखौफ बालू की तस्करी करते हैं. जिनको ना तो कोई रोकने वाला है और ना ही कोई टोकने वाला है.

## बदमाशों ने ड्राइवर को चाकू मारा की लूटपाट

**पुरुलिया।** कार रोक कर छिनतई की कोशिश में बाधा देने पर बदमाशों ने ड्राइवर को चाकू मारा और भाग गए. घटना पुरुलिया काशीपुर थाना क्षेत्र के लिया गांव के पास की है. पता चला है कि पुरुलिया शहर के बाहरी इलाके बेलकुमा का रहने वाला कार्तिक मल आद्रा से एक व्यक्ति को छोड़कर काशीपुर के रास्ते पुरुलिया लौट रहा था. तभी काशीपुर थाना अंतर्गत लिया के पास करीब चार से पांच लोगों ने उसे पकड़ लिया और लूटपाट की. उसके पास जो पैसा था उससे छिन लिया और भाग निकले. जब ड्राइवर ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने उसे चाकू मार दिया. ड्राइवर गाड़ी चलाकर पुरुलिया देवेन महतो सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल आया. उसके परिवार के सदस्यों को सूचित करने के बाद, वे तुरंत सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंचे. परिवार के सदस्य फिलहाल पुरुलिया अस्पताल में इलाज करा रहे हैं. इस घटना के बाद पुरुलिया काशीपुर थाने की पुलिस जोरदार ढंग से घटना की जांच में जुट गई है.

# डीएवी मॉडल स्कूल के स्वर्ण जयंती वर्ष में मैत्री फुटबॉल मैच

**खास बातें**

- वर्तमान छात्रों ने पूर्व छात्रों को 1-0 से किया पराजित

**संवाददाता। रानीगंज**

डीएवी मॉडल स्कूल के स्वर्ण जयंती वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों के तहत पूर्व और वर्तमान छात्रों तथा अध्यापकों के बीच मैत्री फुटबॉल मैच आयोजित किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि कमलेंदु मिश्र, हेल्थ वर्ल्ड अस्पताल, सहित डीएवी संस्थान पश्चिम बंगाल प्रक्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे. मेज़बान विद्यालय की प्राचार्य सह क्षेत्रीय अधिकारी पापिया मुखर्जी ने इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया. उन्होंने अपने स्वागत भाषण में पूर्व छात्रों को विद्यालय का रीढ़ बताया. उन्होंने बताया कि 1975 में तीन कमरों और तीन शिक्षकों तथा तीस विद्यार्थियों को लेकर विद्यालय की यात्रा शुरू हुई थी, जो अब बरगद वृक्ष के रूप में तब्दील हो गई है. मैत्री फुटबॉल मैच कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था. यह मैच तीन चरणों में खेला गया. प्रथम मैच पूर्व छात्रों और वर्तमान छात्रों के बीच खेला गया, जिसमें वर्तमान छात्रों ने पूर्व छात्रों को 1-0 गोल से पराजित किया. इसके बाद दूसरे राउंड में बैच 1998 और बैच 2000 के बीच मैच हुआ. जिसमें बैच 1998 के छात्रों ने बैच 2000 के छात्रों को 2-0 से पराजित करके फाइनल में प्रवेश किया. मैत्री मैच के तीसरे राउंड में बैच 2003 के छात्रों और विद्यालय के अध्यापकों के बीच मैच हुआ. जिसमें बैच 2003 के छात्रों ने अध्यापकों को 3-0 से पराजित करके फाइनल में प्रवेश किया.



# फरक्का दुष्कर्म और हत्या मामले में एक दोषी को फांसी, दूसरे को आजीवन कारावास



**खास बातें**

- दो महीने के भीतर ही आया फैसला

**संवाददाता। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का में नाबालिग के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में जंगीपुर फास्ट ट्रैक कोर्ट ने शुक्रवार को सजा का ऐलान किया. दो महीने के भीतर इस मामले की सुनवाई पूरी करते हुए अदालत ने एक दोषी को फांसी और दूसरे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. इसके साथ ही पीड़ित परिवार को दस लाख रुपये का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया गया है. यह घटना अक्टूबर में विजयादशमी के दिन हुई थी जब नाबालिग अपने दादा के घर घूमने आई थी. दोषियों ने उसे बहाने से बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और उसकी हत्या कर दी. ममता ने की सराहना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसकी सराहना करते हुए अपने एक्स हैंडल पर लिखा, मैंने पहले भी कहा है और फिर कहती हूं, दुष्कर्मियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए. समय पर जांच और सजा देना उन अपराधियों को कड़ा संदेश है कि ऐसे अपराध बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे. मामले का घटनाक्रमघटना विजयादशमी की सुबह की है, जब नाबालिग का बस्ते में बंद शव एक पड़ोसी के घर से बरामद हुआ. परिवार ने आरोप लगाया कि बच्ची को बहाने से बुलाकर दुष्कर्म और हत्या की गई. पुलिस ने मामले की जांच करते हुए स्थानीय मछली व्यापारी दीनबंधु हलदार और उसके साथी शुभजीत हलदार को गिरफ्तार किया. जांच में दोनों ने स्वीकार किया कि दीनबंधु ने फूल चढ़ाने के बहाने से बच्ची को अपने घर बुलाया. वहां दोनों ने मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर गला घोंटकर हत्या कर दी.

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसकी निर्मम हत्या की पुष्टि हुई. पुलिस को घटनास्थल से सिगरेट के टुकड़े मिले, जिनमें गांजा भरा हुआ था. फॉरेंसिक जांच में इन सिगरेटों पर मिले डीएनए का मिलान पीड़िता के कपड़ों पर मिले डीएनए से हुआ. इसके अलावा, बच्ची के शरीर पर कई चोटों के निशान पाए गए.

## डीएवी मॉडल स्कूल शंकरपुर का वार्षिक समारोह

**रानीगंज।** डीएवी मॉडल स्कूल शंकरपुर का वार्षिक समारोह का आयोजन दुर्गापुर के सरोजिनी सभागार में आयोजित हुआ. दुर्गापुर के एसडीएम सौरभ चटर्जी, आसनसोल दुर्गापुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कवि दत्ता, दुर्गापुर नगर निगम की अध्यक्ष आनदिता मुखर्जी एवं डीएवी स्कूल की प्रमुख पदाधिकारी पपिया मुखर्जी मुख्य रूप से उपस्थित थे. सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया. गायत्री मंत्रोच्चार के द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया समारोह में सभी छात्र एवं अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था. कार्यक्रम के प्रथम भाग में कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के नन्हे छात्र-छात्राओं के नृत्य प्रदर्शन में सभी दर्शकों का मन मोह लिया अभिभावकों द्वारा तालियों की गूंज सभागार में सुनाई दी. पपिया मुखर्जी ने बतलाया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं हमेशा तत्पर रहते हैं विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बने इसके लिए हम लोग हमेशा प्रयासरत रहते हैं.

### आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने की अंडे की राशि बढ़ाने की मांग

# बाजार में अंडा आठ रुपये सरकार दे रही साढ़े छह



**संवाददाता। रघुनाथपुर**

बाजार से आठ रुपये प्रति अंडा की कीमत पर अंडा खरीदना पड़ रहा है. लेकिन सरकार की ओर से अंडे के लिए साढ़े छह रुपये का आवंटन है. नतीजा यह है कि मध्यान्ह भोजन में विद्यार्थियों को अंडा देते समय आंगनबाडी कार्यकर्ताओं की सांस फूलने लगती है. इसलिए आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने मध्याह्न भोजन के साथ अंडे की राशि बढ़ाने की मांग की है. इस बीच पश्चिम बंगाल आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन पुरुलिया जिला कमेटी ने आंदोलन शुरू कर दिया है. संगठन की जिला अध्यक्ष अनिता महत ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इस समय काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उचित बिल नहीं दिया जाता है. दो से तीन माह बाद बिल मिलता है. सरकार की ओर से उन्हें कोई मोबाइल फोन नहीं दिया गया है. लेकिन उन्हें अपना रखरखाव ऑनलाइन करना होता है. लगभग पांच वर्ष हो गये किसी भी आंगनबाडी केन्द्र में नये बर्तन नहीं दिए गए हैं. हम लगातार आंदोलन कर रहे हैं. स्थानीय सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में आंगनबाडी केंद्रों में गर्भवती महिलाओं, प्रसवोत्तर महिलाओं और बच्चों को मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाता है. मिड-डे मिल में प्रतिदिन अंडे देने का नियम है.लेकिन अंडे की कीमत सरकार द्वारा आवंटित धन से अधिक है और कर्मियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. आरोप है कि अभिभावक ठीक से अंडा नहीं दे पाने को लेकर लगभग हर दिन विभिन्न आंगनबाडी केंद्रों पर परेशानी पैदा कर रहे हैं. वर्तमान में आंगनबाडी केन्द्रों पर छह दिन मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाता है.

## वीवीएम 2024 पश्चिम बंगाल में परीक्षा 8 दिसंबर को

**रानीगंज।** विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) पश्चिम बंगाल की कोऑर्डिनेटर डॉक्टर सुचारिता चटर्जी ने पत्रकारों को बतलाया कि दक्षिण क्षेत्र की राज्य स्तरीय परीक्षा डीएवी मॉडल स्कूल आईआईटी खड़गपुर 8 दिसंबर को आयोजित होगी इस वर्ष 11000 छात्रों ने पंजीकरण कराया. पूरे भारत में पहले दौर की डिजिटल परीक्षा कराई जाएगी. उभरते भारत में वीवीएम परीक्षा अखिल भारतीय सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा है. वीवीएम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक संस्थान राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) और मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) के सहयोग से विज्ञान भारती (वीआईबीएचए) की एक पहल है.



## दत्तात्रेय जयंती के दिन करें इन मंत्रों का जाप, हो सकता है भाग्योदय

हिंदू धर्म में दत्तात्रेय जयंती को बेहद पवित्र माना जाता है। इस दिन भगवान दत्तात्रेय की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। भगवान दत्तात्रेय की पूजा मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा के दिन हुआ था। इस दिन त्रिदेव की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। ऐसा कहा जाता है कि अगर आपकी कोई मनोकामना है या फिर कोई सिद्धि प्राप्त करना चाहते हैं, तो दत्तात्रेय जयंती के दिन विशेष रूप से ब्रह्मा, विष्णु और महेश की पूजा-अर्चना कर सकते हैं। अब ऐसे में इस दिन कुछ ऐसे मंत्र हैं, जिनका जाप करने से लाभ हो सकता है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### दत्तात्रेय जयंती के दिन करें ब्रह्मा जी के मंत्रों का जाप

हिंदू धर्म में ब्रह्मा जी सृष्टि के देवता हैं, इसलिए उनके मंत्र का जाप करने से व्यक्ति में सृजनात्मकता बढ़ती है। ब्रह्मा जी ज्ञान के देवता भी माने जाते हैं। उनके मंत्र का जाप करने से व्यक्ति को ज्ञान की प्राप्ति होती है। ब्रह्मा जी के मंत्रों का जाप करने से व्यक्ति को उत्तम परिणाम मिलते हैं और सुख-सुविधाओं की भी प्राप्ति होती है।

ऊं वेदात्मने विद्महे, हिरण्यगर्भाय धीमहि, तन्नो ब्रह्म प्रचोदयात॥

ऊं ब्रह्मणे नमः

ऊं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौह सतचिद एकं ब्रह्मा

ऊं ब्रह्मणे नमः

### दत्तात्रेय जयंती के दिन करें भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप

दत्तात्रेय जयंती के दिन भगवान दत्तात्रेय (ब्रह्म, विष्णु और महेश) हैं। इनकी पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति को भगवान दत्तात्रेय की आह्वान करना चाहिए। उसके बाद भगवान विष्णु की पूजा विधिवत रूप से करने से उत्तम परिणाम मिल सकते हैं। इसलिए विष्णु की पूजा करने के दौरान मंत्रों का जाप अवश्य करें।

ऊं नमो भगवते वासुदेवाय-

ऊं नारायणाय विद्महे, वासुदेवाय धीमहि, तन्नो विष्णुः प्रचोदयात

आप विष्णु सहस्त्रनाम का जाप भी पूरे विधि-विधान के साथ कर सकते हैं।

### दत्तात्रेय जयंती के दिन करें भगवान भोलेनाथ के मंत्रों का जाप

दत्तात्रेय जयंती के दिन भगवान भोलेनाथ के मंत्रों का जाप विशेष रूप से करें। ऐसा कहा जाता है कि अगर किसी व्यक्ति को बार-बार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, तो शिव जी की पूजा करने के दौरान मंत्रों का जाप करने से लाभ हो सकता है।

ऊं नमः शिवाय-

महामृत्युंजय मंत्र-

शिव तांडव स्तोत्र-



# कब है मार्गशीर्ष पूर्णिमा? पूजा एवं स्नान-दान का शुभ मुहूर्त और महत्व

**ऐसा माना जाता है कि मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर माता लक्ष्मी की आराधना करने से धन के भंडार माता भक्त के लिए खोल देती हैं और धन-वैभव-ऐश्वर्य की व्यक्ति को प्राप्ति होती है।**

हिन्दू पंचांग के अनुसार, साल में कुल 12 पूर्णिमा तिथियां आती हैं। इन्हीं में से एक है मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा। मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी की पूजा का विधान है। ऐसा माना जाता है कि इस पूर्णिमा पर माता लक्ष्मी की आराधना करने से धन के भंडार माता भक्त के लिए खोल देती हैं और धन-वैभव-ऐश्वर्य की व्यक्ति को प्राप्ति होती है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य से आइये जानते हैं कि आखिर इस साल कब पड़ रही है मार्गशीर्ष पूर्णिमा, क्या है इस दिन पूजा एवं स्नान-दान का शुभ मुहूर्त और महत्व।

### मार्गशीर्ष पूर्णिमा 2024 कब है?

मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा तिथि का आरंभ 14 दिसंबर, दिन शनिवार को शाम 4 बजकर 58 मिनट पर होगा। वहीं, इसका समापन 15 दिसंबर, दिन रविवार को रात 2 बजकर 31 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, इस साल मार्गशीर्ष पूर्णिमा 15 दिसंबर को मनाई जाएगी।

### मार्गशीर्ष पूर्णिमा 2024 शुभ मुहूर्त

मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजकर 12 मिनट से शुरू होगा और सुबह 5 बजकर 5 मिनट पर समाप्त होगा। ब्रह्म मुहूर्त में पूर्णिमा का स्नान करना शुभ माना जाता है। इसके अलावा, दान का मुहूर्त सुबह 7 बजकर 32 मिनट से शुरू होकर सुबह 8 बजे तक रहेगा। वहीं, मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी की पूजा का शुभ समय सुबह 7 बजकर 52 मिनट से सुबह 9 बजकर 21 मिनट तक का है। चंद्रोदय का समय शाम 5 बजकर 14 मिनट है। ऐसे में चंद्रमा की पूजा करने के लिए शुभ मुहूर्त शाम 6 बजे से रात 7 बजकर 45 मिनट तक है।

### मार्गशीर्ष पूर्णिमा 2024 महत्व

मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी की पूजा करने से जहां एक ओर सुख-समृद्धि और संपन्नता का वरदान मिलता है तो वहीं, माता लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु की भी आराधना करने से जीवन में सकारात्मकता बढ़ती है, पारिवारिक शांति बनी रहती है और ग्रह भी शुभता देते हैं।




# मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर लक्ष्मी यंत्र की पूजा के दौरान न करें ये गलतियां

**मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी के साथ ही लक्ष्मी यंत्र की पूजा करना भी उत्तम माना जाता है। ऐसे में आइये जानते हैं कि मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन लक्ष्मी यंत्र की पूजा के दौरान कौन सी बातों का ख्याल रखना चाहिए।**

मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा इस साल 15 दिसंबर, दिन रविवार को पड़ रही है। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा का विधान है। मान्यता है कि मां लक्ष्मी की पूजा मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन करने से धन-धान्य में वृद्धि होती है और घर में सुख-समृद्धि का वास स्थापित होता है। मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी के साथ ही लक्ष्मी यंत्र की पूजा करना भी उत्तम माना जाता है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य ने बताया कि मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन लक्ष्मी यंत्र की पूजा के दौरान कौन सी बातों का ख्याल रखना चाहिए। मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर लक्ष्मी यंत्र की पूजा के समय न करें ये भूल?

- मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन घर में लक्ष्मी यंत्र की पूजा से पहले उसे चौकी पर स्थापित करें। चौकी जिस स्थान पर रखें उस जगह को अच्छे से स्वच्छ कर लें। अशुद्ध स्थान पर लक्ष्मी यंत्र को स्थापित न करें।
- शास्त्रों के अनुसार, किसी भी पूजा के लिए समय यानी कि शुभ मुहूर्त बहुत जरूरी होता है। ऐसे में मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन लक्ष्मी यंत्र की पूजा शुभ मुहूर्त देखकर ही करें नहीं तो फल नहीं मिलेगा।
- लक्ष्मी यंत्र की पूजा अगर पूर्णिमा के दिन कर रहे हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि पांच प्रकार के फूल-पत्ते (पीपल, गुड़हल, कदंब, तुलसी, कनेर) लक्ष्मी यंत्र के समक्ष अवश्य अर्पित करने चाहिए।
- लक्ष्मी यंत्र की पूजा करना चाहते हैं मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन तो इस बात का भी धयान रखें कि गलत दिशा में यंत्र की स्थापना न करें। लक्ष्मी यंत्र को पूजा के लिए पूर्व दिशा में स्थापित करना शुभ होगा।
- मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन लक्ष्मी यंत्र की पूजा से पहले उसे गंगाजल में अवश्य रखें। अगर गंगाजल उपलब्ध नहीं है तो लक्ष्मी यंत्र को तुलसी जल में भी रखना भी उत्तम और लाभकारी रहेगा।
- मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन लक्ष्मी यंत्र की पूजा मां लक्ष्मी की पूजा के बाद करें। इसके अलावा, मां लक्ष्मी के सामने घी का दीया जलाने के बाद लक्ष्मी यंत्र के सामने अलसी के तेल का दीया जलाएं।
- जब लक्ष्मी यंत्र की पूजा संपन्न हो जाए तब उसे या तो घर की तिजोरी में रखें या फिर मंदिर में लेकिन लाल कपड़े में लपेटकर हमेशा लक्ष्मी यंत्र रखना चाहिए नहीं तो पूजा का फल नहीं मिलता है।



# कौन हैं अन्नपूर्णा माता और काशी एवं मां पार्वती से क्या है उनका संबंध?

मार्गशीर्ष माह में माता अन्नपूर्णा की जयंती मनाई जाती है। हर साल मार्गशीर्ष माह के पूर्णिमा तिथि को माता अन्नपूर्णा की जयंती मनाई जाती है। माता अन्नपूर्णा को मां दुर्गा या पार्वती का ही रूप माना गया है। साथ ही काशी विश्वनाथ से भी माता अन्नपूर्णा का विशेष संबंध बताया गया है। काशी में माता अन्नपूर्णा का भव्य मंदिर है, जहां जाने से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। बहुत से भक्तों के मन में यह सवाल रहता है कि अन्नपूर्णा कौन है और माता पार्वती के बीच क्या संबंध है।

कौन है माता अन्नपूर्णा?

स्कंदपुराण और काशी खंड में माता अन्नपूर्णा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। माता अन्नपूर्णा के स्वरूप का वर्णन करते हुए पुराणों में कहा गया है कि वह काफी सुंदर और मनमोहक हैं। उन्हें माता दुर्गा का ही रूप बताया गया है, जो भक्तों पर करुणा करती हैं। माता अन्नपूर्णा के कृपा से कोई भी भक्त भूखा नहीं रहता। माता अन्नपूर्णा को अन्न की देवी कहा गया है, इसलिए उनका नाम भी अन्नपूर्णा है। अन्नपूर्णा का अर्थ है अन्न की पूर्ति करने वाली। माता अन्नपूर्णा को लेकर यह तथ्य भी सत्य है कि वो पूरे सृष्टि में अन्न और भोजन का संचालन करती हैं।

### काशी और मां अन्नपूर्णा का क्या है संबंध?

शास्त्रों के अनुसार यह कहा गया है कि मां अन्नपूर्णा ने ही पार्वती के स्वरूप में भगवान शिव से विवाह किया था। भगवान शिव कैलाश के निवासी थे, लेकिन माता पार्वती कैलाश में रहना पसंद नहीं था। इसलिए भगवान शिव माता पार्वती के साथ काशी रहने आए। भगवान के काशी आने के बाद काशी को भोलेनाथ की नगरी कहा जाने लगा। काशी में माता अन्नपूर्णा का भव्य मंदिर है, जहां स्वयं काशी पति भगवान भोलेनाथ माता अन्नपूर्णा से अन्न की भिक्षा मांग रहे हैं। माता अन्नपूर्णा के नगरी में जो कोई भी जाता है वो भूखा नहीं लौटता है, माता अन्नपूर्णा का यह मंदिर अन्नकूट के दिन खुलता है और उस दिन 56 तरह के भोग लगाए जाते हैं।

### भगवान शिव ने क्यों मांगी माता अन्नपूर्णा से भिक्षा?

पौराणिक कथा के अनुसार एक समय जब पृथ्वी पर सूखा पड़ गया था और जमीन बंजर हो गई थी तब शिव जी ने पृथ्वी के जीवों के कल्याण के लिए स्वयं भिक्षुक बन माता पार्वती के अन्नपूर्णा स्वरूप से भिक्षा मांगी थी। भगवान शिव माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगे और उस अन्न को लेकर पृथ्वी गए थे। पृथ्वी लोक में भगवान शिव ने भिक्षा में मांगे उस अन्न को बांट दिया और एक बार फिर पृथ्वी लोक धन-धान्य से संपन्न हो गया। इस दिन के बाद पृथ्वी लोक में अन्नपूर्णा जयंती मनाया जाने लगा।





# मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी को लगाएं इन 3 चीजों का भोग

हिंदू पंचांग के अनुसार मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा तिथि को मार्गशीर्ष पूर्णिमा कहा जाता है। इस दिन माता लक्ष्मी के साथ-साथ भगवान विष्णु की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। आपको बता दें, मार्गशीर्ष पूर्णिमा 15 दिसंबर को पड़ रहा है। इस दिन भाग्योदय के लिए कई तरह के उपाय भी किए जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से व्यापार में तरक्की और रुके हुए धन की प्राप्ति होती है। गंगा स्नान और दान करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। अब ऐसे में मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी को किन चीजों का भोग लगाने से लक्ष्मी जी की कृपा बनी रहती है।

### माता लक्ष्मी को लगाएं श्रीफल का भोग

श्रीफल को जिसे नारियल भी कहा जाता है, माता लक्ष्मी को अर्पित करने का विशेष महत्व है। इसे देवी-देवताओं को समर्पित करने के लिए शुभ मानाजता है। श्रीफल को धन और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। माता लक्ष्मी धन की देवी हैं, इसलिए उन्हें श्रीफल अर्पित करने से घर में धन का आगमन होता है और समृद्धि बढ़ती है। श्रीफल को माता लक्ष्मी का प्रिय फल माना जाता है। मान्यता है कि माता लक्ष्मी को श्रीफल अर्पित करने से वे प्रसन्न होती हैं और भक्तों पर कृपा बरसाती हैं। श्रीफल को लाल धागे से बांधकर अर्पित करने से और अधिक शुभ माना जाता है। इसलिए मार्गशीर्ष पूर्णमा के दिन माता लक्ष्मी को श्रीफल का भोग लगाएं।

### माता लक्ष्मी को चढ़ाएं पान का भोग

पान को समृद्धि, वैभव और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। माता लक्ष्मी धन की देवी हैं, इसलिए उन्हें पान अर्पित करने से घर में धन का आगमन होता है और समृद्धि बढ़ती है। ज्योतिष शास्त्र में पान के पत्ते को शुक्र ग्रह का प्रतीक माना जाता है। शुक्र ग्रह प्रेम, सौंदर्य, समृद्धि, वैभव और का कारक ग्रह है। इसलिए माता लक्ष्मी को पान के पत्ते का भोग जरूर लगाएं।

### माता लक्ष्मी को लगाएं बताशे का भोग

माता लक्ष्मी को बताशे का भोग लगाने से उनकी कृपा भक्तों पर बनी रहती है। बता दें, बताशे का संबंध शुक्र ग्रह से है और माता लक्ष्मी की पूजा भी शुक्रवार के दिन करना सौभाग्यशाली माना जाता है। इसलिए अगर आप माता लक्ष्मी को बताशे का भोग लगा रहे हैं, तो इससे धन-धान्य में वृद्धि हो सकती है और मनोवांछित फलों की भी प्राप्ति हो सकती है।

## मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन घर में लगाएं ये पौधा

हिन्दू धर्म में पूर्णिमा तिथि का बहुत महत्व माना जाता है। पूर्णिमा तिथि मां लक्ष्मी को समर्पित होती है और इस दिन माता लक्ष्मी की पूजा का विधान है। इसी कड़ी में अब मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा 15 दिसंबर को पड़ने वाली है। इस दिन माता लक्ष्मी की आराधना करने से घर में धन का आगमन होगा और आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। वहीं, इस दिन घर में एक पौधा लगाने से मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त हो सकती है। मां लक्ष्मी का प्रिय पौधा गुड़हल माना गया है। ऐसे में मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन घर में गुड़हल का पौधा लगाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है और उनकी कृपा व्यक्ति एवं उसके पूरे परिवार पर बरसने लगती है। यह पौधा मंगल के शुभ प्रभाव को बढ़ाता है और जीवन में सामंजस्य लाता है। गुड़हल का पौधा प्रेम और रिश्तों को मजबूत बनाने का काम भी करता है। यह पौधा घर के भीतर सुख, प्रेम और सौहार्द बनाए रखने में मदद करता है। रिश्तों के तनाव को दूर करने के लिए गुड़हल का पौधा उपयोगी है। मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन गुड़हल का पौधा घर में लगाने से घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होने लगता है और पारिवारिक शांति की स्थापना भी होती है।



# संपादकीय

**मंथन**

## न्यायपालिका पर भी अब उठने लगे सवाल

न्यायपालिका किसी भी देश के लिए मान-सम्मान होती है. इसपर सवाल उठना दुर्भाग्यपूर्ण है. इसलिए देश में जजों के खिलाफ महाभियोग का मुद्दा एक संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषय बन गया है, जो न्यायपालिका की स्वतंत्रता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाता है. महाभियोग का उद्देश्य न्यायाधीशों की दोषपूर्ण कार्यशैली या भ्रष्टाचार के मामलों को सजा देना है, लेकिन इसका सही तरीके से उपयोग करना बेहद जरूरी है. भारतीय संविधान में न्यायपालिका को स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाए रखने की व्यवस्था है. जब कोई जज अपने पद के दुरुपयोग में संलिप्त होता है या उसकी कार्यशैली संदेहास्पद हो जाती है, तो उसके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है. हालांकि, महाभियोग की प्रक्रिया को लेकर कुछ चिंताएं भी हैं. यह प्रक्रिया लंबी, जटिल और राजनीतिक हस्तक्षेप का शिकार हो सकती है, जिससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर असर पड़ सकता है. जजों के खिलाफ महाभियोग केवल तभी सही होता है जब उनके खिलाफ ठोस प्रमाण और आरोप हों. यदि महाभियोग का दुरुपयोग किया जाता है, तो इससे न्यायपालिका की विश्वसनीयता पर असर पड़ेगा. यह जरूरी है कि न्यायपालिका में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे, लेकिन साथ ही इसके लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए महाभियोग की प्रक्रिया का सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए. अंततः, जजों के खिलाफ महाभियोग का उद्देश्य न्याय का सच्चा पालन सुनिश्चित करना होना चाहिए न कि किसी राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाना.

**नजरिया**

## कृषि कानून के खिलाफ किसान फिर से उग्र

किसानों का प्रदर्शन फिर से शुरू हो गया है. देश के राजनीतिक और सामाजिक परिप्रेक्ष्य में यह अहम है. हाल ही में किसानों ने कृषि कानूनों के खिलाफ अपनी आवाज़ उठाते हुए प्रदर्शन फिर से तेज कर दिया है. यह प्रदर्शन सरकार द्वारा पारित किए गए कृषि सुधार कानूनों के खिलाफ है, जिन्हें किसान अपने हितों के खिलाफ मानते हैं. उनका आरोप है कि इन कानूनों से बड़े कॉर्पोरेट घरानों को फायदा होगा, जबकि किसान अपनी उपज के उचित मूल्य और सुरक्षा से वंचित हो जाएंगे. दूसरी ओर, सरकार का पक्ष यह है कि कृषि सुधार कानून किसानों के लिए फायदेमंद हैं और इनसे कृषि क्षेत्र में सुधार होगा. सरकार का कहना है कि ये कानून किसानों को अधिक स्वतंत्रता देंगे, जिससे वे अपनी उपज को सीधे बाजार में बेच सकेंगे और बेहतर कीमत प्राप्त कर सकेंगे. इसके अलावा, इन कानूनों से बिचौलियों की भूमिका कम होगी और किसानों को अपनी उपज के लिए अधिक विकल्प मिलेंगे. हालांकि, यह सच है कि सरकार ने कई बार किसानों से बातचीत की कोशिश की, लेकिन किसानों की चिंताएं पूरी तरह से दूर नहीं हो पाई हैं. ऐसे में यह जरूरी है कि सरकार और किसानों के बीच संवाद जारी रहे और दोनों पक्ष मिलकर एक हल निकाले. अगर यह मुद्दा हल नहीं होता, तो यह देश के कृषि क्षेत्र की स्थिरता और विकास में रुकावट डाल सकता है.

# अतुल की आत्महत्या से सुलग रहे सवाल

**विजय केसरी**



**अतुल सुभाष ने अपनी जान देने से पूर्व 24 पृष्ठों के सुसाइड नोट पर पत्नी प्रताड़ना की कई बातें उठाईं**

**अतुल सुभाष ने जिन परिस्थितियों में आत्महत्या की, उसे समझने की जरूरत है. अतुल सुभाष एक पढ़ा-लिखा नौजवान था. इस देश में अतुल सुभाष ही अकेला नहीं है बल्कि अतुल जैसे लाखों शादीशुदा पुरुष रोजाना अपनी पत्नियों द्वारा प्रताड़ित किए जा रहे हैं . लेकिन कोई मुखर होकर अपनी बातों को रखा नहीं रहा है.**

अंततः 34 वर्षीय अतुल सुभाष को अपनी पत्नी से प्रताड़ित होकर आत्महत्या करने के लिए विवश होना पड़ा. इस आत्महत्या की खबर ने संपूर्ण देश को महिलाओं के पक्ष में बने कानून के दुरुपयोग पर भी सवाल खड़ा कर दिया है. अतुल सुभाष ने अपनी जान देने से पूर्व 24 पृष्ठों के सुसाइड नोट पर पत्नी प्रताड़ना के जिन सवालों को उठाया है, हमारे सकल समाज को इस पर गंभीरता के साथ विचार करने की जरूरत है. अतुल ने आत्महत्या करने से पूर्व 80 मिनट का जो वीडियो रिकॉर्ड किया था, उसे देखकर और सुनकर मन सिहर जाता है. क्या कोई पुरुष अपनी पत्नी की प्रताड़ना से इतना परेशान और आतंकित भी हो सकता है ? जिस तरह अतुल ने आत्महत्या करने से पूर्व अपनी बातों को रखा है, इससे प्रतीत होता है कि उसकी जिंदगी एक नरक के समान बन गई थी. सुसाइड नोट में अतुल सुभाष ने अपनी पत्नी द्वारा प्रताड़ित किए जाने के मुद्दे को उठाते हुए सामाजिक, पारिवारिक रिश्ते, कानून और न्याय व्यवस्था की भी पोल खोलकर रख दी है.

अतुल सुभाष का कसूर सिर्फ इतना था कि 2019 में हिंदू रीति रिवाज से उसने निकिता सिंघानिया से शादी की थी. शादी के कुछ महीने बाद ही निकिता सिंघानिया ने अपना रंग दिखलाना शुरू कर दिया था. अतुल का परिवार एक सीधा-साधा परिवार है. उनके माता-पिता बड़ी मेहनत कर अतुल सुभाष को उच्च शिक्षा प्रदान कर इंजीनियर बनाया था. वह बचपन से ही एक सीधा-साधा लड़का रहा था. अतुल सुभाष बेंगलुरु में एक सॉफ्टवेयर कंपनी में इंजीनियर के रूप में कार्यरत था. उसकी पारिवारिक गृहस्थी बहुत ही अच्छी चल रही थी. लेकिन शादी के बाद उसके जीवन में एक बड़ा बदलाव आ गया था . शादी के बाद से ही रोजाना अपनी पत्नी के ताने सुन-सुनकर परेशान रहने लगा था.

अतुल का सुसाइड नोट पढ़ने के बाद यह प्रतीत होता है कि अतुल एक सीधा-साधा व होनहार लड़का था . वह अपने परिवार के साथ हंसी-खुशी जीवन व्यतीत करना चाहता था. लेकिन शादी के बाद उसकी इस इच्छा पर पानी फिर गया . शादी के एक साल बाद उसे एक पुत्र रत्न की भी प्राप्ति हुई. तब अतुल में एक उम्मीद जग सी गई थी कि बेटा होने के बाद निकिता के व्यवहार में सुधार आ जाएगा. लेकिन, इसके उल्टे निकिता के व्यवहार में कोई फर्क नहीं पड़ा. अतुल को हमेशा निकिता के ताने सुनने ही पड़ते थे. इसके साथ ही निकिता की मां , पिता और भाइयों की भी धमकी सुननी पड़ती थी. अतुल अपने वैवाहिक रिश्ते को बचाने का हर संभव प्रयास किया था. लेकिन रिश्ता बनने की जगह बिगड़ता चला गया. आखिर वह किस किससे फरियाद करता ? उसने अपने माता-पिता, मित्रों और समाज के लोगों को भी अपनी पीड़ा से अवगत कराया था. लेकिन सभी प्रयास असफल रहे थे . इसी दौरान अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया ने क्रमवार नौ मुकदमे उसके ऊपर दर्ज कर दिया. इन मुकदमों में दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा यहां तक कि एटेंप्ट टू मर्डर जैसी संगीन धाराएं शामिल थीं . अतुल एक निजी कंपनी में बतौर एक इंजीनियर के तौर पर काम कर रहा था. उसे प्रति दिन समय पर ऑफिस जाना होता था. समय से ऑफिस आना और ऊपर से नौ मुकदमे में उसे हाजिरी भी देनी पड़ती थी.

अतुल सुभाष ने जिन परिस्थितियों में आत्महत्या की, उसे समझने की जरूरत है. अतुल सुभाष एक पढ़ा-लिखा नौजवान था. इस देश में अतुल सुभाष ही केला नहीं है बल्कि अतुल जैसे लाखों शादीशुदा पुरुष रोजाना अपनी पत्नियों द्वारा प्रताड़ित किए जा रहे हैं . लेकिन कोई मुखर होकर अपनी बातों को रखा नहीं रहा है. बहुत सारे पुरुष लाज के कारण समाज और परिवार के सामने नहीं आ पाते हैं. अब सवाल यह खड़ा होता है कि अतुल सुभाष ने जिन परिस्थितियों में आत्महत्या की, उसके गुनहगारों पर समाज मौन क्यों हैं ? सर्वविदित है कि लड़कियों को भारत में पुरुष की बराबरी दर्जा दिया जा रहा है. लड़कियां, पुरुषों के समक्ष आगे बढ़ रही हैं. अतुल को जिस रूप में प्रताड़ित किया गया, अगर निकिता को इस रूप में प्रताड़ित किया जाता, तब परिस्थितियां कुछ और होतीं. हमारा समाज संयुक्त परिवार से एकल परिवार में तब्दील होता चला जा रहा है. एकल परिवार में रहकर हम सब अपने बच्चों को उच्च शिक्षा जरूर दे रहे हैं, लेकिन संयुक्त परिवार में बच्चें अपने दादा-दादी, चाचा-चाची व अन्य रिश्तेदारों से पारिवारिक जिम्मेदारियों की जो सीख लेते थे,आज बच्चे उससे दूर होते चले जा रहे हैं. अतुल ने अपने सुसाइड नोट के अंतिम पैरा में दर्ज किया कि उनकी पत्नी मुकदमा उठाने के बदले तीन करोड रुपए तक की मांग की थी . इससे प्रतीत होता है कि निकिता सिंघानिया कितनी क्रूर और लालची थी. वह अतुल सुभाष से मुकदमा उठाने के लिए पैसे मांग रही थी . जबकि दूसरी ओर निकिता सिंघानिया ने अतुल सुभाष पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था. अतुल सुभाष की आत्महत्या से उठते सवालों पर सकल समाज, भारत सरकार और न्याय व्यवस्था को इस पर गंभीरता पूर्वक विचार करने की जरूरत है, ताकि भविष्य में अतुल सुभाष जैसे किसी युवक को आत्महत्या करने के लिए विवश न होना पड़े.

**आज का इतिहास**

1799 : अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन प्रथम का निधन आज ही के दिन हुआ था. वे सर्वसम्मति से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए थे.

1924 : डायरेक्टर, प्रोड्यूसर, शोमैन राजकपूर का जन्म आज के दिन हुआ था.

1953 : पूर्व भारतीय टेनिस खिलाड़ी और कमेंट्रेटर विजय अमृतराज का जन्म हुआ था.

1995 : बोस्निया, सर्बिया और क्रोएशिया के नेताओं ने पेरिस में डेटन संधि पर दस्तखत कर साढ़े तीन साल से जारी बाल्कन युद्ध को समाप्त किया था.

2003 : इराक के अपदस्थ राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को अमरीकी सेना ने अपने कब्ज़े में ले लिया था.

## भेष भले ही बदल लें, विचार आसानी से नहीं बदलते

**चिंतन**



बात द्वापरयुग की है, अज्ञातवास में पांडव रूप बदलकर ब्रह्मणों के वेश में रह रहे थे. एक दिन उन्हें कुछ ब्राह्मण मिले. वे राजा द्रुपद की पुत्री द्रौपदी के स्वयंवर में जा रहे थे. पांडव भी उनके साथ चल दिए. स्वयंवर में पानी में देखकर ऊपर घूम रही मछली पर निशाना लगाना था. वहां मौजूद सभी ने प्रयास किया. लेकिन निशाना सिर्फ अर्जुन ही लगा पाए. शर्त के अनुसार द्रौपदी का स्वयंवर और इसके बाद शादी अर्जुन के साथ हुई. इसके बाद पांडव द्रौपदी को लेकर अपनी कुटिया में ले आए. एक ब्राह्मण द्वारा स्वंयवर में विजयी होने पर राजा द्रुपद को बड़ी हैरानी हुई. वह अपनी पुत्री का विवाह अर्जुन जैसे वीर युवक के साथ करना चाहते थे. अतः राजा द्रुपद ब्रह्मणों की वास्तविकता का पता लगाने के लिए राजमहल में भोज का कार्यक्रम रखा और उन ब्रह्मणों को भी बुलाया. राजमहल को कई वस्तुओं से सजाया गया. एक कक्ष में फल फूल तो दूसरे कक्ष में अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित किया गया. भोजन करने के बाद सभी अपनी मनपसंद चीजें देखने लगे. लेकिन ब्राह्मण वेशधारी अस्त्र-शस्त्र वाले कमरे में पहुंचे. यह सब कुछ राजा द्रुपद देख रहे थे. वे समझ गए यह ब्राह्मण नहीं, बल्कि क्षत्रिय हैं. मौका मिलते हैं उन्होंने ब्राह्मण वेशधारी युधिष्ठिर से पूछा, सच बताइए आप ब्रह्मण हैं या क्षत्रिय. युधिष्ठिर हमेशा सच बोलते थे. उन्होंन स्वीकार कर लिया कि वे सचमुच क्षत्रिय हैं. और स्वयंवर जीतने वाले अर्जुन है. यह जानकर राजा द्रुपद बहुत प्रसन्न हुए, और सोचने लगे कि अपने भेष भले ही बदल लें लेकिन विचार आसानी से नहीं बदलते हैं.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #AlluArjunArrest
2. #अल्लू अर्जुन
3. #SwarnaAndhraVision2047
4. #SprightAgroExcellence
5. #1YearOfMohanYadavSarkar
6. #JanadeshParab
7. #हैदराबाद पुलिस
8. #संध्या थिएटर
9. # #संसद भवन
10. Andhra Pradesh

# बहुरंग

### शोमैन राजकपूर की 100वीं जयंती पर विशेष

# जीना यहां, मरना यहां...

**शैलेंद्र वर्मा**



बॉलीवुड के ग्रेटेस्ट शोमैन राज कपूर आज जीवित होते तो वे उम्र की शतकीय पारी खेल रहे होते. जी हां, आज 14 दिसंबर को राज कपूर का जन्म शताब्दी वर्ष है. 1924 में आज ही के दिन उनका जन्म हुआ था. कपूर परिवार इसका सेलिब्रेशन मना रहा है. न सिर्फ कपूर परिवार बल्कि पूरा देश अपने चहेते शोमैन का 100वां जन्मदिवस जोशो-खरोश से मना रहा है. 24 साल की उम्र में फिल्मी दुनिया में कदम रखने वाले राज कपूर की फिल्में और उनके मशहूर तराने आज भी लोगों को जीवन से रुबरु कराते हैं. भले ही फिल्म राम तेरी गंगा मैली के निर्देशन के साथ उन्होंने सुनहरे पर्दे से विदा ले ली हो, लेकिन उनकी फिल्मों का जादू आज भी बरकरार है. उनकी फिल्मों ने न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में एक अलग पहचान बनाई है. 1985 में आई राम तेरी गंगा मैली के साथ राज कपूर ने कुल 10 फिल्मों का निर्देशन किया, और आज उनकी 100वीं जयंती पर फिल्म इंडस्ट्री, उनके प्रशंसक और परिवार उनका योगदान याद कर रहे हैं.
राज कपूर के पोते और अभिनेता रणबीर कपूर ने इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में दिवंगत दादा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 14 दिसंबर से पूरे भारत में फिल्म महोत्सव आयोजित करने का एलान किया. रणबीर ने कहा कि उनके दादा में नई पीढ़ी के साथ फिल्म बनाने का साहस था. मेरा नाम जोकर (1970) में भारी असफलता के बाद भी राज कपूर ने तीन साल बाद बॉबी के साथ शानदार वापसी की. रणबीर ने यह भी कहा कि उनके दादा एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने हमेशा सिनेमा में नए प्रयोग किए और समय के साथ खुद को ढाला.
राज कपूर की फिल्में आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं. आवारा जैसी फिल्में रूस में आज भी बेहद लोकप्रिय हैं. उनकी फिल्मों में कला और दर्शन का अद्भुत संगम था, जो समाज की सच्चाइयों को इस तरह प्रस्तुत करता था कि आम लोग उससे जुड़ाव महसूस कर सकें. बूट पॉलिश और श्री 420 जैसी फिल्मों में आम आदमी के संघर्ष और मानवता की भावना को बेहतरीन तरीके से दिखाया गया. वहीं, संगम, बॉबी, सत्यम शिवम सुंदरम और राम तेरी गंगा मैली जैसी फिल्मों में प्रेम और सौंदर्य की अद्वितीय भावनाओं को प्रस्तुत किया गया. राज कपूर ने भारतीय सिनेमा में आधुनिकता का एक नया लोकाचार डाला, जो आज भी उनकी फिल्मों की प्रासंगिकता को बनाए रखता है. उनके पास लय और संगीत की गहरी समझ थी, जिसने उनकी फिल्मों को हमेशा ताजगी दी. राज कपूर की 100वीं जयंती के मौके पर उनकी फिल्में आज भी दर्शकों के दिलों में जीवित हैं और सदाबहार बनी हुई हैं.

## नोरा को देख सब कर रहे 'आय-हाय'



**मुंबई।** एक्ट्रेस नोरा फतेही को देख वाकई आय-हाय कर रहे हैं. सोशल मीडिया पर अपने आकर्षक अंदाज और अदाओं के कारण नोरा हमेशा सुर्खियां में बनी रहती हैं. उनके डांस मूव्य तो कहर बरपाते ही हैं. उनका नया गाना आय-हाय इन दिनों सुपरहिट हो गया है. इसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं. नोरा ने हाल ही सफेद साड़ी में फोटोशूट भी कराया है, जिसमें वे बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. बता दें कि नोरा के इंस्टाग्राम पर काफी फॉलोअर्स हैं और इस कारण वे हमेशा खबरों में बनी रहती हैं.

### मर्दानी के रूप में फिर नजर आएंगी रानी

**मुंबई।** रानी मुखर्जी को पुलिस के किरदार में देखने का इंतजार अब खत्म हो गया है, क्योंकि मर्दानी सीरीज का तीसरा इंस्टॉलमेंट बनाने का ऐलान कर दिया गया है. यशराज फिल्म्स ने आधिकारिक रूप से इस फिल्म की घोषणा की है. 5 साल पहले मर्दानी 2 रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने बेहद पसंद किया था. आज यानी 13 दिसंबर को मर्दानी 2 के रिलीज होने की सालगिरह पर इस फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग की घोषणा हुई है, जो काफी खास है. मर्दानी 3 की घोषणा आदित्य चोपड़ा ने की और उन्होंने बताया कि यह फिल्म पिछली दोनों फिल्मों से कहीं ज्यादा डार्क, डेडली और खतरनाक होगी. जैसा कि पहले की फिल्मों में रानी मुखर्जी ने पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी राय का किरदार निभाया था, वही किरदार इस बार भी उनके द्वारा निभाया जाएगा. रानी मुखर्जी ने फिल्म के साथ अपनी वापसी की एक्साइटमेंट भी शेयर की और कहा कि पुलिस की वर्दी पहनना हमेशा एक खास एहसास होता है. मर्दानी 3 की शूटिंग 2025 के अप्रैल महीने से शुरू होने वाली है. इस फिल्म की कहानी पहले की फिल्मों से और भी ज्यादा दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण होने की उम्मीद जताई जा रही है.

## हिना खान को गूगल पर सबसे ज्यादा किया गया सर्च



**मुंबई।** ब्रेस्ट कैंसर से जंग लड़ रही अभिनेत्री हिना खान 2024 में गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले कलाकारों की लिस्ट में शीर्ष पर रहीं. हालांकि, हिना इसे कोई उपलब्धि नहीं मानतीं और उन्होंने अपनी राय पोस्ट के जरिए साझा की. इंस्टाग्राम स्टोरीज पर हिना ने एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उनके साथ साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार पवन कल्याण और अभिनेत्री निमरत कौर भी नजर आ रही थीं. हिना ने पोस्ट में लिखा, गूगल पर 2024 में ग्लोबल ट्रेंड में ये 10 सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले भारतीय कलाकारों में मेरा नाम भी है. मुझे देखकर बहुत से लोग बधाई दे रहे हैं, लेकिन सच कहूं तो मेरे लिए यह न तो कोई उपलब्धि है और न ही गर्व की बात है. ब्रेस्ट कैंसर के तीसरे स्टेज का इलाज करवा रही हिना ने आगे कहा, मैं प्रार्थना करती हूं कि किसी को भी उसके स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के बारे में गूगल पर सर्च न किया जाए. उन्होंने यह भी कहा कि वह चाहती हैं कि उन्हें उनके काम और उपलब्धियों के लिए सर्च किया जाए, न कि सिर्फ इलाज के दौरान. हिना खान उन सितारों में से हैं, जो सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अक्सर अपने प्रशंसकों के साथ अपनी यात्रा साझा करती हैं. हाल ही में उन्होंने कीमोथेरेपी के बाद अस्पताल से तस्वीरें साझा की थीं, जिसमें वह अस्पताल की कॉरिडोर में टहलती नजर आईं और प्रशंसकों से दुआ करने की अपील की थी.

## निर्देशक पी. बालचंद्रकुमार का निधन

**चेंगन्नूर।** मलयालम फिल्म निर्देशक पी. बालचंद्रकुमार का शुक्रवार सुबह 5:40 बजे केरल के चेंगन्नूर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया. वह लंबे समय से किडनी की बीमारी का इलाज करा रहे थे. वह केरल में 2017 में अभिनेत्री पर हमला और अपहरण मामले में मुख्य गवाह भी थे. बालचंद्रकुमार के मित्र और अभिनेता प्रकाश बारे ने फेसबुक पर निर्देशक के निधन की घोषणा करते हुए लिखा, 'बीमारी और अन्याय के साथ एक लंबी लड़ाई के बाद, बालू चले गए हैं... अलविदा, प्यारे दोस्त.' निर्देशक 2017 के अभिनेत्री के अपहरण और उनके साथ मारपीट मामले के मुख्य आरोपी अभिनेता दिलीप के पूर्व मित्र थे. 2021 में बालचंद्रकुमार ने दिलीप के खिलाफ एक महत्वपूर्ण बयान दिया, जिसमें आरोप लगाया गया कि अभिनेता के पास मारपीट के दृश्य थे और उन्होंने मामले में गवाहों को प्रभावित करने का प्रयास किया था. उन्होंने यह भी दावा किया कि मुख्य आरोपी पल्सर सुनी को दिलीप के आवास पर देखा गया था. बालचंद्रकुमार ने 2013 की फिल्म काउबॉय का निर्देशन किया था.




**मेष :** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा. बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा. शुभांक-4-5-7

**वृष :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. मेहमानों का आगमन होगा. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. शुभांक-5-7-9

**कर्क :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा. आध्यात्मिक वातावरण बनेगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. यात्रा का योग बन रहा है. शुभांक-2-6-7

**सिंह :** विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-4-6-8

**कन्या :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे. भावनाओं में न बहें, सावधान रहें. रुका हुआ धन प्राप्त होगा. अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी. शुभांक-3-5-7

**तुला :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. खान-पान में सावधानी रखें. व्यापार में प्रगति होगी. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है. शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक :** कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी. आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा. शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी. हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. मातृ पक्ष से विशेष लाभ. शुभांक-2-4-7

**धनु :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. शुभांक-3-5-8

**मकर :** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. बचते-बचते कलह विवादका डर बना रहेगा. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. शुभांक-3-6-9

**कुंभ :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. अपने काम को प्राथमिकता से करें. अर्थपक्ष मजबूत रहेगा. किसी से निकटता प्रेम-प्रसंग में बदलेगी. सलाह उपयोगी सिद्धि होगी. शुभांक-3-5-7

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. शुभांक-5-8-9

## न्यूज अपडेट

### बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने रौंदा परिवार में मच गया कोहराम

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के तुर्की थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग की जान चली गई. यह घटना सकरी सरैया गांव के पास हुई, जब बंगाली साह नामक व्यक्ति साइकिल से अपने परिवार के लिए खाना लेकर जा रहे थे. तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, मृतक बंगाली साह रामदयालु नगर के निवासी थे. परिजनों ने बताया कि वे रोजाना शहर से गांव साइकिल पर खाना ले जाकर परिवार की देखभाल करते थे. बुधवार को भी वे साइकिल से गांव लौट रहे थे, तभी सकरी सरैया के पास यह दुर्घटना हो गई. वहीं, अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारने के बाद फरार हो गया. गंभीर रूप से घायल अवस्था में बंगाली साह को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है.

### मां और बेटे का झगड़ा छुड़ाने गए पड़ोसी की गोली मारकर हत्या

**मधबुनी।** मधबुनी में मां-बेटे का झगड़ा छुड़ाने गए पड़ोसी की हत्या कर दी गई है. अपराधियों ने उसे गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों भीड़ जुट गई. इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. साथ ही आरोपी को पिस्टल और गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया है. मृतक के दादा नरेंद्र नारायण साह ने बताया कि गांव में पड़ोसी रामू राय के 20 वर्षीय पुत्र वरुण कुमार राय रात्रि में अपनी मां सजन देवी के साथ मारपीट कर रहा था. उसी दौरान गणेश राय के 20 वर्षीय पुत्र रोहन राय उसे बचाने गया. इसी दौरान वरुण राय ने पेट में गोली मार दी. गोली लगते ही रोहन की मौके पर ही मौत हो गई.

- पिस्टल और गोली के साथ आरोपी गिरफ्तार

### दहेज मामले में गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर हमला

**मोतिहारी ।** मोतिहारी के हरसिद्धि थाना क्षेत्र में दहेज अधिनियम के तहत आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर हमला किया गया. इस घटना में एक दारोगा सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए. घटना हरसिद्धि थाना क्षेत्र के सोनवर्षा वार्ड-11, गुमास्ता टोला की है. जानकारी के मुताबिक, पुलिस हरसिद्धि थाना कांड संख्या 413/24 के तहत आरोपी शत्रुघ्न साहनी को गिरफ्तार करने पहुंची थी. टीम ने शत्रुघ्न साहनी को हिरासत में ले लिया और गाड़ी में बैठाने का प्रयास कर रही थी. इसी दौरान आरोपी के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों ने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया. परिजनों और सहयोगियों ने मारपीट करते हुए शत्रुघ्न साहनी को पुलिस की हिरासत से छुड़ा लिया और मौके से फरार हो गए. हमले में एक दरोगा और दो अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए. हमले के बाद अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर भेजा गया. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

पेपर लीक का लगाया आरोप : आयोग ने किया इनकार

# बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा के बाद छात्रों का हंगामा

संवाददाता। पटना

बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा शुक्रवार को संपन्न हो गया. पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया, पूर्णिया, खगड़िया, बेगूसराय, शेखुपरा, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण समेत सभी जिलों में कुल 912 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. बिहार के सबसे बड़ा एग्जाम सेंटर बापू परीक्षा केंद्र (पटना) में भी यह परीक्षा ली जा रही है. पटना जिले में 60 से अधिक केन्द्र बनाए गए हैं. कुल 4.85 लाख परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे. परीक्षा में किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गई है. अभ्यर्थियों को ढाई घंटा पहले यानी सुबह साढ़े नौ बजे बुलाया गया है. परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले यानी 11 बजे तक ही एग्जाम सेंटर में प्रवेश दिया गया. परीक्षा एक ही पाली में दोपहर 12 से 2 बजे तक होगी.

**अफवाहों पर ध्यान न दें :** बीपीएससी में कंट्रोल रूम बनाया गया है. यहां बैठे अधिकारी और कर्मी हर सेंटर की निगरानी करेंगे. साथ ही सोशल मीडिया पर भी निगरनी रखी जा रही है. बीपीएससी के अध्यक्ष परमार रवि मनु भाई ने किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है. अफवाह फैलाने वालों पर बिहार पुलिस की साइबर सेल कार्रवाई करेगी. उन्होंने बताया कि परीक्षा के चार सेट में प्रश्न पत्र प्रकाशित किए गए हैं. इनमें से किसी भी सेंट में परीक्षा ली जाएगी. कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर त्रिस्तरीय जांच की व्यवस्था की गई है. सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए गए हैं.



**बीपीएससी ने पेपर लीक से किया इनकार :** बीपीएससी पीटी परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने की कथित खबर के बाद पटना के बापू सभागार में छात्रों ने जमकर हंगामा किया. 70वीं बीपीएससी के लिए राज्य के अलग अलग जिलों में दोपहर 12 बजे से परीक्षा हो रही है. दोपहर बाद एक वर्ग के द्वारा यह दावा किया गया कि परीक्षा का प्रश्नपत्र वायरल हो गया है. दोपहर एक बजे के बाद प्रश्न पत्र वायरल होने के दावे किए गये. हालांकि बीपीएससी ने प्रश्न प्रत्र लीक होने के दावों को सिरे से नकार दिया है. बीपीएससी का कहना है कि यह शरारती तत्वों की करतूत है आयोग का कहना है कि कहीं भी प्रश्न प्रत्र लीक नहीं हुआ है. जो लोग ऐसी अफवाह उड़ा रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

**कदाचार न करें :** परीक्षा के दौरान कदाचार करते हुए पाये जाने की स्थिति में इस परीक्षा सहित आगामी पांच वर्षों के लिए आयोग की परीक्षाओं में भाग लेने से वंचित कर दिया जाएगा. साथ ही भ्रामक और अफवाह फैलाने की स्थिति में तीन वर्षों के लिए आयोग की परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा.**बारकोड की स्कैनिंग के बाद प्रवेश :** परीक्षा को लेकर आयोग ने एक नई पहल की शुरुआत की है. अब सभी केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के बारकोड की स्कैनिंग की जाएगी. स्कैनिंग में सब कुछ स्पष्ट होने के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी. इन सभी प्रक्रियाओं को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पूर्व पूरा करना अनिवार्य है. वहीं बिहार पुलिस के अनुसार, सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है. एग्जाम सेंटर के बाहर धारा 144 लागू किया गई. पुलिस के पदाधिकारी भी अलग से पेट्रोलिंग कर सभी परीक्षा केंद्रों का जायजा लेंगे. परीक्षा में किसी भी कीमत पर कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती पूर्व की तरह तैनात रहेगी.

बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े दिया घटना को अंजाम

# युवक को कनपटी में मारी गोली, मौत

संवाददाता। नवादा

नवादा जिले में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है. घटना नगर थाना क्षेत्र के नवीन नगर मोहल्ले की है. जहां बदमाशों ने 21 वर्षीय सोनू कुमार को सिर में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया. इस वारदात के बाद स्थानीय लोग सहमे हुए हैं और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

जानकारी के मुताबिक, मृतक सोनू कुमार नगर थाना क्षेत्र के अतौआ गांव निवासी बीरेश सिंह का बेटा था. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बदमाशों ने सोनू को पास से कनपटी पर गोली मारी और मौके से फरार हो गए. उसे तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक के परिजनों का कहना है कि सोनू की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी. उन्होंने घटना पर गहरा दुख और चिंता जताई है.

**इलाके में दहशत का माहौल :** इस घटना ने स्थानीय निवासियों के बीच भय का माहौल पैदा कर दिया है. लोगों का कहना है कि अपराधियों के बढ़ते हौसले ने इलाके को असुरक्षित बना दिया है. स्थानीय निवासी बताया कि अपराधियों पर लगाम लगाने में पुलिस प्रशासन असफल साबित हो रहा है. सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है.

**परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल :** मृतक सोनू के परिजन इस घटना से गहरे सदमे में हैं. परिवार के लोगों ने कहा कि सोनू मिलनसार और शांत स्वभाव का युवक था. उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी. यह हत्या पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है. सीसीटीवी फुटेज और फॉरेंसिक टीम की मदद से पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है. स्थानीय लोगों की मांग है कि पुलिस जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़कर सख्त कार्रवाई करे.



**पुलिस ने संदिग्धों से शुरू की पूछताछ**

वहीं, घटना की सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार और सदर एसडीपीओ हुलास कुमार मौके पर पहुंचे. पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने भी अस्पताल जाकर जांच की प्रगति की समीक्षा की. एसपी अभिनव धीमान ने कहा कि युवक को दो गोलियां लगी हैं. एफएसएल टीम और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों का पता लगाया जा रहा है. दो दिनों के भीतर घटना का खुलासा कर लिया जाएगा. पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी है और कुछ लोगों को हिरासत में लिया है. मामले के खुलासे के लिए कई टीमें गठित की गई हैं.

### नवादा में दुर्घटना में घायल पैक्स अध्यक्ष की इलाज के दौरान मौत

**नवादा।** जिले के लालपुर पंचायत के नव निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष अशोक यादव की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई. वे लगभग 45 वर्ष के थे. सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद 15 दिन से पटना के मेदांता हॉस्पीटल में ईलाजरत थे. उनके पार्थिव शरीर को निजी आवास लालपुर लाया गया. यहां उनके अंतिम दर्शन के लिए शुभचिन्तकों का तांता लगा रहा. प्रखण्ड प्रमुख रीना राय, उप प्रमुख नवीन यादव, पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, नरेंद्र सिंह, रामाश्रय सिंह, रजनीश कुमार, सुनील साव, कौआकोल के सरपंच प्रतिनिधि शैलेष कुमार आर्य, लालपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिनोद यादव, सोखोदेवरा के मुखिया प्रतिनिधि मंटू यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं सरकारी, गैर सरकारी कर्मियों ने पैक्स अध्यक्ष अशोक यादव के निधन पर गहरा शोक जताते हुए मृत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. लोगों ने कहा कि अशोक यादव एक मिलनसार, हंसमुख, समाजसेवी तथा लोकप्रिय व्यक्ति थे.

स्कॉर्पियो ने टेंपो में मारी टक्कर

## तीन छात्राओं को रौंदा एक की मौत, 10 घायल

संवाददाता। सीवान

सीवान में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से छात्रा की मौत हो गयी है. वही दो छात्राएं समेत 10 लोग घायल है. बताया जाता है कि बड़हरिया-सीवान मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार से स्कार्पियो सीवान के तरफ आ रही थी. शहबाज चौक के पास स्कूल जाने के लिए सड़क किनारे तीन छात्राएं बस के इंतजार में खड़ी थी. तेज रफ्तार स्कोर्पियो ने तीनों को रौंद दिया और भागने लगा. इसी दौरान स्कॉर्पियो का टायर फट गया और वह एक टेम्पो में जा टकराया. टक्कर लगते ही टेम्पो में सवार आठ यात्री घायल हो गए. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. आसपास के लोगों ने तीन छात्राओं समेत बाकी लोगों को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया. जहां डॉक्टरों ने एक छात्रा को मृत घोषित कर दिया. मृत छात्रा की पहचान तन्नू कुमारी के रूप में हुई है.

## गुस्साए पति ने पत्नी को मारी गोली,पति हुआ गिरफ्तार

संवाददाता ।बक्सर

बक्सर में दामाद जी खातिरदारी नहीं होने से इस कदर नाराज हो गए कि उन्होंने पत्नी को गोली मार दी. जख्मी पत्नी को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है. घटना जिले के धनसोइ थाना क्षेत्र के बन्नी गांव की बतायी जा रही है. परिजनों ने बताया कि धनसोइ थाना क्षेत्र के बन्नी गांव निवासी गुफरान अंसारी पत्नी की विदाई कराने के लिए ससुराल गया था. लेकिन, उसे ससुराल में मन मुताबिक खातिरदारी नहीं हुई. इससे वह आग बबूला हो गया. वहां तो किसी तरह बर्दाश्त कर लिया. लेकिन, घर पहुंचते ही पत्नी पर सारा गुस्सा उतार दिया. दोनों में विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर मीर गुरफान ने अपनी पत्नी को गोली मार दी.

## बिजनेस

### मोबिक्विक का आईपीओ अब तक 31.30 गुना सब्सक्राइब

**मुंबई।** वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड, विशाल मेगा मार्ट लिमिटेड और साई लाइफ साइंसेज लिमिटेड के आईपीओ के लिए शुक्रवारको बोली लगाने का आखिरी दिन था. आखिरी दिन दोपहर 12 बजे तक वन मोबिक्विक सिस्टम्स का आईपीओ टोटल 31.30 गुना सब्सक्राइब हुआ. रिटेल कैटेगरी में यह इश्यू 89.31 गुना, क्यूआईबी कैटेगरी में 1.18 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) कैटगरी में 52.87 गुना सब्सक्राइब हुआ. वहीं, विशाल मेगा मार्ट का आईपीओ अब तक टोटल 2.42 गुना सब्सक्राइब हुआ. रिटेल कैटेगरी में यह इश्यू 1.55 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) कैटेगरी में 0.55 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटगरी में 6.95 गुना सब्सक्राइब हुआ.

### इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट का आईपीओ खुला

**मुंबई ।** डायमंड और ज्वैलरी को सर्टिफिकेट देने वाली कंपनी इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ शुक्रवार को खुल गया है. निवेशक इस इश्यू के लिए 17 दिसंबर तक बिडिंग कर सकेंगे. 20 दिसंबर को कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे. इस इश्यू के जरिए कंपनी 4,225 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है. इसके लिए कंपनी के मौजूदा निवेशक 2,750 करोड़ के 65,947,242 शेयर बेच रहे हैं. इसके साथ ही कंपनी 1,475 करोड़ के 35,371,702 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है. इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ने आईपीओ का प्राइस बैंड 397-417 तय किया है. रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 35 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं.

# ताकतवर महिलाओं की फोर्ब्स सूची में सीतारमण सहित 3 भारतीय महिलाएं

एजेंसी ।नयी दिल्ली

अमेरिकी बिजनेस मैगजीन फोर्ब्स ने वर्ष 2024 के लिए दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी की है. फोर्ब्स की 21वीं सूची में तीन भारतीय महिलाओं के नाम हैं, जिसमें निर्मला सीतारमण, रोशनी नादर मल्होत्रा और किरण मजूमदार-शॉ हैं. सूची में उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के नाम शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है.

**रोशनी नादर मल्होत्रा :** दिग्गज भारतीय बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन और एचसीएल कॉर्पोरेशन की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोशनी नादर मल्होत्रा को फोर्ब्स ने दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की इस सूची में 81वां स्थान दिया है. रोशनी नादर 12 अरब डॉलर की कंपनी के रणनीतिक फैसले लेती हैं. वह शिव नादर फाउंडेशन की भी ट्रस्टी हैं. इसके जरिए वो शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं. रोशनी नादर ने द हैबीटेटस ट्रस्ट की स्थापना की, जो प्राकृतिक संरक्षण के लिए काम करती है.



**किरण मजूमदार शॉ :** किरन मजूमदार शॉ को फोर्ब्स की दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की 21वीं सूची में 82वां स्थान दिया गया है. किरन मजूमदार बायोटेक कंपनी बायोकॉन की संस्थापक और चेयरपर्सन हैं. बायोकॉन की अमेरिका, एशिया के विभिन्न बाजारों समेत दुनियाभर में पहुंच है. किरन मजूमदार शॉ भारत के सबसे सफल उद्योगपतियों में शामिल हैं. साल 2019 में किरन मजूमदार और उनके पति जॉन शॉ ने यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लोसगो में कैंसर रिसर्च के लिए 75 लाख डॉलर का दान दिया था. शॉ की कंपनी कोरोना वायरस की एंटीबॉडी थेरेपी के लिए भी काम कर रही है.



फोर्ब्स अमेरिकी बिजनेस मैगजीन है. यह व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, नेतृत्व और जीवनशैली विषयों पर ध्यान केंद्रित करती है. यह प्रत्रिका दुनियाभरा के उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के कार्य के आधार पर उनका मूल्यांकन और रैंकिंग प्रदान करती है.



**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फोर्ब्स की इस सूची में 28वें स्थान पर हैं. सीतारमण ने मई 2019 में केंद्रीय वित्त मंत्री का पद संभाला था और उसके बाद से लगातार इस अहम पद पर बनी हुई हैं. निर्मला सीतारमण पर भारत के तेज आर्थिक विकास को बनाए रखने की जिम्मेदारी है और उनके नेतृत्व में भारत पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है. सीतारमण महिला सशक्तिकरण को लेकर मुखर रही हैं. वह राजनीति में आने से पहले ब्रिटेन की एग्रीकल्चर इंजीनियर्स एसोसिएशन और बीबीसी वर्ल्ड के साथ जुड़ी रहीं.

### अशोक लीलैंड के वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 3% तक बढ़ोतरी की जाएगी

**नयी दिल्ली ।** टाटा मोटर्स के बाद हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लीलैंड लिमिटेड ने अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में अगले साल जनवरी से 3 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है. कंपनी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि मुद्रास्फीति और कमोडिटी की कीमतों में वृद्धि के कारण जनवरी से अपने वाणिज्यिक वाहनों की पूरी रेंज पर 3 तीन फीसदी तक की इजाफा करेगी. कंपनी ने कहा कि इस कदम से लागत के प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी.

### यात्री वाहनों की थोक बिक्री चार फीसदी बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** मजबूत मांग की वजह से नवंबर महीने में यात्री वाहनों की थोक बिक्री चार फीसदी बढ़कर 3,47,522 इकाई रही है. पिछले वर्ष नवंबर महीने में वाहन विनिर्माताओं ने 3,33,833 यात्री वाहनों की वितरकों तक आपूर्ति की थी. सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि पिछले महीने दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री एक फीसदी की गिरावट के साथ 16,04,749 इकाई रही है.

## अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच जीएसटी संग्रह 9 फीसदी बढ़ा

- 14 .56 लाख करोड़ पर पहुंचा आंकड़ा

एजेंसी ।नयी दिल्ली

चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 9.3 प्रतिशत बढ़कर 14.56 लाख करोड़ रुपये हो गया है. पिछले साल अप्रैल-नवंबर की अवधि में कर संग्रह 13.32 लाख करोड़ रुपये था. जीएसटी संग्रह में उछाल भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है. यह इजाफा मजबूत घरेलू खपत और उछाल वाली आयात गतिविधियों के कारण संभव हुआ है. ये आंकड़े देश के राजकोषीय स्वास्थ्य और आर्थिक सुधार प्रयासों के लिए अच्छे हैं, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच लचीलेपन का संकेत देते हैं. इस साल अप्रैल में कुल जीएसटी संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया. वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल सकल जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 11.7 प्रतिशत अधिक है. देश में 1 जुलाई 2017 से वस्तु एवं सेवा कर लागू किया गया था.




आम लोगों को राहत देने के लिए हेयर ऑयल, टूथपेस्ट, साबुन, डिटर्जेंट और वाशिंग पाउडर, गेहूं, चावल, दही, लस्सी, छाछ, कलाई घड़ी, 32 इंच तक के टीवी, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, मोबाइल फोन जैसी चीजों पर जीएसटी दरों में काफी कटौती की गई है या कुछ पर इसे शून्य स्तर पर रखा गया है. सितंबर में पिछली जीएसटी परिषद की बैठक में, नमकीन उत्पादों के लिए कर की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत कर दी गई थी. तीन प्रमुख कैंसर दवाओं पर कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया था.

**बाजार** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन बिकवाली के बाद पलटा बाजार

# सेंसेक्स 2000 अंक चढ़ा, निफ्टी 24750 के पार

एजेंसी ।नयी दिल्ली

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा. शुरुआती कारोबार में गिरावट के बाद सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त हासिल कर बंद हुए. सेंसेक्स दिन के निचले स्तरों से 2000 अंकों की बढ़त हासिल करने में सफल रहा. दूसरी ओर, निफ्टी भी 24750 का आंकड़ा पार कर गया. 30 शेयरों का बीएसई सेंसेक्स 843.16 अंक उछलकर 82,133.12 पर जबकि निफ्टी 219.60 अंक बढ़कर 24,768.30 पर बंद हुआ. अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे बढ़कर 84.79 (अनंतिम) पर बंद हुआ. खुदरा महंगाई दर में नरमी आने और दूरसंचार शेयरों में खरीदारी से भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए. शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक फिसलते दिखे, जैसे-जैसे दिन चढ़ा बाजार में रिकवरी आनी शुरू हो गई. सुबह के कारोबार में 1,207.14 अंक की गिरावट के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बाद में पूरी तरह उबर गया और 843.16 अंक या 1.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,133.12 अंक पर बंद हुआ. दिन के कारोबार के दौरान यह 923.96 अंक या 1.13 प्रतिशत बढ़कर 82,213.92 अंक पर पहुंचा. एनएसई निफ्टी 219.60 अंक या 0.89 प्रतिशत चढ़कर 24,768.30 अंक पर बंद हुआ, जबकि दिनभर के कारोबार में इसमें 367.9 अंक की गिरावट आई थी.

**खुदरा महंगाई दर में आई नरमी का बाजार पर सकारात्मक असर :** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित हेडलाइन मुद्रास्फीति अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत और नवंबर 2023 में 5.55 प्रतिशत थी.




**सेंसेक्स के 30 शेयरों में आई गिरावट**

सेंसेक्स की 30 शेयरों वाली कंपनियों में भारती एयरटेल, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और पावर ग्रिड सर्वाधिक लाभ में रहीं. टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील और बजाज फिनसर्व पिछड़ गए. खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 5.48 प्रतिशत पर आ गई और यह मुख्य रूप से खाद्य कीमतों में कमी के कारण रिजर्व बैंक के आरामदायक स्तर पर आ गई, जिससे फरवरी में नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में केंद्रीय बैंक की दर निर्धारण समिति की बैठक में ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश बनी.

# सर्राफा बाजार में सपाट स्तर का सोना, चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी ।नयी दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में सोना शुक्रवार को सपाट स्तर पर कारोबार किया है. हालांकि चांदी के भाव में शुक्रवार को 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है. सोने के सपाट स्तर पर बने रहने की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 79,620 रुपये से लेकर 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार किया है. इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये से लेकर 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिका है. दूसरी ओर, चांदी के भाव में तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत बढ़ कर 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है. देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है. इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है.



**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : तीसरा टेस्ट मैच आज से, सभी की नजरें रोहित शर्मा और विराट कोहली पर होंगी**

# रोहित या राहुल कौन करेगा ओपनिंग?

## टेस्ट के पांचों दिन बारिश के आसार

एजेंसी। ब्रिसबेन

एडिलेड में दूसरे टेस्ट में मिली हार के बाद भारतीय टीम गाबा के मैदान पर इतिहास को दोहराने के लिए बेताब होगी. शनिवार से शुरू हो रहे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में सभी की नजरें रोहित शर्मा और विराट कोहली पर होंगी. सीरीज 1-1 से बराबर होने के बाद ब्रिसबेन टेस्ट निर्णायक साबित हो सकता है. भारतीय गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों की कमजोरी का फायदा उठाना चाहेंगे जिनके लिए ट्रेविस हेड दूसरे टेस्ट में संकटमोचक साबित हुए. भारत-ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े आकर्षण स्टीव स्मिथ और कोहली दोनों ही लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं.

**बुमराह पर काफी दारोमदार :** गेंदबाजी में भारत के पास जसप्रीत बुमराह हैं. उन्होंने सीरीज के बाकी सभी गेंदबाजों को अपने सामने बौना साबित कर दिया है. उन्हें हालांकि दूसरे छोर से अधिक सहयोग की जरूरत है. इसके साथ ही उन्हें रोहित और कोहली जैसे बल्लेबाजों से अच्छे रनों की भी दरकार है ताकि वह खुलकर गेंदबाजी कर सकें. रोहित और कोहली के खराब फॉर्म को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और आधुनिक क्रिकेट के इन दोनों महानायकों के लिए यह टेस्ट काफी महत्वपूर्ण होगा. हालांकि, इनकी गैरमौजूदगी के बावजूद भारत ने 2021 में गाबा में शानदार जीत दर्ज की थी.

**रोहित ऑस्ट्रेलियाई धरती पर कुछ खास नहीं कर सके :** कोहली ने पर्थ टेस्ट में शतक लगाया, लेकिन रोहित से कप्तानी पारी का इंतजार है. रोहित के पास इतना अनुभव तो है कि वह बखूबी जानते हैं कि पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड जैसे शानदार गेंदबाजों को हर गेंद पर पीटा नहीं जा सकता.




## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100वां मैच खेलेंगे विराट

विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इतिहास रचने वाले हैं. इस मुकाबले के साथ वह कंगारुओं के खिलाफ 100 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले अब तक के दूसरे खिलाड़ी बनेंगे. सचिन तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 110 मैच खेले हैं.

विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 99 मैचों में 17 शतक लगाए, इनमें 9 बार प्लेयर ऑफ द मैच रहे. विराट ने ऑस्ट्रेलिया के 7 में से 6 शहरों में शतक लगाए हैं, ब्रिस्बेन ऐसा इकलौता शहर है, जहां वह शतक नहीं लगा सके. विराट तीसरे टेस्ट में शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया के सभी क्रिकेट शहरों में सेंचुरी लगाने वाले इकलौते खिलाड़ी बन सकते हैं. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5000+ रन बनाए विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 27 टेस्ट, 49 वनडे और 23 टी-20 खेल चुके हैं. इनमें उन्होंने 50 से ज्यादा की औसत से 5326 रन बनाए. उनके नाम 17 सेंचुरी और 27 फिफ्टी हैं. खास बात यह रही कि विराट ने 17 में से 10 सेंचुरी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हीं के घर में लगाईं. विराट की मौजूदगी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 47% मैचों में हराया विराट की मौजूदगी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 10 टेस्ट, 21 वनडे और 15 टी-20 हराए. तीनों फॉर्मेट मिलाकर विराट जब भी प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे, टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 47% में जीत हासिल की. 44% में टीम को हार मिली, जबकि बाकी मुकाबले बेनतीजा और ड्रॉ रहे. एडिलेड में विदेशी प्लेयर के तौर पर सबसे ज्यादा शतक विराट को ऑस्ट्रेलिया में खेलना बहुत पसंद है. ऑस्ट्रेलिया के 7 शहरों में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम हैं, जिनमें से 6 में विराट ने 12 शतक लगाए हैं. एडिलेड में उनके नाम विदेशी प्लेयर्स में सबसे ज्यादा 5 सेंचुरी हैं. मेलबर्न और पर्थ में उन्होंने 2-2 शतक लगाए हैं.

## रोहित-कोहली को अच्छा खेलना होगा

आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने दोनों पर अब तक उछाल और सीम से हमले बोले हैं और यहां भी पिच से अच्छी सीम मिलने की उम्मीद है. रोहित और कोहली के पास प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन इस समय फॉर्म साथ नहीं दे रहा. भारत के लिए सबसे बड़ी समस्या पहली पारी में निराशाजनक बल्लेबाजी रही है. पिछले एक साल में भारत में और विदेश में खेले गए टेस्ट में छह बार पहली पारी का स्कोर 150 या कम रहा है. रोहित और कोहली ने 2024-25 सत्र में पहली पारी में 6.88 और 10 की खराब औसत से रन बनाए हैं.

### प्रसिद्ध और आकाश में किसी एक को मौका

पहले दो टेस्ट में ऑफ स्पिनर आर अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर का प्रदर्शन ठीक ठाक रहा, लेकिन बल्लेबाजी में गहराई के लिए रविंद्र जडेजा बेहतर विकल्प हैं. तेज गेंदबाजी में आकाश दीप के पास विविधता है, लेकिन कप्तान रोहित को हर्षित राणा की दिलेरी पसंद है. इसके अलावा कई पूर्व क्रिकेटरों ने हर्षित की जगह हिट दी डेक गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को शामिल करने की बात कही थी. प्रसिद्ध और आकाश में से किसी एक के खेलने की संभावना अधिक दिखती है.

**भारत की संभावित प्लेइंग-11:** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रविचंद्रन अश्विन/वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप/प्रसिद्ध कृष्णा, नीतीश कुमार रेड्डी.

**समय सुबह 5:50 बजे से**

**ऑस्ट्रेलिया की घोषित प्लेइंग-11:** पैट कमिंस (कप्तान), जोश हेजलवुड, एलेक्स कैरी, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिच मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क.

बाजू में खिंचाव के कारण एडिलेड टेस्ट से बाहर रहने के बाद हेजलवुड टीम में लौटे हैं. रोहित सफेद गेंद के बादशाह रहे हैं, लेकिन अगर गाबा पर वह अच्छी पारी खेल जाते हैं तो महान क्रिकेटरों में उनका नाम शुमार होगा. हालांकि, इसके लिए उन्हें सबसे पहले उन्हें अपना बल्लेबाजी क्रम तय करना होगा. रोहित पारी की शुरूआत करेंगे या छठे नंबर पर उतरेंगे, यह उन्हें देखना है क्योंकि ऐसे में अगर शीर्षक्रम धीमा खेलता है तो वह पुरानी कूकाबूरा गेंद पर आक्रामक खेल सकते हैं.

**ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी भी खराब रही :** ऑस्ट्रेलिया की बात करें तो उसकी बल्लेबाजी भी चिंता का सबब है. हेड की हालत आजकल ऋषभ पंत की तरह हो गई है. स्टीव स्मिथ का खराब फॉर्म चिंता का सबब है. मार्नस लाबुशेन ने एडिलेड में अर्धशतक जड़ा, लेकिन वह पुराने फॉर्म में नहीं दिख रहे. ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बुमराह के पहले स्पैल को सावधानी से खेलना चाहेंगे क्योंकि उन्हें पता है कि इसमें कामयाब रहने पर बाकी भारतीय गेंदबाजों से उन्हें इतना खतरा नहीं है.

## न्यूज अपडेट



### वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश पर क्लीन स्वीप किया

**सेंट किट्स।** वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है. कैरेबियाई टीम ने गुरुवार रात को तीसरे वनडे मुकाबले में 4 विकेट की जीत हासिल की. सेंट किट्स के बस्सेटेरे में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया. बांग्लादेश ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 321 रन बनाए. 322 रन का टारगेट कैरेबियन बैटर्स ने 45.5 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया. अमीर जंगू ने नाबाद 104 रन की पारी खेली. उन्होंने 83 बॉल की पारी में 6 चौके और 4 छक्के जमाए. उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

### युगांडा और तंजानिया ने चैंपियनशिप जीती

**कंपाला।** युगांडा और तंजानिया ने अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) स्कूल फुटबॉल चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया है.सेंट नूह गर्ल्स स्कूल की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाली युगांडा की टीम सात अंक प्राप्त करके लड़कियों की श्रेणी में चैंपियन बनी.युगांडा ने गुरुवार को मध्य युगांडा के किटेंडे स्थित सेंट मैरी स्टेडियम में खेले गए अपने आखिरी मैच में रवांडा को 8-0 से हराया.दूसरे मैच में तंजानिया ने बुरुंडी को 1-0 से हराकर सात अंक प्राप्त किए, लेकिन कम गोल अंतर के कारण वह युगांडा से पीछे रह गया.लड़कों की श्रेणी में, तंजानिया रवांडा को 2-0 से हराकर युगांडा से बेहतर गोल अंतर के साथ चैंपियन बनकर उभरा, क्योंकि दोनों टीमें छह अंकों पर बराबरी पर थीं. गुरुवार को श्रेणी के दूसरे मैच में, सोमालिया और बुरुंडी ने गोल रहित ड्रॉ खेला.टूर्नामेंट में पाँच लड़कों की टीमें और चार लड़कियों की टीमें शामिल थीं.

### हॉपकिंसन बने मुंबई के नए फील्डिंग कोच

**मुंबई।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को कहा कि उसने आईपीएल 2025 से पहले कार्ल हॉपकिंसन को अपना नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया है. हॉपकिंसन ने जेम्स पैमेंट की जगह ली है, जो सात साल तक मुंबई इंडियंस के फील्डिंग कोच थे.न्यूजीलैंड के मूल निवासी पैमेंट 2019 और 2020 में मुंबई इंडियंस की लगातार खिताबी जीत का हिस्सा थे. फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, ₹हम उन्हें धन्यवाद देना चाहते हैं और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देना चाहते हैं.₹ हॉपकिंसन ने हाल ही में इंग्लैंड के लंबे समय से चले आ रहे फील्डिंग कोच के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त किया है, यह भूमिका उन्होंने 2018 में संभाली थी. वे 2019 में घरेलू धरती पर इंग्लैंड के वनडे विश्व कप और नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप जीत में शामिल थे.

### हेजलवुड ब्रिस्बेन टेस्ट में वापसी करेंगे: स्कॉट

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पूरी तरह फिट हो गए हैं. वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा लेंगे. हेजलवुड ब्रिस्बेन टेस्ट में स्कॉट बोलैंड की जगह लेंगे. कप्तान पैट कमिंस ने गुरुवार को खुद इस बात की पुष्टि की है. ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने शुक्रवार को कहा- 'जोश वापस आ गया है. उसे कोई परेशानी नहीं हुई। उसने कल (गुरुवार को) बहुत अच्छी गेंदबाजी की. वे और मेडिकल टीम बहुत आश्वस्त है. कमिंस ने बोलैंड को लेकर कहा कि वे थोड़े दुर्भाग्यशाली रहे कि एडिलेड टेस्ट में 5 विकेट लेने के बावजूद उन्हें अपना स्थान खोना पड़ा है. भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला ब्रिस्बेन में शनिवार 14 दिसंबर से शुरू हो रहा है. एडिलेड टेस्ट नहीं खेल सके थे .चोटिल हेजलवुड जोश हेजलवुड चोट के कारण एडिलेड के खेले गए डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा नहीं थे.

### नई जनरेशन बॉलर्स नहीं, बॉल देखती है: गिल

**ब्रिसबेन।** भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा- 'अगर आप नहीं जीते हैं तो आपको डर लगेगा. हम पिछली बार जीते हैं और भारत में भी. नई पीढ़ी यह नहीं सोचती कि कौन गेंदबाजी कर रहा है, यह सिर्फ गेंद को देखती है.' गिल ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर शनिवार, 14 दिसंबर से शुरू होने जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे मुकाबले से पहले मीडिया से बात कर रहे थे. उन्होंने एक दिन पहले वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप जीतने वाले डी गुकेश को बधाई भी दी. गिल ने कहा- 'मैं भारतीय क्रिकेट टीम की ओर से गुकेश को बधाई देता हूं. सबसे कम उम्र का वर्ल्ड चेस चैंपियन बनना, अपने आप में एक अचीवमेंट है.' गुकेश ने गुरुवार रात को चीन के डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से हराया था. गिल ने कहा कि 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया में जीत दर्ज करने के बाद हम पहली बार गाबा में प्रैक्टिस करने उतरे तो पुरानी यादें ताजा हो गईं.

### फाइनल से बाहर हुई भारतीय युगल जोड़ी

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद शुक्रवार को हांग्जो में अपने ग्रुप ए मुकाबले में जापानी जोड़ी नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा के खिलाफ सीधे गेम में हारकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2024 से बाहर हो गई.भारतीय जोड़ी करो या मरो वाले मैच में 17-21, 13-21 से हार गई, जहां एक जीत उन्हें टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह दिला सकती थी.ट्रीसा और गायत्री को ग्रुप के अपने शुरुआती मैच में विश्व नंबर 1 लियू शेंग शू और चीन के टैन निंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था.

## डी गुकेश को मिलेगा पांच करोड़ रुपये का नकद इनाम



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बनने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए डी गुकेश के लिए पांच करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की. चेन्नई के ग्रैंडमास्टर गुकेश गुरुवार को सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर 18 साल की उम्र में सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए. गुकेश पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद के बाद यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं. स्टालिन ने एक ट्वीट में कहा, 'सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश की शानदार उपलब्धि का सम्मान करने के लिए मुझे पांच करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है.

### बाबर पर शादी का झांसा देकर पीटने का आरोप

**नयी दिल्ली।** लाहौर हाईकोर्ट ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम के खिलाफ कथित दुष्कर्म मामले की सुनवाई 16 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी. याचिकाकर्ता हमीजा मुख्तार ने अदालत को बताया कि बाबर और वह कुछ समय से रिश्ते में थे और उसने शादी का वादा करके उसके साथ मारपीट की. बाबर के वकील हारिस अजमत के अदालत में उपस्थित न होने पर उनके जूनियर वकील ने मामले को स्थगित करने का अनुरोध किया और अदालत ने अनुरोध स्वीकार कर लिया. दरअसल, वकील ने हवाला दिया कि पूर्व पाकिस्तानी कप्तान फिलहाल साउथ अफ्रीका में हैं और राष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं. याचिकाकर्ता ने अदालत के समक्ष अपने आरोपों और दावों को दोहराया. उन्होंने कहा, 'बाबर आजम ने मेरा यौन शोषण किया, जिससे मैं प्रेग्नेंट हो गई. बाद में उसने (बाबर) मुझे गर्भपात के लिए राजी किया, जो मैंने किया.'

## मुंबई टीम मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची, बड़ौदा को 6 विकेट से हराया

- अजिंक्य रहाणे ने खेली 98 रनों की दमदार पारी
- रहाणे ने अपनी पारी में लगाए 11 चौके और 5 छक्के
- मुंबई ने बड़ौदा को सेमीफाइनल में 6 विकेट से हराया

एजेंसी। बेंगलुरु

अजिंक्य रहाणे और कप्तान श्रेयस अय्यर की विस्फोटक बल्लेबाजी से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मुंबई ने बड़ौदा को 7 विकेट से हरा दिया. इस जीत के साथ ही मुंबई ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है. मैच में क्रुणाल पंड्या की कप्तानी वाली बड़ौदा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 158 रन का स्कोर खड़ा किया था. इसके जवाब में मुंबई की टीम ने सिर्फ 3 विकेट गंवाकर 16 गेंद शेष रहते ही मैच को अपने नाम कर लिया. लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई के लिए अजिंक्य रहाणे ने बल्लेबाजी में खूब धूम धड़ाका किया. रहाणे ने 56 गेंद में 98 रनों की धमाकेदार पारी खेली. अपनी इस पारी में उन्होंने 11 चौके और 5 छक्के भी लगाए.

### रहाणे ने 56 बॉल पर 98 रन बनाए



रहाणे लगातार दूसरी बार अपने शतक से चूके हैं. क्वार्टर फाइनल में विदर्भ के खिलाफ भी रहाणे शतक के करीब पहुंच कर चूक गए. मुंबई के लिए अजिंक्य रहाणे के अलावा कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी दमदार बैटिंग की. श्रेयस अय्यर ने मुंबई के लिए 30 गेंद 46 रनों की पारी खेली. अपनी इस पारी में रहाणे ने चार चौके और तीन छक्के भी लगाए. इस तरह रहाणे और अय्यर की दमदार बल्लेबाजी से मुंबई की टीम ने आसानी से मैच को अपने नाम किया.अय्यर के अलावा ओपनिंग करने उतरे पृथ्वी शॉ सेमीफाइनल मैच में 8 रन ही बना सके.

**बड़ौदा की बैटिंग रही मैच में खराब :** पूरे टूर्नामेंट में दमदार खेल दिखाने वाली बड़ौदा टीम सेमीफाइनल की जगह अपनी लय से भटकी हुई नजर आई. टीम के लिए बैटिंग में शिवालिक शर्मा सर्वोच्च स्कोर रहे. इसके अलावा कप्तान हार्दिक पंड्या ने 30 शाश्वत रावत ने 33 रनों का योगदान दिया. इन तीन बल्लेबाजों के अलावा और कोई भी खिलाड़ी बड़ौदा की तरफ से अपनी चमक नहीं बिखेर पाए.

## नीरज की प्रतियोगिता कलाकृतियां एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल

नयी दिल्ली। एजेंसी

पेरिस 2024 ओलंपिक रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा और विश्व एथलेटिक्स महिला फील्ड इवेंट एथलीट ऑफ द ईयर यूक्रेन की यारोस्लावा महुचिख उन 23 एथलीटों में शामिल हैं जिनकी प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया. विश्व एथलेटिक्स संग्रहालय (एमओडब्ल्यूए) एथलीटों की कलाकृतियों को ऑनलाइन 3डी प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित करेगा. विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ₹उन एथलीटों को धन्यवाद जिन्होंने 2024 में हमारे संग्रहालय के संग्रह के लिए अपने प्रतियोगिता के कपड़े, जूते और यहां तक कि पदक भी दान कर दिए हैं. इस साल हमें 1960 के दशक के दो आइकन, व्योमिया टायस और बिली मिल्स और 1980 के ओलंपिक 100 मीटर चैंपियन एलन वेल्स, साथ ही 2000 और 2008 के ओलंपिक हेप्टाथलॉन स्वर्ण पदक विजेता क्रमशः डेनिस लुईस और नतालिया डोब्रिंस्का से ऐतिहासिक ओलंपिक जीतने वाली वस्तुएं मिली हैं.

**व्यथा** | सचिन के साथ फोटो वायरल होने के बाद सुर्खियों में हैं क्रिकेटर विनोद कांबली

# 'मैं कमबैक करूंगा', कांबली ने खोला हर राज

नयी दिल्ली। एजेंसी

सचिन तेंदुलकर के बचपन के दोस्त विनोद कांबली को लेकर जब बात होगी तो ये 10 कमबैक उनकी कहानी को बयां करने के लिए काफी है. सचिन से ज्यादा प्रतिभाशाली माने जाने वाले कांबली को टीम इंडिया से काफी ज्यादा अंदर-बाहर होना पड़ा.फिर समय ऐसा आया कि कांबली हमेशा के लिए टीम से बाहर हो गए और फिर संन्यास ले लिया. हाल ही में उनका एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें कांबली की स्थिति काफी खराब देखने को मिली.वह सचिन तेंदुलकर से मिले और फिर उनका वीडियो चर्चा में आ गया.इसके बाद कांबली का एक इंटरव्यू सामने आया है जिसमें उन्होंने खुलकर अपने बारे में बात की है.कांबली और सचिन के बचपन के




कोच रमाकांत आचरेकर ने स्टैचू अनावरण के मौके पर ये दोनों मिले थे. तब सचिन अपने दोस्त कांबली से मिले थे.इसके बाद कांबली को लेकर काफी बातें होने लगी.उनकी स्थिति पर कई लोगों ने चिंता व्यक्त की.कांबली ने बताया है कि वह कमबैक करने और रिहैब करने के लिए तैयार हैं.

कांबली ने हाल ही में विकी लालवानी को इंटरव्यू दिया है और अपनी स्थिति के बारे में बताया है.कांबली ने बताया है कि उनको यूरिन इंस्पेक्शन है जिसके कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई है.बीते एक महीने से वह इससे परेशान हैं. कांबली ने कहा है कि उनकी पत्नी उनका बहुत ख्याल रख रही हैं और उनकी हालत सुधरी है. उन्होंने इंटरव्यू में कहा, ₹मैं अब ठीक हूं. मेरी पत्नी मेरा ख्याल रख रही है. वह मुझे तीन अलग-अलग अस्पताल में ले गई और कहा कि आपको फिट होना है.मैं जब गिरा तो मेरे बेटे ने मुझे उठाया.

### सचिन को लेकर कही ये बात

कांबली ने साल 2009 में कहा था कि सचिन तेंदुलकर ने उनकी मदद नहीं की. हालांकि, कांबली ने अब इस पर सफाई दी है और कहा है कि वह उस समय काफी परेशान थे इसलिए ये बात कही थी, लेकिन असल में सचिन ने हमेशा उनकी मदद की है. कांबली ने कहा, उस समय ये बात मेरे दिमाग में ऐसे ही आ गई क्योंकि मैं परेशान था, लेकिन सचिन ने मेरे लिए कब कुछ किया. 2013 में मेरी दो सर्जरी उन्होंने कराईं. उन्होंने हमेशा मेरी मदद की. हम बचपन के दोस्त हैं, वो मेरी जिगरी है.

**हेल्थ सही करूंगा :** इंटरव्यू के आखिरी हिस्से में जब कांबली से पूछा गया कि उनके बच्चे क्या करेंगे तो उन्होंने कहा कि ये उनके ऊपर है. इसके साथ ही कांबली ने एक बहुत बड़ी बात भी कह दी. उन्होंने कहा कि वह वापसी करेंगे. कांबली ने कहा, ये बेटी के ऊपर है कि उन्हें क्या करना है, लेकिन इतना पता है कि क्रिस्टियानो (कांबली का बेटा) को क्रिकेट खेलना है. मैं भी उसके साथ खेलता हूं. मैं चाहता हूं कि सभी अपने बच्चे को सिखाएं. प्रेरणा सभी को अपने माता-पिता से मिलती है.₹कांबली ने कहा, अभी हेल्थ के कारण मेरा खेलना कम हो गया. लेकिन हेल्थ पूरी सही करूंगा और वापस आऊंगा. मैं कमबैक करूंगा. मैं आपसे कह रहा हूं.

## गिलेस्पी ने पाकिस्तान टेस्ट टीम के कोच पद से दिया इस्तीफा, जावेद ने संभाली कमान

लाहौर। एजेंसी

जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान टेस्ट टीम के कोच पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने गुरुवार को टीम के दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका रवाना होने से कुछ घंटे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अपने फैसले की जानकारी दी.गिलेस्पी का इस्तीफा काफी हद तक अपेक्षित था, क्योंकि पीसीबी ने उनके सहायक कोच टिम नीलसन के अनुबंध को नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया था. ऐसा कहा जाता है कि गिलेस्पी और नीलसन दोनों के बीच अच्छे कामकाजी संबंध थे.गुरुवार देर रात पीसीबी ने कहा कि आकिब जावेद अंतरिम आधार पर रेड बॉल कोच का पद संभालेंगे. आकिब को पहले भी गैरी कर्स्टन के इस्तीफे के बाद व्हाइट-बॉल टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था और वह



वर्तमान में तीन टी20 और तीन वनडे मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका में पाकिस्तान व्हाइट-बॉल टीम के साथ हैं.पीसीबी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, ₹रेड-बॉल हेड-कोच जेसन गिलेस्पी के इस्तीफे के बाद पीसीबी ने आकिब जावेद को अंतरिम रेड-बॉल हेड कोच नियुक्त किया है.₹रेड-बॉल हेड कोच के तौर पर आकिब का पहला काम पाकिस्तान की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज होगी. पहला टेस्ट 26 से 30 दिसंबर तक सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेला जाएगा. दूसरा टेस्ट 3 से 7 जनवरी तक केपटाउन के न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा.माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी पीसीबी के कुछ हालिया फैसलों से नाराज हैं और नीलसन की स्थिति ने उनके लिए आखिरी संकट खड़ा कर दिया.गिलेस्पी को इस साल की शुरुआत में पीसीबी ने लाल गेंद वाली टीम के लिए दो साल के लिए अनुबंधित किया था. लेकिन वह पिछले कुछ समय से पीसीबी से नाखुश हैं, क्योंकि हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान कुछ अहम फैसलों में उन्हें शामिल नहीं किया गया था. गिलेस्पी का मामला कर्स्टन के व्हाइट बॉल कोच के पद से हटने के कुछ समय बाद ही सामने आया है. कर्स्टन को इस साल अप्रैल में गिलेस्पी के साथ नियुक्त किया गया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी ने अक्टूबर में पद छोड़ने का फैसला किया.

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के कड़े तेवर का भी आयुष डॉक्टर आशिफ अनवर पर कोई असर नहीं

## आयुष डॉक्टर आशिफ अनवर का ड्यूटी शून्य, पेमेंट ले रहे हैं पूरा

- झारखंड में स्वास्थ्य विभाग को हर हाल में बेहतर किया जाएगा : मंत्री डॉ इरफान अंसारी

**हुसैन अंसारी । लोहरदगा**

झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी कड़े तेवर का भी लोहरदगा जिला में पदस्थापित डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों में कोई खास प्रभाव नहीं दिखाई दे रहा है. यहां पर सरकार गठन होते ही और स्वास्थ्य मंत्री का कार्यभार संभालते ही मंत्री डॉ इरफान अंसारी कड़े शब्दों में कहा है कि झारखंड में स्वास्थ्य विभाग को हर हाल में बेहतर किया जाएगा. इसे लेकर मंत्री डॉ इरफान अंसारी लगातार निर्देशित करते आए हैं. बावजूद लोहरदगा जिला स्वास्थ्य विभाग में पदस्थापित आयुष डॉक्टर आशिफ अनवर बगैर ड्यूटी किए ही शत-प्रतिशत हाजरी बनाकर अपना वेतन ले रहे हैं. अब प्रश्न यह उठता है कि आखिर डॉ आशिफ अनवर को किनका संरक्षण प्राप्त है जो लगभग एक साल से एक दिन भी ड्यूटी नहीं करने के बाद भी हाजरी शत-प्रतिशत बन जाता है और सरकार को चूना लगाने का कार्य किया जा रहा है.




अटल मुहल्ला क्लीनिक मेसो भवन लोहरदगा.

### शुभम संदेश के प्रतिनिधि मंत्री से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया

लोहरदगा समाहरणालय क्षेत्र में स्थित अटल मुहल्ला क्लीनिक मेसो भवन में प्रतिनियुक्त डॉ आशिफ अनवर के लापरवाही मामले के बारे में प्रतिक्रिया लेने हेतु विभागीय मंत्री डॉ इरफान अंसारी से दूरभाष पर संपर्क स्थापित किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका.

### अटल मुहल्ला क्लीनिक मेसो भवन में प्रतिनियुक्त हैं डॉ आशिफ अनवर

लोहरदगा में वैसे तो स्वास्थ्य विभाग के कई कारनामे समय-समय पर उजागर होते रहा है, यहां पर समाहरणालय कैंपस में स्थित अटल मुहल्ला क्लीनिक मेसो भवन में प्रतिनियुक्त आयुष चिकित्सक डॉ आशिफ अनवर महीने के अंतिम तारीख को प्रत्येक माह मजे से आकर अपना हाजरी पूरे महीने का बनाकर फिर से रफुचक्कर हो जाते हैं, और फिर महीने के अंतिम तारीख को बसन्त ऋतु की तरह दिखाई देते हैं. अब सवाल उठता है कि ऐसे मनचाहा डॉ पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है,आखिर इन्हें किन माननीयों का संरक्षण प्राप्त है जो बेखौफ होकर अपने तरीके से जिम्मेदारियों से भागते हुए सरकार से प्रत्येक महीने बगैर ड्यूटी किए ही वेतन ले रहे हैं. ये जनाब बीते 02 दिसंबर को प्रतिनियुक्त क्लीनिक मेसो भवन पहुंचे थे और 03 दिसंबर तक अपना हाजरी बनाने के बाद गये हैं, तबसे आज तक एक दिन भी क्लीनिक में दाखिल नहीं हुए हैं. उल्लेखनीय है कि बाकी अन्य डॉ और कर्मी पूरी इमानदारी पूर्वक हर दिन अपनी सेवा दे रहे हैं.

### सीएस ने कहा संज्ञान में नहीं था, जांच कर कार्रवाई की जाएगी.

इस पूरे मामले पर शुभम संदेश के लोहरदगा जिला प्रतिनिधि ने दूरभाष पर सिविल सर्जन डॉ शंभू नाथ चौधरी से बात की तो उन्होंने कहा कि संज्ञान में नहीं था, ऐसे लापरवाह डॉ के विरुद्ध जांच कर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला में शत-प्रतिशत बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं जनता को मिले इसे लेकर सभी कर्मी इमानदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें,किसी तरह की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

### लोहरदगा पहुंचे विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, कहा

## लोहरदगा की जनता की जीत है कार्यकर्ता ही मेरी असली पूंजी हैं



**संवाददाता । लोहरदगा**

सूबे के पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव शुक्रवार को चुनाव संपन्न होने के बाद पहली बार लोहरदगा शहरी क्षेत्र अंतर्गत बरवा टोली विधायक कार्यालय पहुंचे. जहां पर कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया. तत्पश्चात विधायक डॉ रामेश्वर उरांव पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से किया मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और हर वक्त कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में शामिल रहते हुए उनकी समस्याओं का निष्पादन कराए जाने का भरोसा दिया.

इस बीच लोहरदगा विधानसभा से दोबारा जनता का स्नेह प्राप्त होने पर लोहरदगा विस क्षेत्र वासियों का सहृदय से आभार व्यक्त किया. मौके पर पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि यह बड़ी जीत पार्टी कार्यकर्ताओं एवं लोहरदगा की जनता की जीत है. उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही मेरी असली पूंजी हैं, जिनके अपार जनसमर्थन से रिकार्ड तोड़ जीत हासिल हुई. विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि लोहरदगा की जनता ने हमें दोबारा आशीर्वाद देकर सेवा करने का अवसर प्रदान किया है. जनता की उम्मीदों पर शत-प्रतिशत खरा उतरते हुए निश्चित रूप से इमानदारी से लोहरदगा की जनता के हित में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करूंगा. मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी सकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, रौनक इकबाल, कमल केशरी, लाल मोहन केसरी,सामूल अंसारी, किस्को जिप सदस्य संदीप कुमार गुप्ता, प्रभात भगत, पंकज जायसवाल,फादर जॉन टोप्पो, दीपक जयसवाल, विनोद सिंह खेरवार, सीमा परवीन, विशाल डुंगडुंग, अनीश अहमद, युगल भगत, शम्भु प्रजापति, संजय नायक, अरशद अयूब, असलम अंसारी, नुसरत अंसारी, उल्फत अंसारी, मुनी उरांव, तरामनी उरांव, सुशीला देवी, सरिता देवी, कुणाल वर्मा, ऐनुल अंसारी,रेहान अख़्तर, दुर्गा उरांव, कैश आलम, आफताब आलम, आसिफ अंसारी, इमरोज अंसारी, राजू उरांव, दया उरांव, अनीता देवी, रंजन उरांव, मनौव्वर आलम, फरूख हुसैन, मुनीम अंसारी, सुशील उरांव हरिदास उरांव, फगुआ उरांव, मनीष कुजूर, नसीम अंसारी, बालमनी उरांव, संतोष भगत, कबीर अंसारी,सुरेश केसरी, सैमुअल लकड़ा, निश्चय वर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

## व्यवसायी के घर से अपराधियों ने लाखों रु नगद व जेवर लूटे

**संवाददाता । गुमला**



जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र के टोटो में गुरुवार की रात मसाला कारोबारी ओमप्रकाश गुप्ता के घर भीषण लूटपाट की घटना हुई है. नकाबपोश चार अपराधियों ने व्यवसायी के अंजन रोड दुर्गा मंदिर के समीप घर में घुसकर लगभग 7 से 8 लाख रुपये नगद और जेवरात लूट कर फरार हो गए. घटना करीब 7:00 से 8:00 बजे के बीच हुई है.बताया जाता है घटना के वक्त घर में केवल महिलाएं और बच्चे थे. घटना के समय घर पर कोई भी पुरुष सदस्य मौजूद नहीं थे. सभी पुरुष सदस्य दुकान में थे. जिसका फायदा उठाते हुए अपराधियों ने इस बड़ी लूटपाट की घटना को अंजाम दिया.वहीं लूटपाट के विरोध करने पर महिलाओं के साथ अपराधियों ने मारपीट भी की है.परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम लगभग 7:00 से 8:00 बजे के बीच घर के पीछे के दीवार फांदकर करीब चार की संख्या में नकाबपोश अपराधी घर के अंदर दाखिल हो गए और हथियार के बल पर महिलाओं और बच्चों को कब्जे में ले लिया.इसके बाद बंदूक तानकर अलमारी का लॉकर तोड़ा और उसमें रखे करीब सात लाख रुपये नगद और पांच लाख के जेवर लेकर फरार हो गए.इस संबंध में गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि व्यवसायी के घर लूटपाट की की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है. मुहल्ले में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है. इसके अलावा पुलिस की टेक्निकल टीम पहुंचकर घटनास्थल से सैंपल इकट्ठा कर रही है.वहीं घटना के बाद क्षेत्र के व्यवसायियों में आक्रोश है.व्यवसायियों ने घटना के कड़ी निंदा करते हुए कहा कि अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में इस तरह से घटना को अंजाम देकर आसानी से फरार हो जा रहे हैं. इससे इस बात का पता चलता है कि पुलिस का तंत्र पूरी तरह से विफल है.व्यवसायियों ने गुमला एसपी से जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की है.

### लोहरदगा : धान अधिप्राप्ति योजना का लाभ उठाएं किसान

## 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करेगी सरकार

- 15 दिसंबर से प्रारंभ होगा धान अधिप्राप्ति का कार्य.

**संवाददाता । लोहरदगा**



उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने लोहरदगा जिला के सभी किसान भाईयों से अपील करते हुए कहा है कि खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले झारखण्ड सरकार के निदेशानुसार खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के तहत धान अधिप्राप्ति का कार्य 15 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हो रहा है. इसके अंतर्गत इस वर्ष किसानों से क्रय किये जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये प्रति क्विंटल की दर से एवं बोनस के रूप में 100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा. धान अधिप्राप्ति की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.

धान अधिप्राप्ति केंद्रों का चयन, राईस मिलों का चयन, अधिप्राप्ति केंद्रों पर आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन, धिप्राप्ति केंद्रों पर मानव बलों की प्रतिनियुक्ति का कार्य किया जा चुका है. जो भी किसान अपना धान विक्रय करना चाहते हैं वे खुले बाजार या बिचौलिये को ना देकर अपना धान सिर्फ अपने क्षेत्र के नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र या एफपीओ पर ही विक्रय करें. सभी किसान धान अधिप्राप्ति योजना का भरपूर लाभ उठाएं.



उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण.

धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर 15 दिसंबर 2024 से साधारण किस्म का धान न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये प्रति क्विंटल एवं बोनस की राशि 100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से राज्य सरकार क्रय करेगी. वहीं ग्रेड ए किस्म की धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2320 रूपये प्रति क्विंटल एवं बोनस की राशि 100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों को राज्य सरकार भुगतान करेगी.

### जिला में दो एफपीओ व 21 धान अधिप्राप्ति केंद्र

जिला में धान क्रय के लिए दो किसान उत्पादक समूह (एफपीओ) एवं 21 धान अधिप्राप्ति केंद्र (लैम्पस) का चयन किया गया है. इनमें लोहरदगा सदर प्रखण्ड में हेसल लैम्पस लिमिटेड, निंगनी लैम्पस, मन्हो लैम्पस, कुड़ू प्रखण्ड में कोलसिमरी लैम्पस लिमिटेड, ककरगढ़ लैम्पस, कुड़ू लैम्पस, लावागाईं लैम्पस, चंदलासौ लैम्पस, किस्को प्रखण्ड में किस्को लैम्पस लिमिटेड, अरेया लैम्पस, हेसापीड़ी लैम्पस, खरकी लैम्पस, जोड़ा सखुआ एफपीओ, सेन्हा प्रखण्ड में सेन्हा लैम्पस लिमिटेड, बुटी लैम्पस, अलौदी लैम्पस, सुखसंपदा एफपीओ, बदला लैम्पस, कैरो प्रखण्ड में सढ़ाबे लैम्पस लिमिटेड, हनहट लैम्पस और भण्डरा प्रखण्ड में भौरों लैम्पस लिमिटेड शामिल हैं. सभी धान अधिप्राप्ति केंद्रों में पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है.

## रीना गिरी हत्याकांड का उद्भेदन, चार गिरफ्तार



### बेलचंपा कोयल नदी से बरामद हुआ था शव

**संवाददाता । गढ़वा**

गढ़वा थाना क्षेत्र के बेलचंपा कोयल नदी से बरामद महिला का शव के मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है. उक्त मामले में गढ़वा पुलिस ने पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ के बलरामपुर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर से घटना में शामिल एक महिला सहित चार लोग को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार लोगों में बलरामपुर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर निवासी रमेश मंडल, लतिका मंडल, संतोषी नगर निवासी शांति मंडल व पीरुडीह गांव निवासी वीरा लकड़ा का नाम शामिल है. उक्त जानकारी अनुमंडल पुलिस अधिकारी नीरज कुमार ने गढ़वा थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर दी. उन्होंने बताया कि 30 सितम्बर बेलचांपा कोयल नदी पुल के पाया संख्या 11 से एक महिला का शव बरामद हुआ था. जिसका पहचान बलरामपुर थाना क्षेत्र के गुरूचंद मंडल की पत्नी रीना गिरी के रूप में हुई थी. उक्त घटना में रीना के भाई बदला गिरी के द्वारा गढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया था. प्राथमिकी के आधार पर पुलिस छानबीन शुरू की पुलिस के कार्रवाई ने मामला सामने आया की रीना गिरी का ससुराल में विवाद होते रहता था. जिसे लेकर उसके ससुराल वाले रीना को रास्ते से हटना चाहते थे. जिसके बाद उसके ससुराल वालों ने रमेश मंडल के साथ प्लान बनाकर हत्या का योजना बनाया. उसे लेकर 29 सितंबर को रीना गिरी की अपहरण कर उसके शव को फेंकने के लिए गढ़वा लाया गया. जहां वीरा लकड़ा व रमेश मंडल ने अपने चारपहिया वहां होंडा अमेज से गढ़वा पहुंचा जहां सबसे पहले उसका गला दबाया. उसके बाद हत्या कर उसे कोयल नदी पुल से नीचे फेंक दिया. एसडीपीओ ने बताया कि इस घटना में शामिल उसका पति घटना के दो दिन बाद ही बलरामपुर पुलिस के द्वारा हिरासत में लेने के बाद बलरामपुर थाना में ही खुद्खुशी कर लिया था.

उन्होंने बताया कि इस घटना में चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया है. पुलिस ने तीन नामजद सहित घटना में शामिल चार को गिरफ्तार किया है. जिसमे सभी ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया है

### छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. इसकी अध्यक्षता अधिवक्ता दीपक कुमार और पीएलवी सीमा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया. इधर कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चियों को बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ, शिक्षा, बालश्रम, भ्रूण हत्या, साइबर क्राइम, दहेज प्रथा, प्रवासी मजदूर, डायन बिसाही आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई. शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना अपराध है, इस तरह के मामले में अभिभावकों पर भी प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है, बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है. इस क्रम में विद्यालय के छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ व भ्रूण हत्या पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया. बच्चियों द्वारा प्रस्तुत किए गए नाटक पर लोग भाव विभोर हो गए. यहां पर बच्चियों की नाटक को लोगों ने काफी प्रशंसा की.

## गो तस्करी के खिलाफ कार्रवाई 44 बैल बरामद, तीन गिरफ्तार




**संवाददाता। सरायकेला/ खरसावां**

सरायकेला-खरसावां में पुलिस ने पशु तस्करों पर नकेल कसने के लिए छापामारी अभियान चला कर 44 बेल को बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है.

एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर गठित विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने गुरुवार देर रात करीब 8 बजे कुचाई थाना क्षेत्र में तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 44 बैल को बरामद किया. यह कार्रवाई पूरी तरह से गोपनीय तरीके से की गई, ताकि तस्करों को तनिक भी भनक न लगे. एसटीएफ ने कुचाई क्षेत्र में तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया. हालांकि, ऑपरेशन के बारे में क्षेत्रीय पुलिस को भी पहले से जानकारी नहीं थी. ऑपरेशन की सफलता के बाद एसटीएफ ने कुचाई थाना प्रभारी को सूचित किया और पकड़े गए बैल को पुलिस के हवाले कर दिया. इन बैलों को तस्करी के लिए दूसरी जगहों पर ले जाया जा रहा था, लेकिन पुलिस की तत्परता के कारण यह बड़ा खुलासा हुआ. इसके अलावा, पुलिस ने तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है, जो बैल को लेकर जा रहे थे. तस्करों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है.

### मंईयां सम्मान योजना के लिए महिलाओं की भीड़

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के आवेदन और उसमें हुई गलतियों के सुधार के लिए टोकन सिस्टम की शुरुआत की गई है. इससे अब महिलाओं को आवेदन जमा करने और उसमें सुधार कराने में आसानी होगी. पहले जहां आवेदन लेने के लिए दो काउंटर थे, वहीं अब काउंटर की संख्या बढ़ाकर तीन कर दी गई है. इसके अलावा, भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्थाएं बेहतर बनाने के लिए टोकन सिस्टम लागू किया गया है. इसके तहत महिलाओं को एक टोकन और तारीख दी जाएगी, और वे निर्धारित तारीख पर आकर अपना आवेदन जमा कर सकेंगी, साथ ही किसी भी त्रुटि को सुधार भी सकती हैं. अंचल प्रशासन के अनुसार, अब प्रत्येक काउंटर से प्रतिदिन 70 लोगों की त्रुटि सुधार की जाएगी, और आवेदन जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध होगी. जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष पलटन मुर्मू ने कहा कि सैकड़ों महिलाएं आवेदन में हुई गलतियों को सुधारने और नए आवेदन जमा करने के लिए कार्यालय आ रही थीं.

## झामुमो नेता हाजी समसुद्दीन ने सीएम समेत मंत्रियों को दी बधाई

**संवाददाता । लोहरदगा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी समसुद्दीन अंसारी ने राज्य के उर्जावान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं तमाम नव निर्वाचित विधायक और मंत्रियों को बधाई दी है. उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की बड़ी जीत ने राज्य वासियों में विकास को लेकर एक नयी उम्मीदें कायम हुई है. हाजी समसुद्दीन अंसारी ने कहा कि मौजूदा हेमंत सोरेन 2 सरकार राज्य में विकास की नयी पारी और नया कीर्तिमान स्थापित कर दिखाएंगी. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन राज्य और राज्य वासियों के समुचित विकास को लेकर हमेशा पहली पंक्ति में खड़ा होकर विकास की लकीरें खींचने का कार्य करते आई है, यकीन है कि इंडिया गठबंधन की पूरी टीम खासकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगे भी यह कार्य बरकरार रखेंगे. हाजी समसुद्दीन अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार अपने किए सभी वादे पर शत-प्रतिशत खरा उतरने का कार्य कर दिखाया है. उन्होंने कहा कि राज्य की मां बेटियों को सम्मान देने की जो



सराहनीय कार्य कर दिखाया है वह काबिले तारीफ है. हाजी समसुद्दीन ने कहा कि मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान, सरना मसना का घेराबंदी, युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में अवसर प्रदान करना, सहायक पुलिस, पारा शिक्षक, सर्वजन पेंशन योजना लागू करना, शहीदों के सम्मान और उनके परिवार वालों को सम्मानित और आर्थिक सहायता प्रदान करना, होमगार्ड पुलिसकर्मियों को उचित वेतन देकर हौसला अफजाई करना समेत ऐसे अनेकानेक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाली हेमंत सोरेन सरकार के वजह से आज राज्य की जनता काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं.

## परिजनों के साथ संबंधों को गहरा करने में मदद करता है पत्र लेखन : सिंह

**मेदिनीनगर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्तर की ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित किया गया. कार्यक्रम में पलामू प्रमंडल के डाक विभाग के मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव लव प्रताप सिंह ने बताया कि इस पत्र लेखन प्रतियोगिता का विषय 'लेखन का आनन्द डिजिटल युग में पत्र का महत्व' है. विद्यालय के प्राचार्य डॉ.एके सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता 2024 के अंतर्गत पलामू डाकघर अधीक्षक प्रेमजीत कुमार के निर्देशन में विभिन्न विद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि पत्र लेखन एक ऐसा साधन है जिसके माध्यम से हम अपने विचारों, भावनाओं और संदेशों को साकार रुप दे सकते हैं. यह एक महत्वपूर्ण कौशल है जो हर क्षेत्र में उपयोगी होता है, चाहे वह व्यक्तिगत जीवन हो या सामाजिक, व्यावसायिक अथवा शैक्षिक क्षेत्र हो. पत्र लेखन हमें परिजनों के साथ अपने संबंधों को गहरा करने में भी मदद करता है. दैनिक और डिजिटल संचार के विपरीत, ये पत्र हमारे रिश्तों का इतिहास प्रदान करते हैं जिन्हें हम वापस जाकर संजो सकते हैं. वर्तमान (डिजिटल) युग में पत्र लेखन कौशल विलुप्त होता जा रहा है लेकिन हम सभी का कर्तव्य है कि इसे विलुप्त होने से बचाए रखें. उन्होंने कहा कि डाक विभाग द्वारा आयोजित यह कार्य सकारात्मक व सराहनीय है.

### बड़ी समस्या | संवेदक और जेई की लापरवाही से बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण

## शोभा की वस्तु बनकर ग्रामीणों को चिढ़ा रही है जलमीनार

**शकील अहमद । भंडरा/ लोहरदगा**

झारखंड के लोहरदगा जिला अंतर्गत भंडरा प्रखंड के लोग इस सर्द मौसम में भी पेयजल की किल्लत झेल रहे हैं. इन्हें पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा के अधिकारियों और कर्मियों की लापरवाही एवं जलमीनार अर्धनिर्मित स्थिति में छोड़ भागे फिर रहे संवेदक की अड़ियल रवैया से जनता जनार्दन को पेयजल की बड़ी समस्या से जूझना पड़ रहा है. मामले की जानकारी प्राप्त करने और जलमीनार निर्माण कार्य को पूरा कराए जाने हेतु संवेदक और भंडरा प्रक्षेत्र के कनीय अभियंता से लोग बात भी करना चाहते हैं तो उन्हें सिर्फ और सिर्फ निराशा हाथ लगती है.



यहां पर नल-जल योजना अंतर्गत जलमीनार का निर्माण किया जा रहा है और पाइपलाइन के द्वारा लोगों को पीने की पानी उपलब्ध कराया जाना है, परंतु संवेदक और विभागीय जेई के लापरवाही से लोगों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो पा रहा है. यहां कई जगह न तो पाइप बिछाया गया, न नल लगाये गए हैं, संवेदक की लापरवाही के कारण हर घर नल-जल योजना भंडरा प्रखंड में बेकार साबित हो रही है. मालूम हो कि केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है. इससे लोगों में गहरी नाराजगी है और वे संवेदकों के अलावा सरकार के अधिकारियों को भी कोस रहे हैं. बता दें कि भंडरा प्रखंड मुख्यालय से महज 100 मीटर की दूरी वार्ड नंबर 4 बरवटोली आंगनबाड़ी के पास और 5 नंबर वार्ड कुंबा टोली बस्ती में जलमीनार का निर्माण कार्य आधा अधूरा कर छोड़ दिया गया है, जिससे लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है.

### एक वर्ष पहले फाउंडेशन तैयार, पानी का पता नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि एक वर्ष पहले फाउंडेशन तैयार किया गया था. यहां पर ठंडा, गर्मी,बरसात के बाद फिर से सर्द मौसम आ गया, फिर भी अभी तक पानी नहीं मिल रहा है. उल्लेखनीय है कि वार्ड संख्या 4 और पांच में ना ही एक चापानल है और ना ही एक भी जलमीनार है, जिससे वार्ड वालों को पीने की पानी की समस्या से छुटकारा मिल सके. मामले को लेकर शुभम संदेश भंडरा प्रतिनिधि ने जब ग्रामीणों से रूबरू हुए और जानकारी ली तो गांव के शाहिद अंसारी उर्फ सानूल, विवेक यादव, तिवारी उराईन, बिशून उराईन, मंगा उरांव, मंगल उरांव, मेहरून बीबी, नसीमा खातून,अंजुम आरा ने बताया कि विगत एक वर्ष से जलमीनार अर्धनिर्मित स्थिति में छोड़ दिया गया है. इन लोगों ने बताया कि संवेदक और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मिलीभगत से हम लोगों को एक बूंद पीने की पानी हेतु तरसना पड़ रहा है.

### भंडरा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**भंडरा/लोहरदगा ।** जिले के भंडरा थाना पुलिस के द्वारा सड़क दुघर्टना और अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने को लेकर थाना क्षेत्र अंतर्गत चट्टी पिकेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया. इधर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के निर्देशानुसार चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी दोपहिया वाहन चालकों और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट पहनने हेतु अपील किया गया है. यहां पर बाइक सवारों को पुलिस की ओर से सभी वाहन चालकों को सख्त निर्देश दी गई और कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन नहीं करनेवाले लापरवाह वाहन चालकों के विरुद्ध निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी.

### अलाव की व्यवस्था करे प्रखंड प्रशासनः भरदुल

**उंटारी रोड(पलामू)।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के करकट्टा ग्राम निवासी सामाजिक कार्यकर्ता भरदुल पासवान ने प्रखंड प्रशासन से विभिन्न चौक - चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराने की मांग किया है.उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में ठंड का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है.जिसके कारण लोगों को इस ठंड में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इससे खासकर आम राहगीर, मजदूर,ई रिक्शा चालक, यात्री लोग ज्यादा परेशान हैं.

## न्यूज अपडेट

### सुप्रीम कोर्ट ने अभिनेत्री शोमी कैसर की अंतरिम जमानत पर रोक लगाई

**ढाका ।** बांग्लादेश की प्रमुख अभिनेत्री और ई-कॉमर्स एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश की पूर्व अध्यक्ष शोमी कैसर को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है. शीर्ष अदालत ने उनकी अंतरिम जमानत पर प्रतिबंध लगा दिया है. सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय डिवीजन के चैंबर जज जस्टिस एमडी रेजाउल हक ने हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग करने वाली राज्य की याचिका के बाद यह आदेश पारित किया. द डेली स्टार समाचार पत्र ने आज अपनी वेबसाइट पर यह खबर दी. इसमें कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के चैंबर जज ने कल गुरुवार को हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें अभिनेत्री शोमी कैसर को हत्या के प्रयास के एक मामले में अंतरिम जमानत दी थी.

### केंद्र से मिली 63.34 करोड़ की पर्यटन परियोजना की सौगात

**शिमला ।** केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को करोड़ों की पर्यटन परियोजना की सौगात दी है. केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पर्यटन मंत्रालय ने देश भर में 5 हजार 287 करोड़ 90 लाख रूपये की 76 परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है, जिसमें हिमाचल प्रदेश में 63 करोड़ 34 लाख रूपये की एक पर्यटन परियोजना भी शामिल है. राज्यसभा में आज सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी. केंद्रीय मंत्री ने बताया कि स्वदेश दर्शन योजना दो में हिमाचल प्रदेश के पोंग बांध को गंतव्य के रूप में चिन्हित किया है.

### मथुरा में मिले गायों के कंकाल: अवशेष देख भड़के गौ भक्त, जाम

**मथुरा।** मथुरा स्थित थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत पीएमवी के जंगलों में दर्जनों मृत गाय के अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई. मौके पर पहुंचे गौ भक्तों ने मथुरा वृन्दावन मार्ग के दोनों ओर मृत गायों के अवशेष रखकर रोड को बिल्कुल जाम कर दिया. सड़क पर बैठे गौ भक्तों ने गौशाला संचालकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की. गौ भक्तों ने आरोप लगाया कि गौशाला संचालक मृत गायों के अवशेषों को भूमि में दबाने की बजाये यहां जंगल में फिंकवा देते हैं. जिसके चलते मृत गायों की दुर्दशा हो रही है. मौके पर पहुंचे प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने जब मृत गायों की स्थिति को देखा तो उनसे आने वाली गंध के कारण उन्हें नाक पर रुमाल रखना पड़ा. आक्रोशित गौ भक्त सुबह 10 बजे से थाना जैंत की नयति पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित मथुरा वृन्दावन रोड पर जाम लगाकर बैठ गए.

### युद्धग्रस्त लेबनान से 85 बांग्लादेशी स्वदेश लौटे, ली राहत की सांस



**ढाका ।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अपने खर्च से युद्धग्रस्त लेबनान में फंसे अपने नागरिकों की स्वदेश वापसी करवा रही है. शुक्रवार को इथियोपियाई एयरलाइंस की उड़ान से 85 स्त्री-पुरुष और बच्चे स्वदेश पहुंचे. ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब तक 16 उड़ानों से 1,048 नागरिकों की स्वदेश वापसी कराई जा चुकी है. आज सुबह सभी 85 नागरिक ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे. अधिकारियों ने स्वदेश वापसी पर सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया. प्रत्येक व्यक्ति को 5,000 टका प्रदान किए गए.

### श्रीलंका के राष्ट्रपति रविवार से आएंगे भारत यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसनायके तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आ रहे हैं. श्रीलंका के राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद यह उनकी पहली अन्तरराष्ट्रीय यात्रा होगी.विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नियमित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी. दिसानायके 15 से 17 दिसंबर तक तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत आयेंगे. अपनी यात्रा के दौरान दिसानायके भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे. उनका बौद्ध गया जाने का भी कार्यक्रम है.

### म्यांमार में अराकान आर्मी का रखाइन राज्य के माउंगडॉ शहर में कब्जा

**नाएप्यीडॉ (म्यांमार) ।** म्यांमार में विद्रोही समूह अराकान आर्मी (एए) ने सरकारी बलों के साथ चल रहे संघर्ष के बीच रखाइन राज्य के माउंगडॉ शहर पर कब्जा कर लिया. विद्रोही समूह को यह सफलता महीनों की लड़ाई के बाद मिली. वर्ष 2021 में लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को अपदस्थ कर हुए सैन्य तख्तापलट के बाद म्यांमार विनाशकारी गृहयुद्ध में उलझ गया है. विद्रोही समूह अराकान आर्मी आठ महीने से अधिक समय से सक्रिय रूप से जुंटा से लड़ रही है. प्रमुख वेबसाइट ने कुछ रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए यह खबर दी. इसमें कहा गया कि 270 किलोमीटर लंबी सीमा अब अब अराकान आर्मी के नियंत्रण में है.

# बंगाल में 16.80 लाख डुप्लीकेट वोटर!

## भाजपा का दावा- टीएमसी चोरी के वोट से जीतती रही

शुभम संदेश नेटवर्क



पश्चिम बंगाल भाजपा का दावा है कि बंगाल में 16.80 लाख डुप्लीकेट वोटर हैं. डुप्लीकेट वोटर के मुद्दे पर राज्य भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्य चुनाव पदाधिकारी से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल में शामिल शिशिर बाजोरिया और प्रताप बनर्जी ने मुख्य चुनाव अधिकारी को डुप्लीकेट वोटर के मुद्दे पर जानकारी देते हुए मामले में एक्शन लेने की मांग की है. साथ ही उन्हें ज्ञापन भी सौंपा है. शिशिर बाजोरिया ने कहा कि हमारा सबसे अहम मुद्दा बंगाल की वोटर लिस्ट से लोगों के नाम हटाना है. हम लोगों ने उसे अच्छी तरह से देखा. पूरी जांच की और कंप्यूटर में भी अच्छे से लिस्ट चेक की. बंगाल में 16 लाख 81 हजार डुप्लीकेट वोटर निकले हैं, जिनके तीन फील्ड मैच करते हैं और 32 हजार डुप्लीकेट वोटर निकले हैं जिसका एपिक नंबर एक ही है.

उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच का जो अंतर है, वह मात्र सवा सत्रह लाख वोट का है. इसमें एक और मामला है कि उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना जो दो बड़े जिले हैं, जहां 7. 20 लाख डुप्लीकेट वोटर हैं और इन्हीं दो जिलों से तृणमूल कांग्रेस लगभग 80 के लगभग सीट जीतती है. विरोधी पार्टी और हम वहां शून्य पर हैं. यह जनता के वोट से नहीं बल्कि चोरी के वोट से जीते हैं. हमारी मांग है कि इसमें आपको संशोधन करना पड़ेगा और इसका एक बहुत साधारण उपाय है कि एक ही दिन आप सबको हियरिंग दीजिए, पूरे बंगाल में एक ही दिन और एक ही समय में सभी को बुलाइए, तो असल में एक ही नाम के जो दो वोटर हैं, वे दो जगह खड़े हो जाएंगे.सीईओ ने भरोसा दिया है कि वे वह जल्द से जल्द इस पर गौर करेंगे और जहां तक होगा जल्द से जल्द इसका रास्ता निकाल लेंगे.

वन नेशन, वन इलेक्शन पर भाजपा नेता ने कहा, वन नेशन, वन इलेक्शन प्रधानमंत्री का बहुत ही सकारात्मक कदम है, जिस पर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मोहर लगा दी है. ये हमारे पूरे देश की चुनाव प्रणाली के लिए नहीं, बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था में इसका बहुत बड़ा फर्क पड़ेगा. यह देश पहले एक ही साथ वोट करता था. मैंने जिंदगी का पहला वोट ऐसे ही दिया था. एक गुलाबी कागज और एक सफेद कागज हुआ करता था.

## पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

एजेंसी । नयी दिल्ली



पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कैश फॉर स्कूल जॉब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पार्थ चटर्जी को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है. सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को शीतकालीन अवकाश शुरू होने से पहले या 31 दिसंबर तक आरोप तय करने के मुद्दे पर फैसला करने का निर्देश दिया है. अप्रैल में कलकत्ता हाईकोर्ट ने इस मामले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को जमानत देने से मना कर दिया था.

जेल से बाहर आने का रास्ता साफ

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पार्थ चटर्जी को 1 फरवरी, 2025 को रिहा किया जाएगा. यदि आरोप तय करने और गवाहों की जांच पहले की जाती है, तो उन्हें उसी के तुरंत बाद भी रिहा कर दिया जाएगा. उन्हें विधानसभा का सदस्य होने के अलावा किसी भी सार्वजनिक पद पर नियुक्त नहीं किया जाएगा. पिछली सुनवाई के दौरान पार्थ चटर्जी की ओर से वकील मुकुल रोहतगी ने कहा था कि वो पिछले दो साल दो महीने से जेल में हैं. अब उन्हें जमानत मिलनी चाहिए.

**आरबीआई का मामला**

### मुंबई स्थित कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी, छानबीन जारी

एजेंसी । मुंबई

मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल आरबीआई की वेबसाइट पर मिला है. इसके बाद मुंबई के एमआरए पुलिस स्टेशम में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है. मुंबई पुलिस के जोन 1 के पुलिस उपायुक्त ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर एक धमकी भरा ई-मेल आया है. ई-मेल रूसी भाषा में था, जिसमें बैंक को उड़ाने की चेतावनी दी गई थी. माता रमाबाई मार्ग एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. मामले की जांच जारी है. कुछ महीने पहले मुंबई में आरबीआई के पिछले गेट पर संदिग्ध गाड़ी रखे जाने की जानकारी मिली थी.

### दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, दिल्ली पुलिस अलर्ट

एजेंसी । नयी दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई. यह धमकी ई-मेल के जरिए दी गई है. सूचना मिलने पर दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग की टीमें पहुंची. दोनों टीमें जांच कर रही हैं. अभी तक की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है. उल्लेखनीय है कि इससे पहले नौ दिसंबर को दिल्ली के 40 से अधिक स्कूलों को ऐसी ही धमकी दी गई थी. दावा किया गया था कि उनके कैंपस में बम लगाए गए हैं. ई-मेल में कहा गया था कि अगर बम फटे तो भारी नुकसान होगा. मेल भेजने वाले ने ब्लास्ट रोकने के एवज में 30 हजार डॉलर की मांग की थी. छह स्कूलों को भेजे गए ई-मेल में धमकाया गया है कि आपके स्कूल परिसर में कई विस्फोटक हैं.

**पुलिस-माओवादी मुठभेड़**

### नेंड्रा के जंगल में हुई मुठभेड़, दो वर्दीधारी नक्सली ढेर, पुलिस अलर्ट

एजेंसी । बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेंड्रा के जंगल में शुक्रवार पुलिस ने एक मुठभेड़ में दो नक्सलियों को ढेर कर दिया है. पुलिस ने घटनास्थल पर दोनों नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं. पुलिस ने शव के पास से हथियार भी जब्त किए हैं. सुरक्षाबलों के जवानों को अपनी ओर आता देखकर नेंड्रा के जंगल में मौजूद नक्सलियों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दी. इसके जवाब में जवानों ने नक्सलियों का मुंहतोड़ जवाब देकर फायरिंग की. इस मुठभेड़ में दो वर्दीधारी नक्सली मारे गये हैं. मुठभेड़ में मारे गये दोनों वर्दीधारी पुरुषों के शव बरामद कर लिए हैं.

**शीत सत्र में 'हीट' : राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ बोले-**

# मैं किसान का बेटा, झुकूंगा नहीं! खड़गे बोले-मैं भी मजदूर का बेटा!

एजेंसी । नयी दिल्ली



संसद का शीतकालीन सत्र लगातार हंगामे की भेंट चढ़ रहा है. राज्यसभा में शुक्रवार को भी कुछ इसी तरह का नजारा देखने को मिला. इस दौरान राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ विपक्ष पर भड़क गए. इस दौरान सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ उनकी तीखी नोक-झोंक देखने को मिली. सभापति धनखड़ ने सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्ष पर भड़कते हुए कहा कि मैंने आपको बहुत बर्दाश्त किया है लेकिन आपको किसान का बेटा बर्दाश्त नहीं हो रहा है. उनका इतना कहते ही विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने तपाक से कहा कि आप किसान के बेटे हैं तो मैं भी मजदूर का बेटा हूं.

धनखड़ ने कहा कि मानकर चलिए कि किसान का बेटा हूं. कमजोरी नहीं दिखाऊंगा. देश के लिए मर जाऊंगा, मिट जाऊंगा. आप लोग चिंतन नहीं करेंगे. चौबीसों घंटे एक ही काम है कि किसान का बेटा यहां क्यों बैठा है? मैंने बहुत बर्दाश्त किया है. आज का किसान खेत तक सीमित नहीं है. आज का किसान हर जगह काम करता है. सरकारी नौकरी में है, उद्योग में है. आप प्रस्ताव लाए, आपका अधिकार है. प्रस्ताव पर चर्चा हो, आपका अधिकार है. लेकिन आपने क्या किया, संविधान की धज्जियां उड़ा दी. खड़गे ने धनखड़ से कहा कि हम सदन में आपकी तारीफ करने के लिए नहीं आए हैं. इस पर धनखड़ ने कहा कि देश को पता है कि आप किसकी तारीफ सुनना चाहते हैं. मैं संविधान के नाम पर आपसे अपील करता हूं कि मेरे चैंबर में मुझसे बात करें. हम मिलकर काम करेंगे ताकि हम सदन को चला सकें.

**केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का तंज**

### एक नेता संविधान की प्रति जेब में रखते हैं, उन्होंने अपने पूर्वजों से यही सीखा'



लोकसभा में संविधान पर चर्चा की शुरुआत केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की. उन्होंने कहा कि '75 साल पहले संविधान सभा ने संविधान निर्माण का काम पूरा किया था. संविधान सभा ने जो संविधान तैयार किया था, वह केवल कानूनी दस्तावेज नहीं था बल्कि वह जनआकांक्षाओं का प्रतिबिंब था.' राजनाथ सिंह ने कहा कि संविधान से देश में सही मायने में लोकतंत्र लागू हुआ. हमारा संविधान सार्वभौम है, जहां यह राज्य की जिम्मेदारियों को सूचीबद्ध करता है तो वहीं नागरिकों के अधिकारों का भी उल्लेख करता है. हमारा संविधान सहकारी सघंवाद को सुनिश्चित करता है तो राष्ट्र की एकता को भी सुनिश्चित करता है. भारत का संविधान देश के गौरव को स्थापित करने का रोडमैप भी है.

राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा हमारे संविधान को उपनिवेशवाद का उपहार या अच्छी बातों का संकलन मात्र मान लिया जाता है. पिछले कुछ वर्षों से देश में ऐसा माहौल बनाया गया कि संविधान एक पार्टी की विशेष देन है. संविधान निर्माण में बहुत से लोगों की भूमिका को नकार दिया गया. अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 'एक पार्टी विशेष के नेता संविधान की प्रति अपनी जेब में रखकर चलते हैं. दरअसल उन्होंने अपने पूर्वजों से यही सीखा है.' राजनाथ सिंह का यह तंज कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर माना जा रहा है.

### विवादित बयान देने वाले जज के खिलाफ रास में महाभियोग प्रस्ताव पेश

देश तो बहुसंख्यक से चलेगा कहने वाले और 'कठमुल्ला' शब्द का इस्तेमाल करने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को राज्यसभा में महाभियोग प्रस्ताव पेश किया और उन्हें हटाने की मांग की. समाजवादी पार्टी के सांसद कपिल सिब्बल और कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा के नेतृत्व में सांसदों ने शुक्रवार को राज्यसभा महासचिव को महाभियोग का नोटिस सौंपा. करीब 55 सांसदों के हस्ताक्षर वाले इस प्रस्ताव पर संसद के शीतकालीन सत्र के खत्म होने से पहले चर्चा होने की उम्मीद है. प्रस्ताव में कांग्रेस, सपा और अन्य विपक्षी सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं. इस प्रस्ताव में यह भी उल्लेख किया गया है कि जस्टिस यादव ने प्रथम दृष्टया यह दिखाया कि उन्होंने अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया और उनके खिलाफ पूर्वाग्रह और पक्षपात जाहिर किया.

### एनआईए टीम से धक्का मुक्की पर 111 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**झांसी ।** उत्तर प्रदेश के झांसी में विदेशी फंडिंग के मामले में इस्लामिक टीचर के घर एनआईए व एटीएस टीम की छापेमारी के दौरान बवाल करने के मामले में पुलिस ने देररात मुकदमा दर्ज कर लिया है. झांसी की शहर कोतवाली पुलिस ने 11 ज्ञात व 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है. गौरतलब है कि एनआईए व एटीएस टीम ने कोतवाली क्षेत्र के सलीम बाग इलाके में गुरुवार को दीनी तालीम देने वाले इस्लामिक टीचर मुफ्ती खालिद के घर छापामारी की थी.

### ब्लड कैंसर से पीड़ित बच्चे को चूहे ने कुतरा इलाज के दौरान मौत

**जयपुर ।** स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में भर्ती ब्लड कैंसर से 10 साल के मासूम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. चूहे द्वारा मासूम का पैर कुतरने के बाद अस्पताल प्रशासन पर सवाल भी खड़े हुए. इंस्टीट्यूट के अधीक्षक डॉ. संदीप जसूजा ने बताया कि बच्चे की हालत काफी गंभीर थी. बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया था. पूरे शरीर पर अल्सर हो गए थे. चूहे के काटने की बात पर भी उन्होंने कहा कि बच्चे की मां ने चूहे को देखा था लेकिन जब प्रशासन पहुंचा तो चूहा दिखाई नहीं दिया.

### पूर्व गृहमंत्री के खिलाफ ठगी के मामले में चार्जशीट की तैयारी

**काठमांडू ।** सहकारी बैंक घोटाला, संगठित अपराध और सरकारी दस्तावेज में जालसाजी के आरोप में पिछले दो महीने से पुलिस हिरासत में चल रहे नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ पांच अलग अलग जिला अदालत में चार्जशीट दायर करने की तैयारी कर ली गयी है. सहकारी बैंक के रकम को गैर कानूनी तरीके से अपने निजी व्यवसाय में निवेश करने के आरोप की जांच करने वाले सीआईबी की तरफ से चार्जशीट दायर करने की तैयारी की गयी है.

## राहुल गांधी को गुल्लक देने वाले दंपती ने की आत्महत्या

### आठ दिन पहले ईडी ने घर पर मारा था छापा

एजेंसी । सीहोर

मध्य प्रदेश में सीहोर जिले के आष्टा में एक दंपती के शव घर में लटके मिलने से इलाके में सनसनीफैल गई. यह वही दंपती है, जिसने अपने बच्चों की गुल्लक न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सौंपी थी. पुलिस को दंपती के कमरे एक सुसाइड नोट मिला है. इस सुसाइड नोट में ईडी के एक अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं. दंपती ने उसे परेशान करने और भाजपा में शामिल करने के लिए दबाव डालने का आरोप भी लगाया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. शुक्रवार सुबह शांति नगर स्थित एक मकान में कारोबारी मनोज परमार और उनकी पत्नी नेमा परमार के शव फांसी के फंदे पर लटके मिले. उनके बड़े बेटे जतिन ने शव को लटका देखकर अन्य परिजनों और पुलिस को जानकारी दी. जानकारी मिलते ही आष्टा थाना प्रभारी रविंद्र यादव सुबह करीब 8:30 बजे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की. घटनास्थल पर एक सुसाइड नोट भी मिला है. पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद दोनों को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया.

### सांसद रशीद की अंतरिम जमानत पर कोर्ट 19 को सुनवाई करेगा

**नयी दिल्ली ।** पटियाला हाउस कोर्ट के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज विमल यादव ने टेरर फंडिंग मामले में जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट से सांसद इंजीनियर रशीद के खिलाफ दर्ज मामले की शुक्रवार को सुनवाई टाल दी. कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर को करने का आदेश दिया. सांसद रशीद ने पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दायर कर संसद सत्र में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की है. रशीद ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये कोर्ट में पेश होकर कहा था कि मुझे लोगों ने चुना है और संसद के पिछले सत्र में मुझे हिस्सा नहीं लेने दिया गया. रशीद ने हाथ जोड़कर कहा था कि उसे संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए अंतरिम जमानत दी जाए.

### संगम पर पूजा के बाद बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे पीएम मोदी, अक्षय वट की परिक्रमा की



**प्रयागराज ।** पीएम मोदी यहां विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के रूप में महाकुंभ की सफलता के लिए कुंभ कलश का पूजन किया. इसके बाद रिवर क्रूज से संगम पर पहुंचे जहां उन्होंने साधु संतों से मिलने के बाद गंगा पूजन किया. मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्षय वट का दर्शन पूजन करने के बाद श्री बड़े हनुमान मंदिर परिसर गए. यहां पर हनुमान मंदिर के प्रस्तावित कॉरिडोर के मॉडल का अवलोकन किया.

**किया आह्वान** इजराइल के हमले से संरा चिंतित, वहां से हटने का आह्वान, नेतन्याहू का इनकार

# तुर्किये ने सीरिया में बांध पर गिराए बम, भारी नुकसान

एजेंसी । दमिश्क



सीरिया पर विद्रोहियों के फतह के बावजूद हालात सुधर नहीं रहे. अब मुल्क इजराइल और तुर्किये के आक्रमण का सामना करने को बेवश है. अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद परिवार समेत रूस भाग चुके हैं. रूस ने उन्हें मानवीय आधार पर शरण दी है.

तुर्किये ने बांध पर बमबारी कर नया संकट उत्पन्न कर दिया है. इजराइल के हमलों से संयुक्त राष्ट्र चिंतित है. संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल से हटने का आह्वान किया है. मगर उसने इससे इनकार कर दिया है. द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इजराइल से सीरिया में हमले बंद करने और बफर जोन से हटने का आह्वान किया है . इजराइली सुरक्षा बलों के अपदस्थ असद शासन की अधिकांश सैन्य संपत्तियों को नष्ट करने के बाद गुटेरेस के प्रवक्ता ने 'देश भर में सभी मोर्चों पर हिंसा को कम करने की तत्काल आवश्यकता' पर जोर दिया है.

संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि महासचिव एंटोनियो गुटेरेस सीरिया के कई स्थानों पर इजरायली हवाई हमलों से चिंतित हैं. उन्होंने समूचे सीरिया में सभी मोर्चों पर हिंसा को कम करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हैं. इससे पहले इजराइली सेना ने कहा कि उसने सीरिया में 350 से अधिक हमले किए. इस दौरान अपदस्थ सीरियाई शासन से संबंधित अधिकांश सामरिक हथियारों के भंडार को नष्ट कर दिया. इजराइल ने पिछले सप्ताह राष्ट्रपति असद को उखाड़ फेंकने के बाद सीरिया के अंदर एक बफर जोन में प्रवेश करने की बात स्वीकार की.

**दक्षिण कोरिया**

### येओल के खिलाफ चलेगा महाभियोग

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया के विपक्षी नेता ली जे-म्युंग ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों से राष्ट्रपति यून सुक येओल पर मार्शल लॉ लागू करने की कोशिश पर महाभियोग चलाने के दूसरे प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि इतिहास इसके लिए उन्हें याद रखेगा. ली जे-म्युंग मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हैं. उन्होंने सदस्यों से कहा, आपका चाहे जो दल हो, चाहे जो विचारधारा हो, चाहे आप प्रगतिशील हों या रूढ़िवादी, संविधान का सम्मान और संप्रभु राष्ट्र की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है.

## राष्ट्रपति बाइडेन ने चार भारत वंशियों को दिया क्षमादान

एजेंसी । वाशिंगटन

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी विदाई से कुछ समय पहले गुरुवार को लगभग 1,500 आरोपितों की सजा कम की और 39 लोगों को माफी दी. उन्होंने इस दौरान चार भारतीय-अमेरिकियों को भी क्षमादान भी दिया. इतनी बड़ी संख्या में एक दिन में क्षमादान देने की हाल के दिनों की यह इकलौती घटना है. बाइडेन ने एक्स हैंडल पर लिखा, आज मैं अहिंसक अपराधों वाले 39 लोगों को माफ कर रहा हूं, जिन्होंने पश्चाताप और पुनर्वास का प्रदर्शन किया है. मैं लगभग 1,500 अन्य लोगों की सजा कम कर रहा हूं. बाइडेन ने अपनी टिप्पणी के साथ व्हाइट हाउस की रिलीज भी साझा की. उन्होंने कहा कि अमेरिका का निर्माण दूसरे अवसरों पर हुआ था. ये क्षमा और परिवर्तन इसी का प्रतिनिधित्व करते हैं. राष्ट्रपति बाइडेन की इस उदारता से चार भारतवंशियों डॉ. मीरा सचदेव, बाबूभाई पटेल, कृष्णा मोटे और विक्रम दत्ता और उनके परिवारों को राहत मिली है.


मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)